kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-354 | गुरुवार, 23 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारत तेजी से प्रगति करने वाला विकासशील देश है, लेकिन इसका विकास समावेशी, न्यायसंगत व पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ है । देश का उपभोग जरूरत आधारित होना चाहिए न कि लालच आधारित, उन्होंने कहा कि स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। **राजनाथ सिंह**

सुरक्षा बलों का नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर कब्जा 11

तैयारी धरी की धरी रह गई और सुन्दरनाधाम नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री 12

संक्षेप

25 जनवरी को मनाया जायेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

नयी दिल्ली। पन्द्रहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश में 25 जनवरी को मनाया जायेगा। चुनाव आयोग राष्ट्र के प्रति अपनी समर्पित सेवा के 75 वर्ष भी मना रहा है। इस वर्ष का उत्सव 2024 के लोकसभा चुनावों के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के तुरंत बाद मनाया जा रहा है, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत के कुल मतदाता 100 करोड़ के आंकड़े के करीब पहुंच रहे हैं। चुनावी डेटाबेस अब 99.1 करोड़ पर पहुंच गया है और यह संख्या बढ़ती जा रही है। मतदाता सूची में 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ युवा मतदाता हैं और चुनावी लिंग अनुपात में 2024 में 948 से 2025 में 954 तक छह अंकों की वृद्धि के साथ युवा और लैंगिक रूप से संतुलित रूप है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में नयी दिल्ली में 25 जनवरी राष्ट्रीय समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे, साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त भी इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे।

भारत का विकास समावेशी, न्यायसंगत व पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ : राजनाथ

नयी दिल्ली। भारत तेजी से प्रगति करने वाला विकासशील देश है, लेकिन इसका विकास समावेशी, न्यायसंगत व पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ है। श्री सिंह ने बुधवार को केरल के पथानामथिट्टा जिले में प्रसिद्ध लेखिका और पर्यावरणविद् सुगाथाकुमारी की 90वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का उपभोग जरूरत आधारित होना चाहिए न कि लालच आधारित, उन्होंने कहा कि स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'उपयोग करो और खत्म करो' की अर्थव्यवस्था से निजात पाने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने सुगाथाकुमारी को न केवल एक कवि बल्कि समाज की अंतरात्मा की रक्षक के रूप में वर्णित किया क्योंकि भावनात्मक सहानुभूति, मानवतावादी संवेदनशीलता और नैतिक सतर्कता से ओतप्रोत उनका काम सामाजिक और पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने का एक माध्यम बन गया। उन्होंने कहा कि केरल में, जो अपनी हरियाली और नदियों के लिए जाना जाता है, वह पारिस्थितिकी तंत्र की एक प्रखर रक्षक के रूप में उभरी और 'साइलेंट वैली बचाओ' आंदोलन में उनका उल्लेखनीय योगदान पर्यावरण सक्रियता के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था। श्री सिंह ने बताया कि भारत के संविधान निर्माता महान पूर्वजों के विचारों और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान से अवगत थे, यही वजह है कि पर्यावरण की रक्षा, सुधार और सुरक्षा के लिए एक निर्देश स्थापित किया गया था।

योगी ने महाकुम्भ से प्रदेश को दी 'महासौगात'

उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी, 1 लाख युवाओं को मिल सकेगा रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम 'महाकुम्भ 2025' में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को 'महा सौगात' दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में 'महारथी' बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित और प्रकरण एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित हैं और अब दूरवर्ती दक्षिणी-पूर्वी विंध्य क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस दृष्टि से प्रयागराज मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली एवं सोनभद्र को जोड़ते हुए 320 किलोमीटर लंबाई वाले नए नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना चाहिए। इस नए एक्सप्रेस में का प्रारंभ बिंदु प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे होगा, जबकि सोनभद्र में एनएच 39 पर इसका समापन होगा। इस तरह गंगा एक्सप्रेसवे और विंध्य एक्सप्रेसवे की सीधी कनेक्टिविटी होगी, साथ ही, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में झारखंड से भी अच्छा संपर्क स्थापित हो सकेगा।

इसी प्रकार, विंध्य एक्सप्रेसवे पर चंदौली से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंतिम बिंदु गाजीपुर तक विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना उचित होगा। इसकी लंबाई लगभग 100 किमी होगी। प्रयागराज को बड़ा उपहार देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी तक नए ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उक्त के साथ ही बैठक में साथ ही शास्त्री ब्रिज और यमुना सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीनों ब्रिज स्मार्ट प्रयागराज की परिकल्पना को आकार देने वाले होंगे। महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च ● शेष पेज 11 पर

उपलब्धि

- महाकुम्भ नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक, 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- काशी तक आएगी गंगा एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भी होगी कनेक्ट
- योगी सरकार का बड़ा फैसला, प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र तक बनेगा विंध्य एक्सप्रेसवे, 320 किमी होगी लंबाई
- चंदौली से गाजीपुर तक बनेगा 100 किमी लम्बा विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे
- प्रयागराज में सलोरी से हेतापट्टी तक बनेगा नया ब्रिज, शास्त्री ब्रिज और यमुना सिग्नेचर ब्रिज के समानांतर नया ब्रिज को भी सैद्धांतिक मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल सहित त्रिवेणी संगम में किया स्नान और पूजन

महाकुम्भ नगरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम में पावन डुबकी लगाकर समूचे विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुम्भ 2025 के इस दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं. यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है।

त्रिवेणी संगम वह पवित्र स्थल है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शुद्धि का केंद्र माना जाता है। शास्त्रों में संगम स्नान को सभी पापों से मुक्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने सबसे पहले अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, ● शेष पेज 11 पर

लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह

पैसेंजर्स कूदे, दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कुचला, 11 लोगों की मौत

एजेंसी

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। घबराए यात्री ट्रेन से कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। जलगांव एसपी ने 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है।

सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि स्पीड से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। हादसे में किसी यात्री की फिलहाल मौत की जानकारी नहीं है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी नंबर 12629 कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रेक लगाने पर पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला था। इसी वजह से ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली थी। इसी से घबराकर लोग कोच के बाहर कूदे थे। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म x पर लिखा- मंत्री गिरीश महाजन और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जिला कलेक्टर थोड़ी देर में वहां पहुंचेंगे। जिला ● शेष पेज 11 पर

जूट का न्यनतम समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल : मंत्रिमंडल

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रूपये बढाकर 5650 रूपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी से उत्पादन पर 66.8 प्रतिशत का मुनाफा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 में जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रूपये प्रति क्विंटल था जो अब 5650 रूपये पहुंच चुका है जो क 2.35 गुना की बढोतरी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पश्चिम बंगाल, असम और बिहार जैसे राज्यों को विशेष रूप से फायदा होगा। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपये है जबकि वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपये थी। देश में 40 लाख किसान परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर करती है। लगभग 4 लाख श्रमिकों को जूट मिलों और जूट के व्यापार में प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। पिछले वर्ष 1 लाख 70 हजार किसानों से जूट खरीदा गया था। देश में 82 प्रतिशत जूट किसान पश्चिम बंगाल के हैं, जबकि शेष असम और बिहार में हैं और जूट उत्पादन में इनकी 9-9 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन संचालन ● शेष पेज 11 पर

प्रशिक्षु डाक्टर बलात्कार-हत्या मामला: सुप्रीम कोर्ट 29 जनवरी को करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बार्बर दुष्कर्म और उसकी हत्या से संबंधित मामले की स्वतः संज्ञान सुनवाई 29 जनवरी को करेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ समय कम होने का हवाला देते हुए बुधवार को सुनवाई 29 जनवरी के लिए टाल दी। पीड़िता स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर का शव नौ अगस्त 2024 को अस्पताल के सेमिनार कक्ष में मिला था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कार्यवाही के दौरान उपलब्ध सीमित समय का हवाला दिया और कहा, मुझे सुबह सूची मिली। मुझे लगता है कि आपने तीन आवेदन (वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी को) दायर किए हैं - एक अतिरिक्त दस्तावेजों के लिए, एक निर्देशों के लिए और अन्य चीजों के लिए। एक प्रति दूसरे पक्ष को दें। हम अगले बुधवार को अपराह्न दो बजे इस पर विचार करेंगे। मुख्य न्यायाधीश ● शेष पेज 11 पर

न्यायपालिका को अस्त्र बना दिया गया है : धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसदीय व्यवस्था में व्हिप की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि विधायी सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान को सुनियोजित तरीके से संचालित किया जा रहा है।

श्री धनखड़ ने यहां भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान के एक समूह के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह प्रवृत्ति शासन व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, ल्हमारे देश में एक मौलिक अधिकार है, और वह है कि हम न्यायपालिका तक पहुंच सकते हैं, लेकिन पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका तक की पहुंच को अस्त्र बना दिया गया है। यह शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन ऐसे परिपत्र जारी हो रहे हैं, जिनको जारी करने अधिकार या कानूनी शक्ति नहीं संबंधित संस्थानों के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान यह निर्धारित करता है कि संस्थाएं अपनी-अपनी सीमाओं में काम करें। उन्होंने कहा, संस्थाएं अन्य संस्थाओं के सामने घुटने टेक रही हैं, और यह तात्कालिक सुविधा के कारण हो रहा है। येतात्कालिक लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह असहनीय क्षति का कारण ● शेष पेज 11 पर

देश की असली शक्ति हमारा मध्यम वर्ग : केजरीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कहा कि देश का असली सुपर पावर हमारा मिडिल क्लास है।

श्री केजरीवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आज कोई भी पार्टी माध्यम वर्ग के हित की बात करने के लिए तैयार नहीं है। आजाद भारत के 75 वर्ष में एक सरकार के बाद दूसरी सरकार आई और इन सब लोगों ने माध्यम वर्ग को दबाकर, डराकर और निचोड़कर रखा हुआ है। देश चलाने के लिए लाखों-करोड़ों की संख्या में मिडिल क्लास टैक्स भर-भरकर देता है लेकिन बदले में मिडिल क्लास को कुछ नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत का मिडिल क्लास सरकार का सिर्फ और सिर्फ एक एटीएम बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि भारत का मिडिल क्लास टैक्स आतंकवाद का पीड़ित है। आखिर यह मिडिल क्लास कौन हैं? टीचर, डॉक्टर, आईटी प्रोफ़ेशनल, इंजीनियर, अकाउंटेंट, बैंकर, दुकानदार और वकील जैसे हजारों सामान्य लोग जो मिलकर हमारा देश चलाते हैं, ये मिडिल क्लास हैं। मिडिल क्लास के कोई बहुत बड़े सपने नहीं हैं। सच यह है कि आज ज्यादातर सरकारें मिडिल क्लास के लिए ना अच्छे स्कूल, ना ही अच्छे अस्पताल बना रही हैं। सच्चाई यह है कि इस वर्ग को सबसे ज्यादा हमारे देश में परेशान किया जाता है। आप नेता ने कहा कि अगर एक मिडिल क्लास परिवार साल में 10-12 लाख रुपए कमाता है तो 50 फीसदी से ज्यादा आमदनी सिर्फ सरकार को टैक्स देने में चली जाती है। अब तो दूध, दही, पॉपकोर्न पर भी टैक्स लगता है। यहां तक कि पूजा के सामान पर भी टैक्स भरना पड़ता है। घर लेना हो तो टैक्स, घर बेचना हो तो टैक्स, गाड़ी खरीदो तो टैक्स, गाड़ी बेचो तो टैक्स। बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी हो तो पहले प्राइवेट स्कूल की महंगी फीस की मार और उसके उपर अच्छे कॉलेज भेजने के लिए एजुकेशन लोन लो और उसकी ईएमआई पर डबल मार पड़ती है। जीते जी टैक्स तो देना पड़ता है लेकिन अब तो सरकार ने ऐसी हालत कर दी है कि मरने के बाद भी टैक्स देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार से भी अपील करते हैं कि हमारे देश के असली सुपर पावर मिडिल ● शेष पेज 11 पर

दिल्ली फिर केजरीवाल को चुनेगी : भगवंत मान

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार फिर बिजली, पानी और शिक्षा की बात करने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनेगी।

श्री भगवंत मान बुधवार को दिल्ली के नरेला, तिमारपुर और बुराड़ी विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार फिर बिजली, पानी और शिक्षा की बात करने वाले श्री अरविंद केजरीवाल को चुनेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चारों तरफ लोग कह रहे हैं कि पांच फरवरी को झाडू के सफाई करेंगे और फिर केजरीवाल को लाएंगे। आम आदमी पार्टी का किसी से मुकाबला नहीं है। भाजपा के पास कोई एजेंडा नहीं है और कांग्रेस लगातार दो बार से जीरो पर है। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली ने ठान लिया है कि इस बार फिर श्री अरविंद केजरीवाल को लाना है। आम आदमी पार्टी आम लोगों को आगे ले जाने वाली पार्टी है। आप लड़ाई की नहीं पढ़ाई की बात करती हैं। हम अस्पतालों, बिजली, पानी, इंफ्रास्ट्रक्चर और माताओं बहनों के सुख और सहूलियत की बात करते हैं। आप नेता ने कहा कि इस बार दिल्ली में चमत्कार होने वाला है। श्री अरविंद केजरीवाल चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। हमारे वोट मार्जिन भी बढ़ेंगे। कही से कोई टक्कर में नहीं लग रहा है।

कुंभ मेले में डिजिटल हुए दुकानदार, 15 दिन में खुले 3 हजार से ज्यादा नये एकाउंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में संगम किनारे दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हो चुका है। इस बार महाकुंभ में 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। संगम किनारे पूरे मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में पूजन सामाग्री, बर्तन, वस्त्र, किराने, फल-फूल और सब्जियां, प्रसाधन सामाग्री के अलावा खानपान की दुकानें खुली हैं। 25 सेक्टर में बंटे मेला क्षेत्र में हजारों की संख्या में दुकानें लगी हैं। इन दुकानों पर नकद और आनलाइन माध्यम से पेमेंट लिया जा रहा है। हर दुकान पर आनलाइन पेमेंट के क्यूआर कोड आसानी से दिख जाते हैं। गौरतलब है, बड़ी छोटी दुकानों पर 70 से 80 फीसदी पेमेंट आनलाइन माध्यम से आ रहा है। 15 दिन में खुले 3 हजार से ज्यादा नये एकाउंटडिजिटल पेमेंट्स और वित्तीय सेवाएं देने वाली प्रसिद्ध कंपनी पेटीएम के सेल्स प्रतिनिधि आशुतोष मिश्रा ने बताया, 'पिछले 15 दिनों में हमारी टीम ने मेला क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा नये बिजनेस एकाउंट खोले हैं।' उन्होंने बताया कि, 'मेले में 7 से 8 हजार दुकानें लगने का अनुमान है। काफी दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने मेले में खाने-पीने और रोजमर्रा के सामान की दुकानें खोली हैं। इनके पास बिजनेस एकाउंट नहीं है, इसलिये बडी संख्या में नये एकाउंट खुल रहे हैं।' आशुतोष ने बताया, 'कंपनी नये एकाउंट खोलने पर कई छूट भी दुकानदारों को दे रही है। नये मासिक और वार्षिक प्लान भी कंपनी ने लांच किये हैं।' उन्होंने बताया कि, 'कई दुकानदार बाहर के शहरों और राज्यों से आये हैं, ऐसे उनके एकाउंट को अपडेट भी किया जा रहा है। वहीं हम साउंड बॉक्स (पैसा रिसिव होने पर बोलने वाली मशीन) भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध करवा रहे हैं।' कई दुकानदारों के पास एक से ज्यादा एकाउंटडिजिटल पेमेंट्स सेवाएं देने वाली कंपनी फोन पे के प्रतिनिधि राहुल ने बताया, 'मेले की शुरूआत से लेकर अब तक हमारी टीम ने 1200 से ज्यादा नये एकाउंट खोले हैं।' उन्होंने बताया कि, 'कई दुकानदारों ने सुविधा के लिए एक से ज्यादा एकाउंट बना रखे हैं।' राहुल बताते हैं, 'कुंभ के मद्देनजर कंपनी ने कई नये प्लान लांच किये हैं, जिससे ज्यादा ग्राहक कंपनी के साथ जुड़ सकें।

दुकानदारों को पेमेंट साउंड बॉक्स फ्री में दिया जा रहा है।' वो बताते हैं, 'अभी मेले में एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है, आने वाले दिनों में नये खातों की संख्या बढ़ेगी।' ज्यादातर पेमेंट आनलाइन आ रहीमेला क्षेत्र में सेक्टर 2 केंद्रीय चिकित्सालय के सामने चाय पकौड़ी की दुकान लगाने वाले अंकुर ने कहा, 'ज्यादातर ग्राहक आनलाइन पेमेंट करते हैं। मैंने अपना पेटीएम एकाउंट अपडेट करवाया है। वो कहते हैं, 'ग्राहकों के पास ज्यादा कैश नहीं होता, इसलिये ज्यादातर पेमेंट आनलाइन ही आ रही है।' सेक्टर 19 शंकराचार्य मार्ग पर चाय नाशते की दुकान चलाने वाले मोहित बताते हैं, 'मैंने कुंभ में ही दुकान खोली है। मेरे पास बिजनेस एकाउंट नहीं था। जिससे पेमेंट लेने में दिक्कत आ रही थी। कैश की समस्या आम बात है। वहीं भीड़ के समय पैसा लेने-देने में भी दिक्कत होती है। इसलिये मैंने आनलाइन पेमेंट का एकाउंट खुलवाया है।' आनलाइन पेमेंट सुरक्षित और सुविधाजनककुंभ मेले में आये लखनऊ के नितिन बंसल ने बताया, 'मेले में कोई ज्यादा पैसे लेकर नहीं चलता। भीड़भाड़ में जेब कटने और चोरी होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में आनलाइन पेमेंट सुरक्षित और सुविधाजनक रहता है। बिना किसी झंझट में भुगतान हो जाता है।'

बिजली कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निजीकरण का किया विरोध

- शक्ति भवन पर आज होगा विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज भी बिजली कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया । 23 जनवरी को निजीकरण हेतु कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में पूरे प्रदेश के बिजली कर्मी भोजन अवकाश के दौरान कार्यालय से बाहर आकर प्रदर्शन करेंगे । लखनऊ में शक्ति भवन पर विद्रोह प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के 5 दिसंबर 2024 के निर्णय के बावजूद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन और सरकार ने अभी तक विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ निजीकरण जैसे बिजली कर्मियों को प्रभावित करने वाले अत्यधिक गंभीर मामले पर एक बार भी बातचीत नहीं की है। माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय का भी प्रबंधन सम्मान नहीं कर रहा है। इससे बिजली कर्मचारियों का गुस्सा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक ढंग से निजीकरण का विरोध कर रहे हैं और यह विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार निजीकरण का फैसला वापस नहीं लेगी । संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण हेतु कंसल्टेंट नियुक्त करने के पहले सरकार को अन्य प्रांतों में और उत्तर प्रदेश में आगरा एवं ग्रेटर नोएडा में हुए निजीकरण के प्रयोगों की विफलता पर संघर्ष समिति से वार्ता करना चाहिए और 05 अप्रैल 2018 एवं 06 अक्टूबर 2020 के समझौतों के अनुरूप विद्युत वितरण निगमों के वर्तमान ढांचे में ही बिजली व्यवस्था में कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार करना चाहिए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पर पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बिजली कर्मी लगातार सुधार कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री पिछले तीन वर्ष में अनेक बार ट्वीट करके सुधार हेतु बिजली कर्मचारियों की प्रशंसा करते रहे हैं । अब इससे ठीक उलट निजीकरण की बातें करना का क्या औचित्य है ? संघर्ष समिति ने कहा कि यदि सरकार का उद्देश्य सचमुच सुधार करना है तो बिजली कर्मचारी सुधार के लिए हमेशा तैयार हैं और सुधार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह संकल्प बद्ध हैं ।बिजली कर्मी किसी भी कीमत पर निजीकरण को स्वीकार नहीं करेंगे।

रालोद नेता ने की ग्रामीण क्षेत्रों में आवास ऋण उपलब्ध कराने की मांग

- मुख्यमंत्री को पत्र लिख, ईट भट्टा उद्योग को बचाने और मजदूरों की समस्या की ओर दिलाया ध्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। रालोद नेता आर पी सिंह चौहान ने ईट भट्टा उद्योग बंद होने से उतपन्न बेरोजगारी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की कि ग्रामीण स्तर पर भी आवास ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाय। जिससे मजदूरों की बदहाल स्थिति सुधर सके। पत्र में उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों व जिला पंचायतों में खडंजा कार्य की जगह इण्टरलांकिग को प्राथमिकता दिये जाने के कारण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना के न्यूनतम लाभार्थी चयनित किये जाने के कारण जिले में ईट भटटा उद्योग संकट में है। लगभग 100 ईंट भट्टे बंद हैं जो ईट भट्टे चल रहे हैं, उनमें अधिकांश न्यूनतम उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांग और आपूर्ति के इस असंतुलन के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर और राजगीर रोजगार से वंचित हो रहे हैं।

श्री चौहान ने पत्र के माध्यम से कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी घरौनी के माध्यम से लोगों का भूस्वामित्व सत्यापित कर दिया है। अब यदि अग्रणी बैंको से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवास निर्माण हेतु ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा हो जाय, जिससे सरकार को गांव में एक तो आवास कम देना पडेगा। दूसरे, रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर सृजित होंगे। तीसरे, संकट के दौर से गुजर रहे ईट भटटा उद्योग को बचाया जा सकेगा और यहां भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

25 लाख स्मार्ट फोन वितरण के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी मंजूरी

- यूपी डेस्को लखनऊ को नोडल एजेंसी किया गया नामित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क दिया जा रहा है। जिसके तहत युवाओं को स्मार्ट फोन वितरित करने के लिए 25 लाख स्मार्ट फोन क्रय करने का प्रस्ताव बुधवार को संगमनगरी में आयोजित मंत्रीमंडल की बैठक में रखा गया। जिसे मंत्रीमंडल के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। अब जल्द ही स्मार्ट फोन खरीदने की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा यूपी डेस्को लखनऊ को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि प्रदेश में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा कौशल, विकास आदि विभिन्न शिक्षण- प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत लाभार्थी युवाओं को स्मार्ट फोन निःशुल्क प्रदान करने से न केवल वह अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे। बल्कि विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय तथा स्वावलम्बन योजनाओं में भी वे इसका सदुपयोग कर सेवारत या व्यवसाय रत हो सकेंगे।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में लागू पायलट योजना के तहत 22.80 लाख टैबलेट एवं 37.25 लाख स्मार्टफोन यानी कुल 60.05 लाख डिवाइस की आपूर्ति की गई थी। जिसके सापेक्ष 30 नवम्बर 2024 तक 13.35 लाख टैबलेट एवं 35.05 लाख स्मार्ट फोन अर्थत कुल 48.60 लाख डिवाइस का वितरण किया जा चुका है। वहीं शेष वितरण के लिए प्रक्रियाधीन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के लिए 4000 करोड़ रूपए के बजट का प्राविधान है। जिसके तहत 21 नवम्बर 2024 तक 941 करोड़ रूपए का व्यय स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं 3058.59 करोड़ की धनराशि इस योजना के तहत उपलब्ध है। जिसे ध्यान में रखते हुए 25 लाख स्मार्ट फोन खरीदने की योजना बनाई गई और उसे कैबिनेट में प्रस्तावित किया गया। निर्धारित नियमों के अनुसार एक स्मार्टफोन की कीमत 9972 रूपए निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार 25 लाख स्मार्टफोन के लिए 2493 करोड़ रूपए की धनराशि खर्च होगी। बुधवार को प्रयागराज में आयोजित मंत्री मंडल की बैठक में सर्व सम्मति से 25 लाख स्मार्ट फोन खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

श्री हरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में किया सुंदरकांड का पाठ व निकाली श्रीराम बारात यात्रा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या में स्थापित श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दिनांक 22 जनवरी दिन बुधवार 2025 को, बालागंज के हरीनगर स्थित श्री हरेश्वरनाथ महादेव मंदिर, में भव्य सुंदरकांड पाठ व श्रीराम बारात (शोभायात्रा) का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदरकांड पाठ के बाद मंदिर प्रागंण से बालागंज प्रातः 11 बजे श्रीराम बारात का शुभारंभ पार्षद सीबी सिंह, भारत सिंह राजपूत पूर्व पार्षद, पूर्व पार्षद अजीत सिंह के द्वारा नारियल तोड़ कर किया गया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में भक्त नाचते-गाते हुए बालागंज चौराहे से वापसी मंदिर पर की जिसके बाद प्रसाद वितरण कर कलाकारों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन सुमित निगम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर संरक्षक अवधेश कुमार कश्यप व सुधा कश्यप ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद अजीत सिंह,पार्षद सीबी सिंह ,पूर्व भारत सिंह राजपूत ,डाक्टर आनंद त्रिपाठी, प्रो डाक्टर राकेश कुमार चक, चंद्रशेखर निषाद, राष्ट्रिय अध्यक्ष, एकलव्य सामाज पार्टी उपस्थित रहे। राम बारात में आशीर्वाद विश्वकर्मा (अंशु),कलाकार (श्रीराम भगवान), अंकुश पांडेय (लक्ष्मण), कृष्णा यादव (हनुमान जी), 4- केयूर निगम (श्री कृष्ण), 5- अर्पिता विश्वकर्मा (राधा) झांकी कालाकारों ने सबका मनमोह लिया।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन, बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। सुकृत अस्पताल, कोरांव तहसील के ग्राम पूरा लछनपुर पचेड़ा में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में क्षेत्र की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ. सोनी कुशवाहा ने लगभग 190 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। ठंड की मार से बचाने के लिए शिविर में जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल भी वितरित किए गए। सुकृत अस्पताल के संचालक, डॉ. आरके कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के मेडिकल कैंप लगाकर लगभग 1000 कंबल वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा, ''जरूरतमंद गरीब लोगों को कंबल वितरण करना बेहद पूण्य का काम है।'' डॉ. सोनी कुशवाहा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें आत्मिक सुख मिलता है। उन्होंने कहा, ''ठंड के मौसम में लोगों का घर से बाहर निकलना, विशेषकर बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए बेहद मुश्किल होता है। ऐसे समय में हम लोग गांव-गांव जाकर मेडिकल कैंप लगाकर उनके घरों तक सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं जो कि पूर्ण रूप से निःशुल्क है।'' इससे पहले कई गांवों में कम्बल वितरण का कार्य हो चुका है। सुकृत अस्पताल का यह प्रयास सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक माहौल का निर्माण होता है।

पीड़ित महिला ने सीएम से लगाई मद्द की गुहार

- 6 महीने पहले पति की मौत, विधवा पेंशन व आवास योजना का आज तक नहीं मिला लाभ
- पन्नी छाकर कर रही सुगन गुजारा
- कमर घुटना इलाज कराने के लिए मांगती है रोज भीख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नैनी सब्जी मंडी खिन्नी के घर के पास एक बृद्ध विधवा महिला सुगन पत्नी स्वर्गीय छोटे लाल जो पन्नी छाकर जीवन का गुजर बसर करती है जबकि सुगन ने दो लडके एक लड़की को जन्म दिया है लेकीन अब दोनों लडके साथ नहीं देते लड़की की भी शादी कर चुकी है पति की मौत छः महीने पहले हो गया अब बृद्ध महिला भीख मागकर अपना सुबह शाम दो वक़्त की रोटी,कमर,घुटना दर्द इलाज के लिए भीग माँगती है बृद्ध विधवा महिला को आज तक न तो आवास मिला न विधवा पेंशन केवल राशन कार्ड बना है चलने फिरने मे भी काफी स्मर्थ है सगुन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी सें आवास व विधवा पेंशन समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओ का लाभ की माँग की है।

कोरांव में सम्पन्न हुआ भंडारा, हजारों लोगों ने ग्रहण किया गया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। कोरांव के रह चूके पूर्व डिप्टी चेयरमैन ओंकार नाथ सर्राफ के लडके पूर्व सभासद ओम प्रकाश उर्फ़ बब्लू सर्राफ द्वारा बहादुर शाह नगर मोहल्ला अपने आकाश ज्वेलर्स सर्राफ प्रतिष्ठान के सामने सुबह 10 बजे सें लेकर शाम तक भंडारा मे आलू दम व हलुवा का वितरण किया गया बब्लू सर्राफ ने बताया की अयोध्या मे रामलला का स्थापना एक वर्ष पूर्ण हो जाने की ख़ुशी मे मेरे द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया है इस भंडारे मे स्थानीय लोगो के साथ साथ दूर दराज सें कोरांव बाजार करने आये हुये लोगो ने भी प्रसाद ग्रहण किया भंडारा मे प्रसाद वितरण करने मे मुख्यरूप सें रम्मे केशरी, आकाश केशरी, विशाल केशरी, अजय प्रकाश केशरी उर्फ़ डब्बू सर्राफ समेत अन्य लोगो ने सहयोग किया।

विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय से संवर रहा श्रमिकों के बच्चों का भविष्य : संदीप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर । उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बुधवार को महाकुम्भ-2025 के मेला क्षेत्र में संचालित 'विद्याकुम्भ' प्राथमिक विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और शिक्षकों से संवाद कर व्यवस्थाओं का आकलन किया और शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा की। इससे पहले, मंत्री संदीप सिंह ने तीर्थराज प्रयाग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की ऐतिहासिक बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री और सभी मंत्रीगण ने त्रिवेणी संगम पर स्नान किया और गंगा पूजन व आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद लिया। विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा, 'विद्याकुम्भ प्राथमिक विद्यालय श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया अध्याय लिख रहे हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश सरकार गरीब और वंचित बच्चों की शिक्षा के प्रति संकल्पबद्ध है।' निरीक्षण के दौरान मंत्री ने शिक्षकों से विद्यालय की व्यवस्थाओं और उनकी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ जैसे धार्मिक आयोजन में शिक्षा की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बनेगी। महाकुम्भ-2025 के दौरान श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'विद्याकुम्भ' प्राथमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत मेला क्षेत्र में पाँच स्थायी और आठ अस्थायी विद्यालय संचालित हैं। विभागीय तैयारियों के अनुसार, इन्हें मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में विस्तारित करने की योजना है। वर्तमान में स्थायी रूप से संचालित विद्यालयों में 5,00 से अधिक बच्चों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, और इस संख्या को 1,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इन विद्यालयों में डिजिटल क्लासरूम, खेल-खेल में पढ़ाई और शैक्षणिक किट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों को 'उमंग किट' और बालिकाओं को 'ज्ञान का पिटारा' वितरित किया गया है, जिसमें किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल हैं।

मौनी अमावस्या के लिए किए जा रहे मकर संक्रांति से भी वृहद इंतजाम

महाकुम्भनगर। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के लिए मकर संक्रांति से भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। यह बात बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में पुण्य स्नान के बाद कहीं। डीजीपी ने संगम पर सभी तैयारियां परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीजीपी ने सुगम यातायात और साफ सफाई के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट ने आज पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। इससे पहले डीजीपी प्रशांत कुमार ने संगम में डुबकी लगाई और सुरक्षा व प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया।

पुरानी रंजिश में दम्पति को पीटा, सात पर केस

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में पुरानी रंजिश में एक दम्पति की विपक्षी ने घर में घुसकर बीते मंगलवार की शाम जमकर पिटाई कर दी। दोनों को विपक्षी ने जान से मारने की धमकी दी, पीड़ित के बेटे आयुष पटेल की तहरीर पर पुलिस ने दो महिला समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगराम थाना क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया निवासी आयुष पटेल ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे वह अपने पिता प्रमोद कुमार और मां सुधा पटेल के साथ घर पर था , पुरानी रंजीत को लेकर गांव के बृजेश व नितिन, योगेंद्र, अभिनव, मीरा, रामहर्ष व सौम्या ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी, जिसमें उसके माता-पिता घायल हो गए। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले में मिली तहरीर के मुताबिक दो महिला समेत 7 पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, जांच की जा रही है।

घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर-लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कानपुर रोड सेक्टर एफ विस्तार योजना कालोनी सी2/260 निवासी अरुण कुमार शर्मा ने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कि बीती 18 जनवरी को शाम करीब 7 से 8 के बीच उनके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स गाड़ी संख्या यूपी 32 एलएफ 8252 चोरी हो गई, जिसका उन्होंने कई जगह खोजबीन की किंतु कहीं पता नहीं चला, इसके बाद उनके द्वारा दी गई शिकायत पर सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्यवाही शुरू की है।

बिछड़ों को अपने परिजनों से मिला रहा पूर्वोत्तर रेलवे का खोया-पाया केंद्र

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों पर बना खोया-पाया केंद्र स्टेशनों पर भीड़ में अपनों से बिछड़े लोगों को उनके परिवारों से मिला रहा है। खोया-पाया केंद्र एक बार फिर अपनी दक्षता और मानवता के प्रति समर्पण से परिवारों को मिलाने में जुटा हुआ है। यहां कार्यरत टिकट जांच कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी महाकुंभ मेला ड्यूटी में यात्रियों को हर सम्भव मदद भी कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को निर्मला देवी जो चौरी-चौरा एक्सप्रेस से कानपुर तक की यात्रा के लिए निकली थी। वह पानी लेने के लिए प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर उतर गई। इसी बीच गाड़ी चल दी और वे अपने परिजनों से बिछड़ गई, उनके परिवार के अन्य लोग चौरीचौरा से ट्रेन में आगे चले गए । सूचना मिलने पर मेला कंट्रोल रूम प्रयागराज रामबाग में कार्यरत कर्मचारी संजीव रंजन ने वाणिज्य नियंत्रण कक्ष प्रयागराज को तत्काल सूचित किया । त्वरित कार्यवाही के बाद महिला के भाई चंद्रभूषण शर्मा से सम्पर्क साधकर मेला कंट्रोल ने निर्मला देवी को परिजनों तक पहुंचाया। पूर्वोत्तर रेलवे के अफसरों के अनुसार प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु रेल प्रशासन के इस पहल की सराहना कर रहे है। इस केंद्र ने न केवल परिवारों को राहत दी है, बल्कि उनकी आस्था और सुरक्षा के प्रति रेल प्रशासन की जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया है।

झगड़े में गोली से मौत का मामला : हाईकोर्ट ने हत्या के बजाय गैर इरादतन हत्या माना

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शराब के नशे में झगड़े के दौरान गोली मारने से हुई मौत मामले में आरोपित के उम्र कैद की सजा को जेल में काटी 11 साल की कैद में तब्दील कर दिया है। कोर्ट ने कहा आरोपी का हत्या करने का आशय साबित नहीं किया जा सका। कोर्ट ने झगड़े में चली एक ही गोली लगने से हुई मौत को हत्या नहीं माना और कहा यह गैर इरादतन मानव वध का अपराध है। कोर्ट ने आरोपित को गैर इरादतन मानव वध के अपराध का दोषी करार देते हुए काटी कैद को पर्याप्त सजा माना है। यह फैसला न्यायमूर्ति एस डी सिंह तथा न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी की खंडपीठ ने बदायूं के उसैत थाना क्षेत्र के बब्लू की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि, 31 अगस्त 13 को शाम छह बजे मृतक अरब सिंह चौपाल में बैठे थे। पास ही में आरोपी अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था। गाली गलौज पर आपत्ति करने पर झगड़ा शुरू हो गया। इसी दौरान आरोपी ने तमंचे से गोली मारी जो मृतक के गले में लगी। अस्पताल में मौत हो गई। भाई दिगंबर सिंह ने हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई। सत्र अदालत ने उम्रकैद व 25 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई। जिसे अपील में चुनौती दी गई थी।

प्रभु श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगाँठ पर कैलेंडर का विमोचन करतीं अपर्णा यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। महिला आयोग कार्यालय गोमती नगर, लखनऊ में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सनातन गोरखा कल्याण समिति, उत्तर प्रदेश का वार्षिक कैलेंडर लॉन्च किया। जिसमें श्री अयोध्या धाम में विराजमान प्रभु श्री राम लला जी चित्र में विराजमान हैं विमोचन कार्यक्रम पर अपर्णा यादव ने समस्त प्रदेशवासियों को प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ की हार्दिक बधाई दी तथा सभी से महाकुम्भ में अमृत स्नान करने की अपील की। वार्षिक कैलेंडर में साल भर के महापर्व तथा तारीखे, छुट्टियां दिखाई गई हैं। अपर्णा यादव ने सनातन गोरखा कल्याण समिति के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना की। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह, प्रदेश महामंत्री शानू मल, प्रदेश सचिव अमित कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला महासचिव सुमन जयसवाल, अतुल तिवारी, गौरव जैन, ओंकार नाथ चौरसिया, संजीत धानुक, चांदनी कपूर, रेखा कंधारी, आनंद सिंह, ब्रिजेश कुमार बिरजू, सर्वेश कनौजिया, वन्दना मणि त्रिपाठी, प्रीति वार्षणेय, मोनिका मिश्रा, बी एम पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत राधा रमण के चौथे दिन किया भजन का रसपान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्रीमद्भागवत राधा रमण के चौथे दिन श्रीमान पुंडरी गोस्वामी जी महाराज के श्री मुख से अमृतवाणी से हरि कथा, भजन का रसपान किया। व्यास जी ने राधा रमण जी की कृपा से लक्ष्मण जी की नगरी लखनऊ में जन्मोत्सव से सभी भक्त अति उत्साहित आनंदित होते हैं तभी राधारमण उसके मन में होते हैं । हरि कथा से बड़ा कोई दूसरा साधन नहीं है कुछ भी नहीं हो जीवन में परंतु हरि कथा सुनाने का अभ्यास बनाना चाहिए और लोगों को भव लोक ठीक करना है तो चार काम करना चाहिए पहला प्रभु का नाम श्री ह्लकृष्ण शरणम मम। कोई कहे राधेश्यामकोई कहे सीताराम।। कोई कहे गिरिधर गोपाल कोई कहे राधा रमण।। कोई हरि तीन बंधु कोई कहे हरि करुणा सिंधू। के भजन पर पूरा पंडाल छूम-छूम के हरि भक्त गाये। हर मनुष्य जन्म के समय पूर्व जन्म से पुण्य एवं पाप दोनो लाता है और इस जन्म में किये गये कार्य के द्वारा अर्जित पुण्य पाप के हिसाब से भोग करना होता है।सप्ताह में एक बार गो सेवा, माह में एक बार कथा,वर्ष में एक बार श्री व्रंदावन धाम अवस्य जाना चाहिये। श्री मद भागवत कथा से हरि चरण की भक्ति स्थापित करना होता है।ईश्वर के दर्शन प्रतेक जीव जन्तु में देखा जा सकता है परन्तु गाय को प्राथमिकता दी गयी है। गाय के प्रति यदि सेवा की जाय तोवह कभी भूलती नहीं है और सारे दुःख अपने ऊपर ले लेती है। चल मन व्रंदावन धाम। जहाँ विराजत श्यामा श्याम।। श्री व्रंदावन धामचल मन व्रंदावन धाम। जहाँ विराजत जमुना रानी और गिरिवर की छाँव चल मन श्री व्रंदावन धाम व्रजवासी व्रज जनक पुकारे जय जय राधे श्याम चल श्री व्रंदावन धाम।। धर्म और कर्म मोक्ष की प्राप्ति करता है आज के दिन अयोध्या मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी आज यहाँ भगवान जन्म हुआ। राधारमण जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया और मक्खन मिश्री का भोग लगाया गया।हज़ारों भक्तों ने राधारमण के जय कारों से पंडाल गूंजता रहा। आयोजक राजेंद्र अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र नवीन गुप्ता समीर मित्तल लोकेश अग्रवाल आनंद रस्तोगी शिवम् बंसल राहुल गुप्ता मनोज राय कुश मिश्रा चारु मिश्रा अरविन्द तिवारी सुनील मिश्रा आदित्य अग्रवाल हनी शुक्ला प्रमोद अवस्थी मनोज गुप्ता सतीश मिश्रा अजय पाण्डेय के सिविल डिफ़ेंस के स्वयं सेवक एवं हज़ारों राधारमण भक्त उपस्थित रहे।

बिजली विभाग की छापेमारी में 18 लोग बिजली चोरी करते धरे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को एक बार फिर राजधानी लखनऊ में लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व चौक सर्किल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पाण्डेय के आदेश पर चौक सर्किल के रेज़ीडेन्सी डिवीज़न, ठाकुरगंज डिवीज़न व चौक डिवीज़न में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ठाकुरगंज डिवीज़न के अंतर्गत राधाग्राम के उपखण्ड अधिकारी रामू गुप्ता ने अवर अभियंता अभय कुमार व दुर्गेश चंद्र व अन्य विभागीय टीम के साथ मुसाहेब गंज व मुफ़्तीगंज में तथा बालागंज उपखंड अधिकारी अवधेश प्रसाद चौधरी ने अवर अभियंता अंकित सिंह व अंकित पाण्डेय अन्य विभागीय टीम के साथ यासीनगंज, अंबरगंज, मौज़ज़्मनगर में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया तथा चौक डिवीजन के विक्टोरिया उपखंड के उपखंड अधिकारी गुलरेज़ अली ने अवर अभियंता मुकुल यादव व अन्य विभागीय टीम के साथ पुलगामा इलाके में तथा उपखंड नादान महल के उपखंड अधिकारी उपदेश अग्निहोत्री व अवर अभियंता रामजन्म व अन्य विभागीय टीम के साथ भीम नगर, यहियागंज इलाके में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इसके अलावा रेजिडेंसी डिवीजन के उपखंड रेजिडेंसी के उपखंड अधिकारी अमितेश कुमार ने विभागीय टीम के साथ गोलागंज इलाके में तथा जीटीआई उपखंड के उपखंड अधिकारी आरबी सिंह ने अवर अभियंता आरएन वर्मा व मनोज कुमार वर्मा के साथ मकबूल गंज इलाके में मॉर्निंग रेट अभियान चलाया। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की अभियान के दौरान कुल 114 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया। इसमें से 18 उपभोक्ताओं को 19.45 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। उन्होंने बताया की बिजली चोरी करने वाले इन सभी 18 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी का कनेक्शन बिजली पोल से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से इसी तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

महिंगवा में कब्र खोदकर बाहर निकाला शव,पोस्टमार्टम में खुलेगा मौत का राज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । सोमवार को लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवा थानांतर्गत खंतारी गांव निवासी अवधेश रावत (25)पुत्र रामकुमार रावत की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गई थी,जिसके बाद उनके परिजनों ने कब्र खोदकर उसके शव को उसी में दफना दिया था और उसका अंतिम संस्कार कर दिया था,लेकिन अंतिम संस्कार करने के अगले दिन मंगलवार सुबह अवधेश का जैकेट उसी के खेत के किनारे पड़े तख्त के पास पुआल के नीचे दबा हुआ पाया गया था और तख्त के पास ही हरे रंग का कोई तरल पदार्थ भी पड़ा हुआ देखा गया था,जिसको पुआल से दबा दिया गया था जिसके बाद अवधेश के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया और मौक़े पर पहुंची पुलिस से अवधेश के शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की थी।जिसके बाद पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौक़े पर बुलवाकर साक्ष्य एकत्रित कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा था और अग्रिम विधिक कार्यवाही में लगी हुई थी,वही बुधवार दोपहर को उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जीतेंद्र कुमार दुबे की मौजूदगी में मृतक अवधेश के शव को कब्र से खुदवाकर पोस्टमार्टम के भिजवाया था।वही उनका साफ़ तौर पर कहना था कि पुलिस घटना की जांच में गहनता से लगी हुई है,मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।दरअसल महिंगवा थानांतर्गत खंतारी गांव निवासी अवधेश रावत शटरिंग लगाने का काम करता था,रविवार सुबह वह अपने घर से काम के लिए लखनऊ के लिए निकला था,रविवार रात्रि लगभग ग्यारह बजे वापस वह घर पहुंचा और उसके लगातार उल्टियां हो रही थी,जब परिजनों ने कारण पूछा तो उसने बताया कि बेहटा में दोस्तों के साथ वेज़ बिरयानी खाई थी,उसके बाद से उल्टियां हो रही है,वही रात्रि को ही परिजन अवधेश को ईलाज के लिए बीकेटी साढ़ामऊ स्थित रामसागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर सोमवार सुबह उसे बलरामपुर अस्पताल लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया,जहा ईलाज के दौरान मौत हो गई।वही उसके परिजनों ने पहले तो उसकी मौत को साधारण समझा ,लेकिन वही जब उसका जैकेट मंगलवार सुबह खेत के पास पुआल में दबा पाया तो तो उन्होंने पुलिस को तत्काल सूचना देकर ज़हर देकर हत्या करने की आशंका जताई थी और शव के पोस्टमार्टम किए जाने की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारियों ने पूजन कर बांटा प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को एक साल पूरे होने के इस पावन मौके पर बख्शी का तालाब बड़ी बाज़ार में बुधवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने सैकड़ों व्यापारियों के साथ भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना किया और पूरे विश्व की सुख समृद्धि की कामना की और इस मौक़े पर लगभग एक सौ एक किलो लड्डू का प्रसाद भी भक्तों को वितरित किया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि सभी हिंदू धर्म के लोगो को भगवान राम की विधिवत पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार,भगवान राम की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण तो होती ही हैं साथ ही व्यक्ति को मानसिक शांति का भी आनंद प्राप्त होता है। इस पावन अवसर पर व्यापारी शैलेंद्र सिंह,रवींद्र कुमार सिंह,शंकर नाथ दुबे,अवधेश कुमार लोधी,डाक्टर दिनेश कुमार वर्मा,प्रदीप सिंह,हनुमान गुप्ता सहित सैंकड़ों रामभक्त शामिल रहे।

2026 तक नक्सल मुक्त भारत: केंद्र सरकार का ऐतिहासिक लक्ष्य, 24 वर्षों में 77% की गिरावट : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को नक्सलवाद के विरुद्ध चलाये गए ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 1 करोड़ का इनामी नक्सली कमांडर चलपति सहित 20 नक्सली मारे। इस बीच सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ट्वीट कर केन्द्रीय नेतृत्व की प्रशंसा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा, ''माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में असाधारण सफलता हासिल की है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हुआ है। उनके संतुलित दृष्टिकोण, निर्णायक सशत्र अभियानों और जमीनी विकास पहलों के संयोजन ने हाल के वर्षों में नक्सली उग्रवाद को काफी हद तक कमजोर किया है। डॉ. सिंह ने नक्सली घटनाओं में तेज़ी से गिरावट के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए आगे लिखा,'' वामपंथी उग्रवाद (खडक) की घटनाओं में 2010 से 77% की कमी आई है, जहां 2009 में 2,258 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं 2023 में यह संख्या घटकर सिर्फ 531 रह गई। 2024 में ही 287 नक्सलियों को निष्प्रभावी किया गया, जिनमें 14 शीर्ष पोलित ब्यूरो नेता शामिल थे, और 992 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। यह सुरक्षा बलों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।'' विधायक ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, 40 वर्षों में पहली बार, वामपंथी उग्रवाद से संबंधित मौतों की संख्या 100 से कम हो गई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद का भौगोलिक प्रभाव काफी घट गया है, पीआईबी डाटा के अनुसार प्रभावित जिलों की संख्या 2010 में 96 से घटकर 2024 में सिर्फ 45 रह गई है। नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए विधायक ने आगे लिखा, ''वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए बजट 2024 में बढ़कर ?3,006 करोड़ हो गया, जो पहले के वर्षों की तुलना में लगभग तीन गुना है। 2014 से अब तक वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में 11,000 किमी से अधिक सड़कें बनाई गई हैं, जिससे कनेक्टिविटी और विकास को बढ़ावा मिला है। 2024 में, प्रधानमंत्री मोदी जी ने इन क्षेत्रों में पुनर्वास और विकास को बढ़ावा देने के लिए 15,000 मकानों के निर्माण को मंजूरी दी। 2014 से अब तक 22,000 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें से कई को छत्तीसगढ़ समर्पण नीति जैसी पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से समाज में फिर से शामिल किया गया है, जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है।

गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों की प्रशंसा करते हुए डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा,'' गृह मंत्री श्री अमित शाह ने नक्सली हिंसा के पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, सरकारी सहायता प्रदान की और प्रभावित समुदायों को ठीक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। 2025 की शुरुआत ने इस संकल्प को और मजबूत किया है, जिसमें हमारे सुरक्षा बलों ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर 14 नक्सलियों को निष्प्रभावी किया।

जरूरतमंदों को दिए गए कंबल

कैनविज टाइम्स सरोजनीनगर-लखनऊ। नगर पंचायत बंथरा के वार्ड नंबर 1 महात्मा गांधी नगर के लाला खेड़ा में आज माननीय विधायक राजेश्वर सिंह व तहसील सरोजनी नगर के संयुक्त प्रयास से लगभग 80 वृद्ध अथवा विकलांग व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सरोजिनी नगर विवेक राजपूत, स्थानीय सभासद प्रतिनिधि कृष्णा,कोटेदार लेखपाल अमरेश कुमार, मुनेश्वर प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

जमादार खेड़ा में 700 जरूरतमंदों को बांटे गए कम्बल

निगोहां, लखनऊ । बुधवार को जमादार खेड़ा मजरा नटौली के पूर्व प्रधान सज्जन सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे और उन्हें भरपेट भोजन कराया। गांव स्थित अपने क्षत्रिय ब्रदर्स परिसर में स्टाल लगाकर उन्होंने लगभग 700 से अधिक गरीब, असहाय, लाचार लोगों को पुड़ी, सब्जी और बुंदिया खिलाया। फिर उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया , पूर्व प्रधान सज्जन सिंह से कम्बल पाकर जरूरत मंदों के चेहरों पर मुस्कान साफ झलक रही थी । सज्जन सिंह के इस कार्य से क्षेत्रीय लोगों ने प्रशंसा की, पूर्व प्रधान सज्जन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से उन्हें संतुष्टि मिलती है जरूरत मंदो चिन्हित कर कम्बल वितरण हुआ है।

महंत राजू दास की टिप्पणी के विरोध में गोसाईगंज कोतवाली मे की गई शिकायत

लखनऊ।गोसाईगंज कोतवाली में महंत राजू दास के विरुद्ध शिकात की गई है। यह कार्यवाही समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्य दिनेश यादव व सहयोगियों की ओर से पद्मभूषण से सम्मानित एवं पार्टी के संस्थापक स्व मुलायम सिंह के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी किए जाने के विरोध में की गई है।दिनेश यादव के अनुसार राजू दास अपनी महत्वाकांक्षाओं के चलते पूर्व में भी विवादित बयान देते रहे है।दिनेश यादव के अनुसार भगवा वस्त्र के अंदर छिपे अपराधिक मानसिकता के व्यक्ति का अपराधिक इतिहास भी पता किया जाए और जांच के उपरांत उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्रवाई की जाए जिससे इस प्रकार को अमर्यादित भाषा का प्रयोग न कर सके ।

गब्बर के छक्कों से निगोहां सम्राट पहुंची फाइनल में , कल्ली ब्रदर्स धराशाई



निगोहां , लखनऊ । कस्बे के एसएनटी ग्राउंड में चल रहे प्रथम निगोहां प्रिमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को अंतिम सेमीफाइनल मैच निगोहां सम्राट और कल्ली ब्रदर्स टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर कल्ली ब्रदर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया वहीं बैटिंग करने उतरी निगोहां सम्राट ने 18 ओवरों 6 विकेट खोकर 182 रन बनाने का लक्ष्य रखा इस टीम के धुरंदर बैट्समैन गब्बर और बादल ने छक्के और चौके की बरसात कर दी खचाखच भरे ग्राउंड में चारो तरफ तालियों की गड़ गड़ाहट रही। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कल्ली ब्रदर्स 9 ओवर में 68 रन बनाकर आलआउट हो गई। निगोहां सम्राट के गब्बर ने 36 गेंद खेलकर 8 छक्के और तीन चौव्वे की मदद से 83 रन बनाए जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच 24 जनवरी को ब्लैक माम्बा बछरावां रायबरेली और निगोहां सम्राट के बीच खेला जाएगा। जिसमे विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता को 31 हजार रुपए का पुरुष्कार सहित अन्य पुरुस्कार से दिया जाएगा ।

घर से अमेठी गया किसान लापता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के बसरहिया गांव निवासी रमेश कुमार शुक्रवार से लापता हैं। वह घर से अमेठी के लिए पैदल ही निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। रमेश के लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई है। रमेश अस्वस्थ हालत में हैं। बसरहिया गांव निवासी रमेश कुमार 28 वर्ष की पत्नी प्रियंका रावत ने पुलिस में बताया कि उनके पति 17 जनवरी को अमेठी कस्बे के लिए पैदल गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे।

नगराम: भागवत कथा समाप्ति पर निकाली कलश विसर्जन यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बबैया से भंवरेश्वर मंदिर तक भजनों पर भक्तों का दिखा धमाल

नगराम , लखनऊ । क्षेत्र के ग्राम शाह मोहम्मद पुर अपैया बबैया में चल रही श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। जिसके बाद बुधवार को कलश विसर्जन शोभायात्रा भंवरेश्वर मंदिर स्थित सई नदी के लिए निकाली गई । कलश विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु डीजे पर चल रहे धार्मिक गीतों पर थिरकते हुए कलश विसर्जन को रवाना हुए। भजनों पर भक्तों का खूब धमाल दिखाई दिया। बताते चलें कि ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया । इस मौके पर पूर्व प्रधान अशोक , राजू सांई, तीरथ, दिलीप, प्रकाश, प्रताप, रमेश वर्मा, लवकुश , रंजीत, अभय, कृष्ण कुमार, महेश, मनमोहन, जितेंद्र , यतेंद्र ,सुशील, पप्पू , मुकेश , पवन , प्रेम शंकर , पंकज , राम

गोसाईंगंज में 50 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुधवार को प्रवर्तन टीम ने गोसाईंगंज क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 50 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 4 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के अनुसार सुधीर सिंह व अन्य द्वारा सुल्तानपुर रोड स्थित ग्राम-मलौली में लगभग 12 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह राजदेव सिंह व अन्य द्वारा ग्राम-मलौली में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा मनीष सिंह, प्रदीप सिंह व तक्ष पैराडाइज प्रा.लि द्वारा गोसाईंगंज में बाराबंकी रोड पर मौजा-सराय करोरा में भूमि खसरा संख्या-438 पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए तक्ष सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से तीनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि रमेश चन्द्र व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के पहाड़नगर टिकरिया में रेलवे क्रासिंग के पास लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसके खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश दिये गये थे। इसके चलते प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्त कर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने भजाखेड़ा गाँव पहुंच कर लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। मोहनलालगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवीनगर के मजरा भजाखेड़ा में मुख्य विकास अधिकारी ने मंडलायुक्त के निर्देश पर भिक्षावृत्ति से जुड़े बेड़िया समुदाय की प्रगति पर अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली और उन्हें निर्देश दिए कि इनकी जो भी समस्या है वह एक हफ्ते में पूरी कर दे सचिव केपी सिंह के द्वारा बताया कुछ लोगो के आधार की वजह से काम नही हो पाया उसके लिए जन्म प्रमाणपत्र बनाये जा रहे जिसमे से 39 जन्मप्रमाण बन गए उनके आधार भी शीघ्र बनाकर योजानाओं का लाभ दिया जाएगा । उसके बाद मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा उनके समुदाय के लोगो से बातचीत की । इस मौके पर बीडीओ मोहनलालगंज ,खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी , समाज कल्याण , जिला आपूर्ति , एडीओ अशोक यादव , एमपी सिंह सहायक कृषि अधिकारी, रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार , प्रधान सुनीता वर्मा , प्रधान नवीनगर , श्रवण कुमार , प्रधान अमवा मुर्तज़ापुर, राकेश कुमार ग्राम प्रधान करोरवा , प्राथमिक विद्यालय भजाखेड़ा की अध्यापक राखी तिवारी, सुनील कलानी , प्राथमिक विद्यालय नवीनगर के शिक्षामित्र शैलेन्द्र वर्मा ,प्राथमिक विद्यालय सुखलालखेड़ा के अध्यापक मधुसूदन द्विवेदी और पूर्व प्रधान महेंद्र कुमार वर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

बलात्कार आरोपी कांग्रेस सांसद की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरे भाजपाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बीते दिनों कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर नगर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। महिला ने इस बाबत पुलिस में शिकायत की थी पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपी सांसद को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। लेकिन जवाब देने के बजाय आरोपी सांसद की लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है इस बाबत भारतीय जनता पार्टी द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला प्रभारी नीरज सिंह व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान राजेश वर्मा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की उपस्थिति में जिला पदाधिकारियो व हजारों की संख्या में जनसामान्य मातृशक्ति के साथ सड़कों पर उतरकर महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की गई इसी क्रम में उपस्थित जन समूह द्वारा लालबाग शहीद पार्क से होते हुए आंख अस्पताल के निकट अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा तक लोगों ने आरोपी सांसद की गिरफ्तारी के नारे लगाए एवं पार्टी नेताओं व जन सामान्य महिलाओं ने राकेश राठौर

मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के निकट मातृशक्ति द्वारा बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर का पुतला भी जलाया गया इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा पुतले को जूते की माला भी पहनाई गई ।

हजारों की संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देती है तो वही अपने बलात्कारी सांसद राकेश राठौर पर उनकी चुप्पी कांग्रेस के दोहरे चरित्र का प्रदर्शन करती है क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की जिला प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस हमेशा झूठे आरोप लगाती रहती है लेकिन अगर कांग्रेस में जरा सी भी नैतिकता शेष है तो वह अपने आरोपी सांसद पर चुप्पी तोड़े और उसके खिलाफ कार्यवाही में सिस्टम का साथ दे लेकिन कांग्रेस पार्टी से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान का विरोध किया है और ऐसे लोगों की पैरवी की है जो समाज के लिए खतरा है। उन्होंने कहा की सिस्टम विधिवत तरीके से अपना कार्य कर रहा है उन्होंने आरोपी सांसद की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने कहा की बलात्कार के आरोपी सांसद राकेश राठौर की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए और उनको न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार दंड भी मिलना चाहिए जिससे दोबारा नारी शक्ति के सम्मान से कोई खिलवाड़ ना कर सके वहीं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि एक तरफ कांग्रेस बड़ी-बड़ी बातें करती है संविधान की दुहाई देती है लेकिन अपने गिरेहबान में झांक कर नहीं देखती। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक महिला के साथ धोखा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया यह कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है उन्होंने जल्द से जल्द आरोपी सांसद की गिरफ्तारी की मांग की और कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जमकर भर्त्सना की।

इस अवसर पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी आरोपी सांसद राकेश राठौर की गिरफ्तारी की मांग की।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद अभिषेक गुप्ता ,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, सुधाकर शुक्ला संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर नीरज वर्मा झललर ,ललित श्रीवास्तव चंचल, संजीव गुप्ता टिंचू, इंदू सिंह चौहान, नैमिष रत्न तिवारी, पंकज मिश्रा, राजन गुप्ता, सचिन मिश्रा, रोहित सिंह जया सिंह शाहिद हजारों की संख्या में मातृशक्ति कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर जगह-जगह हुआ पूजन व भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्रभु श्रीराम जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा को बुधवार एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में क्षेत्र के पचदेवरा गांव स्थित प्राचीन शिवालय पर सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राम मंदिर कारसेवा में जेल भरो आंदोलन में जेल गये स्वर्गीय बिन्द्रा प्रसाद, स्वर्गीय श्रीपाल, स्वर्गीय राजू अवस्थी, दिनेश, अवधेश, चेतराम, प्रमोद ,कृपा शंकर, रामनरेश आदि लोगों को याद किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सेवा भारती बिसवां महानारायण वर्मा, बलराम सिंह, सेनजीत प्रताप मौर्य, महंत व पुजारी खुशीराम, सेवादार रिंकू व अनिल, विकास, सर्वेश, अनुराग एवं प्रताप सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। सुंदरकांड की समाप्ति पर सभी ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इसी क्रम में जहांगीराबाद के फरदापुर चौराहे पर ग्राम वासियों द्वारा भगवान राम की भव्य प्रतिमा रखकर फूलमालाओं से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें देर शाम तक लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। इस दौरान प्रेम शंकर वर्मा, राज कुमार वर्मा, राज किशोर वर्मा, लवकुश वर्मा, विवेक वर्मा एवं प्रखंड मंत्री अन्तर्राष्ट्रीय बजरंग दल सुशील कुमार हिन्दू सहित काफी संख्या में गांव तथा क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने वितरित किया कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन सी पी के प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने हर वर्ष की तरह इस बार भी कंबल वितरण किया।विकास खण्ड लहरपुर की ग्राम पंचायत जीतामाऊ आदि ग्राम पंचायतों में सैकड़ों गरीब परिवारों को कंबल व भगवान का कलेन्टर का वितरण किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने ।जनपद मे लगातार पड़ रही भीषण ठंड से ज़रूरत मंद को बचाने के लिए कंबल वितरित किए जा रहे है।कंबल वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक कसमंडा के रामनरेश सिह जिला अध्यक्ष ललित सिंह संतोष कुमार शुक्ला सकरनं के सुरेन्द्र सिंह जीतामाऊ लक्ष्मी देवी तालगांव विधानसभा लहरपुर के पदाधिकारी व मिडिया प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में खैराबाद ब्लॉक रहा चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला युवा कल्याण विभाग और प्रांतीय रक्षक दल विभाग, सीतापुर के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2024 - 2025 के अंतर्गत जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 से 21 जनवरी, 2025 को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, सीतापुर में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, जूडो और बैडमिंटन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में खैराबाद, बेहटा, सकरन, महमूदाबाद, बिसवा, लहरपुर आदि ब्लॉकों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता जिला खेल कार्यालय के बहुउद्देशयीय हाल मे संपन्न कराई गयी। इस प्रतियोगिता में बालक एकल ओपन श्रेणी में क्षितिज त्रिपाठी प्रथम, बालक युगल में क्षितिज त्रिपाठी और मिलन यादव प्रथम, बालिका एकल अंडर 17 में सुगंधी प्रथम, बालिका एकल अंडर 19 में चाँदनी प्रथम और बालिका युगल में चाँदनी और प्रार्थना सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरआल चैंपियनशिप पर खैराबाद ब्लॉक ने अपना कब्जा जमाया और आगे रीजनल प्रतियोगिता में स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी ने निभाई। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी, प्रमोद कुमार, राज शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी आशीष पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

शतचन्डी महायज्ञ का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य सीतापुर। सीतापुर की तहसील मिश्रित क्षेत्र पंचायत ततरोई मे शतचंन्डी भागवत कथा का आयोजन के साथ शुरु हुई शतचन्डी महायज्ञ भागवत कथा एव झांकी का आयोजन के साथ प्रारम्भ हुआ जिसमे हमारे ग्राम पंचायत ततरोई के प्रधान जी बड़ा सहयोग किया है और हमारे भाई उमेश गुप्ता का बड़ा सहयोग रहा शतचन्डी महायज्ञ भागवत कथा को परम मोक्ष दाहिनी बताते हुए कहा कि भागवत कथा समस्त दुखो को नष्ट करने वाली है इसे सुनने से मात्र ही प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती होती है जिसके उपरांत पान्डित जी फलाहरी बाबा के नाम से जाना जाता है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजन फालाहरी बाबा ने बताया की छठी बार शतचन्डी महायज्ञ का आयोजन 17. 1.25 से प्रारंभ किया गया और समापन 23 को कार्यक्रम के पूणाहुति के साथ कन्या भोज व भन्डारे का आयोजन किया जायेगा साथ ही आयोजक मंडल ने बताया कि रात्रि कालीन बेला मे झांकी का भी सुन्दर सा मचंन किया जायेगा इस मौके पर कार्यकर्ता उदन रावत उमेश गुप्ता अरुण रावत सत्यप्रकाश पाल बाबा भभूती प्रसाद भारी से भारी संख्या मे मौजूद रहे।

ग्राम पंचायतों में बढ़ रहा अवैध कब्जा, शिकायतकर्ता ने लगाई गुहार

मिश्रिख, सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड़रांवा के मजरा सरैया में अवैध कब्जो का मामला लगातार बढ़ता चला जा रहा है शिकायतकर्ता संकटा प्रसाद ने राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) पर शिकायत दर्ज कराई है शिकायत में उल्लेखित किया गया है कि ग्राम की सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे किए हुए हैं लेकिन प्रशासन मूकदर्शन बना हुआ है। शिकायत का विवरण संकटा प्रसाद का आरोप है कि ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 241 (रकबा 0.1010 हेक्टेयर) पर सुंदरलाल और बिंद्रा पुत्र गढ़ ने अवैध रूप से मकान मढ़हा चन्नी शौचालय और छप्पर का निर्माण कर लिया है इसके अलावा बंजर भूमि गाटा संख्या 243 (रकबा 0.0810हेक्टेयर) पर भी राजेश पुत्र सुंदर और संतराम पुत्र बिंद्रा ने अनाधिकृत कब्जा कर भवन का निर्माण किया है इतना ही नहीं गाटा संख्या 245 (रकबा 0.530 हेक्टेयर) पर भी कब्जा किया गया है और शिकायत में यह स्पष्ट किया गया है कि इन कब्जाधारियों में से कोई भी भूमिहीन नहीं है इसके बावजूद बंजर भूमि पर इनका कब्जा बना हुआ है लेखपाल की भूमिका पर सवाल क्षेत्रीय लेखपाल ने कब्जे की जमीन पर बनी निर्माण को नजरअंदाज कर अपनी रिपोर्ट में इसे नहीं दिखाई संकटा प्रसाद का कहना है कि लेखपाल की यह कार्रवाई संदिग्ध है और वह कब्जाधारियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। प्रशासनिक रिपोर्ट का खुलासा दिनांक 27.11.2024 को खंड शिक्षा अधिकारी मशेता खंड विकास अधिकारी मार्केट क्षेत्र अधिकारी मिश्रिख उप जिला अधिकारी मिश्री और तहसीलदार मिश्रित द्वारा सोप गई संयुक्त रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया कि घाटा संख्या 241 243 और 245 पर अवैध कब्जा अभी भी कायम है इस रिपोर्ट से शिकायतकर्ता के दावों को बल मिलता है और प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं मुख्यमंत्री पोर्टल और समाधान दिवस पर शिकायतें संकटा प्रसाद ने बताया कि उन्होंने कई बार संपूर्ण समाधान दिवस पर और मुख्यमंत्री पोर्टल 1076 हेल्पलाइन पर इस समस्या की शिकायत दर्ज कराई है आंकड़ों के मुताबिक अब तक लगभग पांच बार समाधान दिवस पर और तीन बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती की गई हैं बावजूद इसके प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। भूमाफियाओं के हौसले बुलंद संकटा प्रसाद का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी क्या कार्यवाही करते है

तहसील अधिवक्ता संघ निघासन में 6 पदों पर 11 प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर

निघासन-खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निघासन तहसील के अधिवक्ता संघ के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,मंत्री,अंकेक्षक,संयुक्त मंत्री,सदस्य वरिष्ठ कार्यकारिणी, के चुनाव के लिए 11 प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी राम कृष्ण चतुर्वेदी ने बताया तहसील अधिवक्ता का चुनाव 27 जनवरी को होगा जिसके नामांकन की अंतिम दिन बुधवार थी।मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए अमरीश कुमार श्रीवास्तव मंत्री पद के लिए त्रिभवन लाल यादव,नामांकन दाखिल किया था।बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए पंकज कुमार जयसवाल, उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम बाबू यादव, सोनेलाल, मंत्री पद के लिए मोहम्मद लतीफ खान, महेश कुमार पांडे, अंकेक्षक पद के लिए राम प्रताप मौर्य, प्रमोद कुमार यादव, संयुक्त मंत्री पद पर दीपचंद गुप्ता,नवदीप सिंह कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ के लिए मोहम्मद शकील और अख्तर अली ने अपना नामांकन किया।कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी पद पर आशीष कुमार जयसवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया एक नामांकन होने का कारण लगभग निर्विरोध होना तय है।नामांकन पत्रों की जांच व नामांकन वापसी गुरुवार को की जायेगी।नामांकन के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी मो इजहार और हरिओम बाथम सहित तहसील के सभी वकील मौजूद थे।

यूपीएसआईएफएस के छात्र साइबर विषयों पर जागरुकता के लिए कल करेंगे गांधी प्रतिमा पर नुक्कड़ नाटक

लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ के छात्र-छात्राओं द्वारा साइबर अपराधों के सम्बन्ध में आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कल दिनांक 23.01.2025 को सायं 05.00 बजे हजरतगंज, जी.पी.ओ. (अटल चौक के पास) के सामने महात्मा गॉधी जी की मूर्ति के समक्ष लघु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जायेगा। संस्थान के अपर निदेशक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री राजीव मल्होत्रा ने बताया कि उपरोक्त नुक्कड़ नाटक संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में साइबर फ्रॉड की घटनाओं से निपटने एवं जन-जगरूकता हेतु आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक, सतर्कता एवं उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड तथा विशिष्ट अतिथि मण्डलायुक्त सुश्री रोशन जैकब एवं जिलाधिकारी, लखनऊ श्री विशाक जी. होंगे । कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी । श्री मल्होत्रा ने बताया कि वर्तमान समय में जागरूकता के अभाव में आम जनमानस के साथ साइबर ठगी की घटनाएं हो जाती है । लोग साइबर ठगों के झाँसे में आकर अपने मोबाइल का ओटीपी तक साझा कर देते हैं, जिससे उनके बैंक के खातों से पैसे निकल जाते है, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास होता है । नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम जन-जन को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक कर सकें, ताकि उनके साथ भविष्य में इस तरह का कोई घटना सामने आये तो वह सतर्क होकर अपना बचाव कर सकें एवं पुलिस को ऐसे ठगों के बारे में सूचित कर सकें ।

नवनिर्मित पुलिस चौकी मोहलिया का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर)। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने की दृष्टि से आज थाना सकरन क्षेत्र की पुलिस चौकी मोहलिया के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने फीता काट कर किया।उद्घाटन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने आमजन सहयोग के साथ अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ सर्वजन कल्याण को प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव, एस एच ओ कृष्ण कुमार,चौकी प्रभारी रामबरन गुप्ता व उनके सहयोगी आरक्षी व चौकी निर्माण के मुखिया मनोज कुमार, प्रांत चौधरी, सुरेंद्र कुमार, विवेक कुमार व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों सहित पत्रकारगण व अन्य आमजन उपस्थित रहे।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बनाया युवा समाजसेवी का जन्मदिन, काटा केक

खैराबाद सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा समाजसेवी के रूप में जाने वाले गौरव अग्रवाल का जन्मदिन कल शाम शांतिनगर में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें काफी समर्थक शुभचिंतक तथा सीतापुर के लोग मौजूद रहे। वही खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने गौरव अग्रवाल को केक कटवाया गौरव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी भाइयो का प्यार ही हमारे साथ है। हमेशा रहा है और हमेशा रहेगा। केक काटने के बाद खैराबाद चेयरमैन बेबी गुप्ता ने जन्मदिन की शुभकामनाएं मित्रो के बीच धूमधाम से जन्मदिन मनाते हुए उन्होंने सबका शुक्रिया किया। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि आप सब हमारी शक्ति हैं। हमारे हर कार्य में हमारा सहयोग करने के लिए हमारे साथ खड़े रहे है। आप सभी का दिल से आभार और आप लोगों का साथ दिन प्रतिदिन इसी प्रकार से हमारे साथ बना रहे । इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, मिंटू पुरी, अतुल टंडन, रोमिल गुप्ता, संदीप मिश्र, शुभम गुप्ता, अर्पित सिंह, अमित तिवारी, रंजीत रस्तोगी, विमल गुप्ता, शोभित शुक्ल, अनूप विष्वकर्मा, विवेक विष्वकर्मा, मौजूद रहे।

महराजगंज की टीम ने तुर्कपट्टी को हराया

कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के गांव पतया में आयोजित शहीद बीर अशफाक उल्लाह खान दुंगी क्रिकेट प्रतियोगिता में महराजगंज और तुर्कपट्टी के टीम के बीच खेला गया जिसमें महराजगंज ने पांच रनों से तुर्कपट्टी को हराया मैच के मुख्य अतिथि इंडियन आर्मी सूबेदार एजाज अहमद ग्राम प्रधान समीउल्लाह खान क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जहांगीर खां जावेद खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया मैच में महराजगंज की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस रन बनाकर नाबाद रहे ज़बाब में उतरी तुर्कपट्टी की टीम ने पांच विकेट खोकर पचीस रन बनाकर आल आउट हो गए जिससे महराजगंज की टीम ने मैच को पांच रनों से विजय हासिल किया मुख्य अतिथि जहांगीर खां ने कहा कि खेल से शारीरिक फिटनेस ठीक रहता है ग्राम प्रधान समीउल्लाह खा ने कहा कि खेल से समाजिक समरसता फैलता है ।

मॉडिफाई साइलेंसर वाली बुलेट के लिए पुलिस ने कसी कमर, किया चालान व सीज

पलियाकलां-खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के पलियाकलां में बुलेट बाइक में पटाखे जैसी आवाज करने वाले साइलेंसर का इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई की गई यहां इन बाइक चालकों पर चालानी और जब्ती की कार्रवाई की गई नगर वासियों के द्वारा पहले से ही यह मांग उठाई जा रही थी कि बाइक में पटाखे वाले साइलेंसर इस्तेमाल करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाए। इसके बाद पलिया पुलिस ने जांच अभियान चलाकर तेज आवाज वाले बुलेट चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई वही कुछ सीज की कार्यवाही की गई हालांकि इस तरह की कार्रवाई शुरू होने के बाद ऐसे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने वसूला चालान! : पलिया नगर में फर्राटेदार बाइक सवारों की शिकायत मिल रही थी इस पर संज्ञान लेते हुए एसपी संकल्प शर्मा के आदेशानुसार और क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्यवाही किया। इस दौरान बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वालों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में बुलेट का अमानक साइलेंसर निकलवा कर चालानी कार्रवाई करते हुए 18 हजार रुपये का चालान किया गया और मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किया गया वही एक बुलेट को सीज किया गया साथ ही भविष्य में दोबारा इस तरह के साइलेंसर का उपयोग नहीं करने के लिए समझाइश दी गई।

कुछ लोग बुलेट में कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर को हटाकर मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग कर रहे हैं, जो गैरकानूनी है इससे निकलने वाले अत्यधिक आवाज के कारण सड़क में चलने वाले लोग विचलित हो जाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है इस पर रोक लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी साथ ही पुलिस ने वाहन मालिकों और चालकों से अपील की है कि इस तरह के वाहन सड़क पर लेकर ना आएं।

निजी बिजली कर्मी को लगा करंट, खंभे से गिरकर हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिले के फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव सकरन में बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से निजी बिजली कर्मी की मौत हो गई। परिजनों ने जेई और लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगा शव रखकर हंगामा किया। मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर परिजन माने। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

देहात क्षेत्र के बनवारीपुर उपकेंद्र के जेई अमित कुमार मंगलवार को सकरन गांव में राजस्व बकाया वसूली के लिए टीम के साथ पहुंचे थे। बिल न अदा करने पर कुछ बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए थे। टीम के जाने के बाद ककरपिट्टा निवासी निजी बिजली कर्मी प्रेमकुमार (35 वर्ष) किसी के बुलावे पर केबल जोड़ने गया था।

केबल (तार) जोड़ते समय प्रेमकुमार को करंट लग गया। इससे वह खंभे से नीचे गिर गया। परिजन उसे फूलबेहड़ सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेने की कोशिश की। मृतक के घरवालों ने जेई और उनकी टीम की पर लापरवाही का आरोप लगाया। हंगामा कर कार्रवाई की मांग की।

रात में ही कराया गया पोस्टमार्टम : मृतक के पिता बालक राम ने जेई और लाइनमैन के खिलाफ नामजद तहरीर दी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने रात दस बजे शव का पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को बिजली अधिकारी भी मृतक परिवार को ढांढस बंधाने और हर संभव मदद का आश्वासन देने पहुंचे। फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि जेई और लाइनमैन सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिजली विभाग से कोई वास्ता नहीं : जेई

बनवारीपुर विद्युत उपकेंद्र के जेई अमित कुमार ने बताया कि मृतक का बिजली विभाग से कोई संबंध नहीं है। किसके बुलावे पर लाइन जोड़ने गया था। यह जानकारी उन्हें नहीं है।

एफआईआर में नाम निकालने का झांसा देकर ऐंठे 50 हजार, खाया 10 किलो देशी घी

- जब पुलिस वारंट लेकर पहुंची आरोपित के द्वार, फिर खुला नाम निकालने पर घूसखोरी का राज
- काम नही तो दाम नहीं'' की तर्ज पर रिश्वत वापसी की रखी गई मांग फिर सकपकाए साहब ने रकम वापसी का मांगा समय!

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। टीवी पर बहुत पहले एक सीरियल आता था सीआईडी३ उसमें पुलिस अफसर प्रद्युमन का दया को लेकर कई हिट डायलॉग आए थे। लेकिन, खीरी जिले में गतमाह पूर्व जो कुछ हुआ,अगर पोल खुल गई तो पूरा सिस्टम शर्मसार हो जाएगा। विदेश भेजना, नौकरी दिलवाने के नाम पर झांसा देकर पैसे ऐंठने वाले किस्से तो आपने बहुत सुने होंगे, लेकिन अब कथित जिम्मेदारों ने उससे भी ऊपर प्लानिंग बना लिया है।

इन दिनों नए-नए तरीकों से जालसाज लोगों को चूना लगा रहे हैं। हालांकि ठगी का शिकार होने वालों में गांव के लोगों के साथ-साथ वह तबका भी शामिल है, जो वैल-एजुकेटेड और शहर में रहते है। जानकारी मुताबिक एक पीड़िता ने गुहार लगाई कि पति व ससुराली जन काफी प्रताड़ित करते हैं जिससे सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाता है। फिर विवेचना में नाम निकालने के जद्दो-जहद के खेल में तयशुदा राशि पचास हजार ऐंठ लिए और 10 किलो घी भी ले लिया किन्तु देशी घी की चिकनाहट में शायद याददाश्त कमजोर होने के चलते मोटी रकम चुकाने वाले पक्ष के नाम निकालने में फ़ेल दिखे घूसखोरी के इस नेटवर्क में छोटे पायदान से लेकर थानेदार तक शामिल दिखी हालांकि यह जांच का विषय है। इस बाबत में जब पूर्व विवेचना अधिकारी से उक्त घूस मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अभी मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं बाद में बात करेंगे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

अब घर से स्कूल की दूरी

नहीं बनेगी बेटियों की मजबूरी

205 नई मुफ़्त सरकारी स्कूल बसों की शुरुआत

10,000+ बच्चे लाभार्थी

“स्कूल कहीं भी हो, वर्ल्ड क्लास शिक्षा हर बच्चे के घर तक पहुंचनी चाहिए। अब पंजाब का हर बच्चा आगे बढ़ने का पूरा अवसर पायेगा और हर बच्चा मिलकर रंगला पंजाब बनाएगा।”

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

बिना चढ़ावे के नहीं होता जिला परिवहन कार्यालय में काम, दलालों के माध्यम से बाबू लेता है चढ़ावा

- बिना पैसे के नहीं होता जिला परिवहन कार्यालय में काम
- दलालों के माध्यम से बाबू मांगता है घूस और साहब का हिस्सा
- आखिर कब लगेगा घूसखोरी पर लगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार वादा कर रही है कि भ्रष्टाचार भ्रष्टाचा रियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है कोई भी वि भाग के अधिकारी या कर्मचारी घूस मांगने पर उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी लेकिन यूपी के गोण्डा जि ले में इसका सीधा उल्टा ही हो रहा है जिला मुख्यालय गोण्डा में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार पनपता हुआ नजर आ रहा है बिना घूस के आरटीओ कार्यालय में कोई भी काम नहीं होता है चपरासी से लेकर बाबू एवं अधि कारी तक भारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं लेकिन जिला प्रशासन को इस पर कोई उचित कार्य वाही करना चाहिए कार्यालय में कहीं दलाल तो कहीं बाबू आए दिन घूस मांगते हुए नजर आते हैं लगा तार देखा जा रहा है कि आए दिन मीडिया में खबर प्रकाशित होती है,और अभी हाल में ही रजिस्ट्रेशन का कागज सर कारी जो बाहर एक फोटो कॉपी के दुकान पर मिलता है और उस पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जाती है और उसे जेल भेजा जाता है उसके बाव जूद इस भ्रष्टा चार पर अंकुश नहीं लग रहा है जिसका जीता जागता उदा हरण है कि आज भी जिला परिवहन कार्यालय आई टीओ विभाग)भारी भ्रष्टाचार से डूबा हुआ है जि स पर लगाम लगाने के लिए कोई उचित कार्यवाही हो नी चाहिए कि अधिकारियों और कर्मचारि यों में एक डर का माहौल पैदा हो जिससे की जनता को सहूलियत मिल सके।

जब जिम्मेदारी बन जाए लूटेरे तो कहां लगेगा भ्रष्टाचार पर लगाम

गोण्डा जिले का आरटीओ कार्यालय सुधरने का नाम नहीं ले रहा है,विभाग लाख दावा करें कि आरटीओ ऑफिस में कोई भी दलाल नहीं है,लेकिन हकीकत यह है कि बिना दलालों के यहां का कोई काम नहीं होता,परिवहन विभाग के बाबूओं की मिलीभगत से दलाल लर्निंग और परमानेंट लाइसेंस, फिटनेस सहित अन्य कार्यो के लिए आठ से दस गुना फीस वसूल रहे हैं आरटीओ कार्यालय में इस समय दलाल पूरी तरह हावी होने का आलम यह है कि यहां विभागीय काम से आए लोगों को खिड़कियों के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ता है,फाइलों में छोटी-छोटी कमियां निकाल कर या तो वापस कर दिया जाता है या फिर जनता को अनावश्यक रुप से परेशान किया जाता है।वहीं दलाल विभाग में कार्यरत बाबू की टेबल पर जाकर फटाफट फाइलें ओके करा कर आ जाते हैं,आरोप है कि दलाल लर्निंग लाइसेंस और परमानेंट लाइसेंस के छह हजार रूपये लेते हैं,इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि आरटीओ कार्यालय पूरी तरह दलालों की गिरफ्त में है।

हर टेबल पर चढ़ता है चढ़ावा

आरटीओ कार्यालय में हर टेबल का दाम तय है,लाइ सेंस के लिए जब आम आदमी आवेदन करके आरटी ओ दफ्तर आता है तो,उसे कई चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन लाइसेंस नहीं बनता टेस्ट में फ़ेल होने के बाद या अन्य कारणों से उसका लाइसेंस नहीं बन पाता, जिससे उन्हें मजबूरी में दलालों के माध्यम से ही लाइ सेंस बनवाने को बाध्य होना पड़ता है,आरटीओ कार्या लय में काम करने वाले एजेंट से पैसों का मोलतोल करो तो उनका कहना होता है यहां हर टेबल पर पैसा देना होता है,यही कारण है कि हर काम के लिए दो से तीन गुना अधिक राशि लोगों को देनी पड़ती है।

योगी के राज में नहीं लग पा रहा भ्रष्टाचार पर लगाम

प्रदेश कि योगी सरकार ने परिवहन विभाग को अधि कांश सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है,लेकिन विभा ग को दलालों के चंगुल से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि गाड़ी ट्रांसफर करवाने के नाम से बाबू दलालों के माध्यम से पैसा मांगता है और न देने पर बाबू के द्वारा कागजी कार्यवाही वहीं पर रोक दी जाती है और ड्राइविंग लाइसेंस से लेकर चाहन हस्तांत रण और परमिट,नवीनीकरण समेत तमाम काम दला लों के जरिए ही हो रहे है।ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान ही आवेदक को तमाम प्रलोभन देकर वसूली की जाती है।वहीं विभागीय अफसरों की अनदेखी के चलते सर कार की योजना फ़ेल हो रही है और दिन पर दिन भ्रष्टा चार बढ़ते हुए नजर आ रहा है ।

गोण्डा में 1076 फैल नहीं होती सुनवाई

उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 जो कि लोगों की समस्या का निराकरण करने के लिए बनाया गया है लेकिन गोण्डा जिले में देखा जा रहा है कि इस 1076 की शिकायत करने के बावजूद भी कोई निराकरण नहीं किया जाता हमेशा विभाग के द्वारा गोलमोल जवाब देकर 1076 को बंद कर दिया जाता है जिसमें उच्च अधिकारी के द्वारा कोई भी जांच नही की जाता है कि यह शिकायत आखिर क्यों बंद हुई उत्तरप्रदेश शासन को 1076 में किए गए शिकाय त को उच्च लेवल से जांच करवाते हुए संबंधित अधि कारियों के ऊपर उचित कार्यवाही करनी चाहिए

सरकार को टैक्स देने के बाद भी बाबू और साहब को देना पड़ता है टैक्स-सूत्र

सूत्र बता रहे है कि जिला परिवहन कार्यालय में बिना बाबू और साहब को टैक्स दिए बिना कोई काम नहीं होगा गाड़ी ट्रांसफर के नाम से गवर्नमेंट को टैक्स जमा करने एवं गाड़ी की संपूर्ण दस्तावेज सबमिट करने के बाद परिवहन विभाग के वरिष्ठ सहायक बाबू साहब के कार्यालय में चेचिस नंबर व क्रेता एवं विक्रेता की फोटो सिग्नेचर अन्य प्रक्रिया होने के बावजूद आज कई महीनों से फाइल बाबू साहब के चेंबर में ही घूमते हुए नजर आ रही है आलम यह है कि जिस पोर्टल के मा ध्यम से गवर्नमेंट को टैक्स दिया गया था वह साइड ही बंद हो गई तो बाबू के द्वारा उस फाइल को एजेंट को दे दिया जाता है बिना काम किए हुए हैं और तो और कब कार्यालय की फाइल दलालों के हाथ में पहुंच जा ती है और अधिकारी को भनक नहीं लगती यह बात तो समझ से परे है आलम यह है कि जिला परिव हन कार्यालय मे बाबू साहब और दलालों के मा ध्यम से पू रा सिस्टम फ़ेल नजर आ रहा है वही सूत्र बता रहे है कि एक गुप्ता जी कार्यालय में पद स्थ से लगातार संपर्क करने की कोशिश की जा रही है लेकिन उनसे किसी प्रकार की जानकारी ही नहीं मिल रही है।

कैम्पस में दलालों का डेरा जिम्मेदार अधिकारी सोए गहरी निंद्रा में

परिवहन कार्यालय में बगैर दलाल से मिले कोई भी काम हो पाना संभव नहीं है।इतना ही नहीं परिवहन अधिकारी द्वारा बकायदा इन्हें कैम्पस के अंदर मूक सहमति प्रदान की गई है।जिसके चलते इनका डेरा कैम्पस में ही लगा रहता है।कोई भी व्यक्ति किसी भी काम से कार्यालय जाता है तो, उसे पहले दलालों से होकर ही गुजरना पड़ेगा।परिवहन कार्यालय में दलाल का सिक्का चलता है,एक लायसेंस बनवाने में दलालों द्वारा तीन हजार से पांच रुपये लिए जाते है,साफ कहा जाता है कि पांच सौ रुपये की आनलाइन रशीद कट ती है,बाकि पैसा अधिकारी तक जाता है,तब तो समय पर लायसेंस मिलेगा,नहीं तो कार्यालय के चक्कर लगा ते रहो यह रोना है जिला परिवहन कार्यालय का है।

बाबु ने सम्हाल रखी है साहब की कुर्सी

नियमों को ताक पर रखकर जिला परिवहन कार्यालय में नियम के विरुद्ध पूरा काम धड़ल्ले से चल रहा है ला यसेंस बनवाने पर न तो आपको गाड़ी चलाकर दिखा ना है न ही गाड़ी लेकर जाना है।मजबूरी बस आवेदक दलाली की शरण ले लेता है।परिवहन विभाग को आर आई को बहराइच के साथ ही गोण्डा जिले का भी प्रभार है, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहब कितने दिन गोण्डा में रहते होंगे,हालांकि ऑफ रिकार्ड उनकी कुर्सी बाबू और दलाल के माध्यम से सं चालित हो रहा है परिवहन कार्यालय में बिना दलाल सहारा लिये नियम कानूनों को इतनी लंबी दुहाई दी जाती है कि बखूबी सम्हाल रखी है।उसे सुनकर ही आवेदक परेशान हो जाता है,चर्चा है कि बकायदा परिवहन विभाग के आरआई का महीना बंधा हुआ है,जिसके चलते दलालों के काम पहले होते है,बाद में अन्य लोगो का इतना ही नहीं दलालों के परिवहन का र्यालय में दलालों की ल्चांदीङ्क है।परिवहन विभाग दला ल का बस चलता है,विभाग के इर्द-गिर्द दलालों का ज मघट आबाद है।परिवहन विभाग के आरआई साहब ने भी 'स्वयं' का हित देखते हुये 'सख्ती खत्म के साथ बाबू और दलालों को ऑफ रिकार्ड कमान सौंप रखी है।साहब के पास दो जिले का प्रभार होने चलते एक जगह साहब,तो दूसरी जगह बाबू खिसाब-किताब देख रहा है।

दलालों के जाल में फंस रही फाइल और आवेदक

जिले के परिवहन विभाग के रजिस्ट्रे शन का कागज बाहर जो पकड़ा गया है वह कैसे पहुंच इन दुकानों पर क्या आरटीओ विभाग के बाबुओं और अधिका रियों को पता ही नहीं था कि हमारा कागज कहां छप रहा है क्या उसकी गिनती लिखित में नहीं थी तो उन पर कब होगी कार्यवाही, और आखिरकार कब बंद होगा घूसखोरी मुख्यालय स्थित आरटीओ विभाग में रेट फिक्स किए हुए हैं।परिवहन कार्यालय के अंदर ही दलाल घूमते मिल जा येंगे और यहीं से पूरा खेल चलता है।जिन कामों के लिए आवेदक एक-एक महीने तक भटकते है,ये काम दलाल आसानी से कुछ दिनों में कराने का दावा करते हैं।आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में वाहन फिटनेस के लिए पहुंचते हैं।यहां पर भी दलालों का पूरा राज कायम है।सरकार ने फिटनेस के लिए शुल्क तय किया है।लेकिन दलाल ही वाहन स्वामी के कागजात लेकर विभाग के पटलों पर पहुंचते हैं। इन पर लगाम लगाने में विभाग पूरी तरह से नाकाम है। ऑफ रिकार्ड परिवहन कार्यालय का जिम्मा बाबू संभाल रखा है,दो जिले के परिवहन अधिकारी होने के चलते साहब का जिले में आना-जाना कम ही होता है, जानकारों की माने तो जो लोग नहीं जानते वह बाबू को ही परिवहन अधिकारी मानकर अपना काम उनसे कराने पहुंच जाते है।और महीने में अगर साहब के उपस्थिति हुई तो फाइलों में साइन करके अपना हिसाब किताब कर लिया जाता है।

समानांतर व्यवस्था चला रहे दलाल

आरटीओ ऑफिस के बाहर फोटो कॉपी के दुकान पर जमा दलाल समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं।हर काम के लिए उन्होंने दाम तय कर रखे हैं।कार्यालय में बिना दलाल के डीएल या गाड़ी से संबंधित काम कराने पर काउंटर पर बैठने वाले कर्मचारी बेवजह दौड़ भाग कराते हैं।इसका फायदा उठाते हुए दलाल पब्लिक से पैसे वसूलने में कामयाब रहते हैं।कर्मचारी और दलाल की मिलीभगत से परिवहन अधिकारियों से सांठ-गांठ की चर्चा संभाग तक बनी हुई है।एक बार फिर दलाल ने परिवहन अधिकारी से सांठ-गांठ कर परिवहन का र्यालय चलाने मे सफलता मिल रही है प्रदेश की योगी सरकार ने परिवहन विभाग की सेवाएं ऑनलाइन भले ही कर दी हैं,लेकिन विभाग में होने वाले तमाम आवे दन पत्र में काफी जटिलताएं हैं।यह है कि विंग लाइ सेंस से लेकर वाहन नवीनीकरण कराने का आवेदन पत्र आवेदक खुद भर नहीं सकते।इसके चलते आवेद कों को दलालों की शरण लेनी पड़ती है।जिला परिव हन अधिकारी बाबू और दलाल से मिलकर खेल खे ला जा रहा है।

सूदखोरों से परेशान होकर ई-रिक्शा चालक ने की आत्महत्या, मुकदमा दर्ज

- पत्नी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में सूदखोरों के आतंक से परेशान होकर एक ई-रिक्शा चालक ने सुसाइड किए जाने के बाद अब मृतक रिक्शा चालक की पत्नी ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।ये एक दर्दनाक घटना कल सामने आई थी।ज हां सूदखोरों के उत्पीड़न से तंग आकर एक पैतीस वर्षीय ई-रिक्शा चालक सुरेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर ली मृतक ने मौत से पहले एक वीडियो और सुसाइड नोट में तीन लो गों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।मृतक की पत्नी सुरैया की शिकायत पर पुलिस ने राकेश कुमार दुबे, सुंदर लाल यादव और सबरार अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।शिकायत के अनुसार,सुरेंद्र ने राकेश दुबे से तीस हजार रुपये ब्याज पर लिए थे।इसके अलावा बंधन बैंक के कर्मचारी सबरार अली ने

लोन दिलाने के नाम पर तीस हजार पांच सौ रुपये ले लिए लेकिन न तो लोन मिला और न ही पैसे वापस किए।

मामला यहीं नहीं रुका सुंदर लाल यादव ने ब्याज के पैसों की वसूली के लिए सुरेंद्र की ई-रिक्शा को जबरन छीन लिया और तीनों आरोपी लगा तार धमकियां देकर प्रताड़ित कर रहे थे जिससे तंग आकर सुरेंद्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या क़र ली है।

नगर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा एक सौ आठ के तहत मामला दर्ज कर लिया है और सिवि ल लाइन चौकी प्रभारी केदारराम को जांच सौंपी गई है। यह घटना सूदखोरी की समस्या और वित्तीय शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करती है।वहीं पूरे मामले को लेकर के नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके नगर कोतवाली पु लिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।सुसाइड करने से पहले का बनाया गया वीडियो और सुसाइड नोट दोनों की जांच की जा रही है।

संस्कार एजुकेशन सोसाइटी और एसएसबी के साझा प्रयास से मिलेगा ब्यूटीशियन प्रशिक्षण

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा क्षेत्र की 40 बालिकाओ के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण की गई व्यवस्था। एसएसबी कमांडेंट कैलाश चंद रमोला की तरफ से 24 जनवरी से लौकाही पंचायत भवन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमा क्षेत्र की बालिकाओ के लिए ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एस.एस.बी. की ओर से 40 बालिकाओ को ब्यूटी पार्लर हेतु 30 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। प्रशिक्षण पश्चात लडकियाँ ब्यूटी पार्लर खोलकर स्वावलंबी बनेगी। ब्यूटीशियन कोर्स को चलाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का सशक्तिकरण करना और उनमें भावी जीवन के लिए आत्मविश्वास पैदा करना है। इस कोर्स से प्राप्त कौशल उनके लिए एक महत्वपूर्ण सम्पति साबित होगी। यह प्रशिक्षण संस्कार एजुकेशन एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी, रुपैडिहा द्वारा करायी जा रही है। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला 59वी वाहिनी ने कहा कि एस.एस.बी. का मुख्य उद्देश्य सेवा सुरक्षा और बन्धुत्व है । जिसे एस.एस.बी. बखूबी निभा रही है जिससे सीमावर्ती गावों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकें, सरकार के आत्म निर्भर भारत योजना अन्तर्गत नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण महिलाओ को हर क्षेत्र में मदद एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण कराती आ रही है।

नीलगिरी फाउंडेशन ने बांटे गिफ्ट पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बडगांव में आज नीलगिरी फाउंडेशन के द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नीलगिरी फाउंडेशन की स्थापना स्व र्गीय नीलम सिंह की स्मृति में उनके पति गिरीश कुमार सिं ह एरिया मैनेजर रेलवे गोंडा द्वारा किया गया है।पहले चैरि टेबल कार्यक्रम का आयोजन एरिया मैनेजर के जन्मदिन के विशेष अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य अखंड प्रताप सिंह, अनंत प्रताप सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी के सभागार में प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी के स्वागत संबोधन से प्रारंभ हुआ मेजर द्विवेदी ने इस कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट की सराहना की।ट्रस्ट के उद्देश्य और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संस्थापक गिरीश कुमार सिंह ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की।बच्चों के बीच एक छोटा क्विज आयोजि त किया गया हैं जिसमें

विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।इसके बाद केक काटने का समारोह और उपहार वितरण हुआ,जिसमें पेंसिल बॉक्स,मिठाइयां, चॉक लेट बच्चों को दी गई।

इस अवसर पर विचारों पर कभी आ योजन किया गया जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति फाउंडेशन के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नीलगिरी फाउंडेशन का लक्ष्य सहानुभूति, सेवा, सहयोग और समर्पण के मूल मंत्र के साथ समाज की जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रतिबद्धता है।यह कार्यक्रम न केवल बच्चों बल्कि स्कूल के स्टाफ औ र अन्य उपस्थित जनों के लिए भी प्रेरणादायक रहा। फाउंडेशन आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर के देश और समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।कार्यक्रम का संचालन संस्था के मुख्य नियंता हरि शंकर द्विवेदी ने किया इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव एडीईएन, विनीत सिंह, करमचंद कुंवर उर्फ अमन, अनवर मलिक, आरएस मीणा ,अमनदीप श्रीवास्तव, अजय यादव, अनिल कुमार, के.एल.यादव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद थे।

एसएसबी ने निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाकर किया लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 42वीं वाहिनी द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर के दौरान मौके पर 182 पशुओं को लाभान्वित किया गया। विदित है कि एसएसबी सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ साथ उनके पशुओं की भी फिक्र करती है । इस सन्दर्भ में एसएसबी 42वीं वाहिनी बहराइच प्रथम के कमान्डेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में सीमा चौकी पंचपोखरी के कार्यक्षेत्र में ग्राम पंचपोखरी में डॉक्टर पूजा फरस्वान उप कमांडेंट (पशु चिकित्सक) के नेतृत्व में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सहायक के तौर पर मुख्य आरक्षी (पशु चिकित्सा) राकेश कुमार, अजय

कुमार कुमावत, आरक्षी (पशु चिकित्सा) शिवा मोटला तथा सीमा चौकी पंचपोखरी के उप निरीक्षक/सा- यसपाल सिंह व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इस दौरान पंचपोखरी के ग्राम प्रधान मनीराम भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्राम पंचपोखरी व पोखरा के नागरिको ने अपने 182 पशुओं को चिकित्सीय परीक्षण कराया एवं निःशुल्क दवाईया प्राप्त की ।

सपा संस्थापक के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी से सपाइयों में आक्रोश

बहराइच। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध हनुमानगढी के महंत राजू दास की आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध समाजवादी पार्टी बहराइच ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए महंत के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है। हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास के फ़ेसबुक आईडी से प्रयागराज कुम्भ मैँ सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की थी पोस्ट के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर खबर आग की तरह फ़ैल गईं और सपा के कई नेता पार्टी जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव एडवोकेट की अगुवाई मैँ महंत राजू दास के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए नगर कोतवाली पहुंचकर उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर दी है, जिस पर शहर कोतवाल ने जाँच कर मुकदमा लिखे जाने का आश्वाशन दिया है। जिलाध्यक्ष के साथ गए लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि नेता जी हम सब लाखों करोड़ों के भगवान है इस प्रकार की टिप्पणी को हम किसी क़ीमत पर सहन नहीं करेंगे और इस अपमान का बदला हम हर क़ीमत पर लेकर रहेंगे।

भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार में बेटियों का नेतृत्व: डॉ. प्रज्ञा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच।'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच से मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ छात्र-छात्राओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रभात फ़ेरी एवं पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन्दिरा स्टेडियम से निकाली गई प्रभात फ़ेरी इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा से होते हुए पुलिस लाईन से इन्दिरा स्टेडियम आकर सम्पन्न हुई।

जबकि बाईक रैली इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा, डीएम चौराहा, केडीसी चौराहे से होते हुए मरीमाता मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। प्रभात फ़ेरी में शामिल छात्र-छात्राएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने-अपने हाथों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषयक स्टीकर लेकर लोगों को जागरूकता का सन्देश दे रहीं थीं। इस अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कैनवास पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आज बेटियां ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। आज भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि आज शिक्षा हो या नौकरी अथवा राजनीति सभी क्षेत्रों में बेटिया आगे हैं। भारत की बात की जाय तो देश सर्वोच्च पद एक बेटी द्वारा सुशोभित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभात फ़ेरी एवं बाइक रैली के मकसद है कि आमजनमानव को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के महत्व से अवगत कराया जाय।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का एक उदाहरण हम सबके बीच भी है, आज हमारे जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, सदर विधायक व विधायक बलहा के पद पर महिलाएं आसीन हैं। प्रशासनिक क्षेत्र की बात की जाय तो जिले के सर्वोच्च पद जिलाधिकारी के पद पर महिला अधिकारी आसीन हैं। श्री चन्द्र ने आमजन का आहवान किया कि बालिका की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बालिकाओं का आहवान किया समाज में उच्च पदों पर महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और अपने परिवार, जिले, प्रदेश्ज्ञ एवं देश का नाम रोशन करें।

उल्लेखनीय है कि ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर तहसील एवं ब्लाक स्तर पर भी ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' अभियान के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर के द्वारा प्रभात फ़ेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद ने बताया कि निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश दिये गये है कि ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 जनवरी से 08 मार्च 2025 तक राज्य स्तर, जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला क्रीड़ाधिकारी, सीडीपीओ, सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, तारा महिला इण्टर कालेज एवं आर्य कन्या इण्टर कालेज तथा अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षकाएं व सम्बन्धित मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए मांगे गए आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गरीब परिवार की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा माह जनवरी 2025 में सम्पन्न होने वाले सामूहिक विवाह हेतु तिथि एवं स्थान का निर्धारण कर दिया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के लिए 1476 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सामूहिक विवाह के लिए निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि माह जनवरी 2025 में विकास खण्ड नवाबगंज, बलहा, शिवपुर एवं मिहींपुरवा के लाभार्थियों के लिए 27 जनवरी को नगर पालिका परिसर, नानपारा, विकास खण्ड जरवल, कैसरगंज, फखरपुर, तेजवापुर, महसी के लाभार्थियों के लिए 29 जनवरी को विकास खण्ड परिसर तेजवापुर जबकि विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया, पयागपुर, हुजूरपुर, विशेश्वरगंज एवं नगर पालिका परिषद बहराइच अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों तथा 27 एवं 29 जनवरी को अनुपस्थित रहने वाले लाभार्थियों के लिए गेंदघर परिसर, बहराइच में 31 जनवरी 2025 को सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

श्री गुप्ता ने बताया कि योजना अन्तर्गत ब्लाकों एवं नगर निकायों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। श्री गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अपनी बेटियों के विवाह हेतु ऑनलाइन वेबसाइट सीएमएसवीवाई डाट यूपी एसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर समस से पंजीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि रू. 02 लाख वार्षिक आय वाले शहरी व ग्रामीण परिवार आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए।

डीएम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त अनुभागों का किया आकस्मिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटल,अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रख रखाव, साफ सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया एवं सम्बंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारी कक्ष में अधिकारियों कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया एवं सेवा पुस्तिकाओं को अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा पुस्तिका में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा लिये गये अवकाशों एवं अन्य कार्यों को अद्यतन रखा जाए। इसके उपरांत उन्होंने नजारत, वेतन लिपिक/विविध लिपिक कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, ईआरके,शिकायत, डिस्पैचर कक्ष, अभिलेखागार, पब्लिक काउंटर, भूलेख अनुभाग, न्याय सहायक कक्ष, ई डिस्ट्रिक्ट,कंट्रोल रूम, एलएसी कक्ष, शस्त्र लिपिक, राजस्व अभिलेखागार, मुख्य राजस्व लेखाकार कक्ष, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष सहित अन्य पटल अनुभागों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा साथ ही अधिकारियों कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका आदि को अद्यतन रखने का निर्देश दिया इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अनुभागों के पटल सहायकों को अपने सामने अपने पदनाम की नेम प्लेट लगाने के साथ ही जो कार्य संपादित किया जा रहे हैं उसका विवरण भी डिस्प्ले करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कलेक्ट्रेट परिसर में कहीं पर भी गंदगी आदि न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखेंगे अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कलेक्ट्रेट अपने नये भवन में शिफ्ट हुआ है सभी अधिकारी कर्मचारी अपने पटल से संबंधित समस्त पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से स्थापित कर लें तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी कार्यों का विधिवत अवलोकन कराएं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिन्दू महासभा ने निकाली भव्य श्रीराम पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिले में बुधवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से भव्य श्रीराम पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में शामिल राम दरबार की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला अध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना के नेतृत्व में सभी हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में जिलेवासी शहर के छतरी चौराहे स्थित उर्मिल बारात घर पर एकत्रित हुए। जहां से इस भव्य श्रीराम पदयात्रा का शुभारंभ हुआ, यात्रा में सुनगढ़ी एसओ एवं कोतवाल इस पूरी पदयात्रा में शामिल रहे। यात्रा में महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह एवं महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया।श्रीराम पदयात्रा का शुभारंभ छतरी चौराहे स्थित उर्मिल बारात घर से होकर, सुनगढ़ी थाने, गैस चौराहा, चावला चौराहा, छीपियान मस्जिद, मुख्य बाजार, ड्रमंडगंज चौराहा, लोटन महाराज चौराहा होते हुए कोतवाली तिराहा स्थित ओमकार ट्रेडर्स पर पहुंचकर अखिल भारत हिन्दू महासभा के संरक्षक संजय पांडेय द्वारा प्रभु श्रीराम की स्तुति के साथ यात्रा का समापन हो गया। यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले मुख्य मंदिरों हनुमान मंदिर निकट छतरी चौराहा, सुनगढ़ी तिराहा स्थित मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर, चावला चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, लक्ष्मी टॉकीज निकट शिव जी महाराज विराजमान मंदिर आदि मंदिरों पर रुककर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और दीपक प्रज्ज्वलित किया गया। यात्रा में शामिल सभी ने डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर झूमते नाचते हुए पूरी यात्रा में भाग लिया।हिन्दू महासभा के सभी लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम, हर हर महादेव, हिन्दू महासभा प्रचंड हो, भारत देश अखंड हो, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे लगाते हुए श्रीराम पदयात्रा धूमधाम से निकाली। इस श्रीराम पदयात्रा में शामिल हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं के ऊपर जनपद वासियों ने दुकानों व प्रतिष्ठानों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा जगह-जगह पदयात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत सत्कार किया गया। अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में यह श्रीराम पदयात्रा सफल साबित हुई। वहीं युवा के जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा ने इस श्रीराम पदयात्रा में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।इस विशाल श्रीराम पदयात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, प्रमोद कश्यप, युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, प्रकाश, चेतन, मनोज, अंशुल गौरव सिंह, हिरदेश, सनी, लवी, हनी, लखन प्रताप, नरेंद्र, हरिओम, अजय, अमित, अरुण, अनिल, आकाश, अर्जुन, अंकित, कृष्णा, राहुल, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला जिला महामंत्री कविता वंशवाल, महिला नगर अध्यक्ष सुमन कश्यप, बीसलपुर हिंदू महासभा के नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी एवं नगर महामन्त्री महन्त अवनीश रत्न के साथ बीसलपुर की टीम एवं बिलसंडा नगर अध्यक्ष विकास मिश्रा एवं युवा नगर अध्यक्ष तनव जायसवाल के साथ बिलसंडा की टीम एवं अन्य तहसीलों एवं वार्ड के लोग सहित सैकड़ों युवा बच्चे बूढ़े सभी लोग इस श्रीराम पदयात्रा में उपस्थित रहे।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भंडारे का हुआ आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने राहगीरों को वितरण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली रोड पर स्थित भदोरिया निवास के सामने राम लल्ला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर कोतवाली रोड भदोरिया निवास पर एक भंडारे का आयोजन किया गया कौशलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर हेल्थ केयर पेटलाब और इनर व्हील क्लब पूरनपुर पल्स के सहयोग से एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे से हुआ और शाम को 4:00 बजे समाप्त हुआ कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,तेज बहादुर सिंह, शेखर सिंह ,शिवम भदोरिया, श्वेता गुप्ता, पत्रकार सौरभ कुमार पांडे,शालिनी चौहान, उमा वर्मा, नीता अग्रवाल, सौरभ आदि ने सहयोग प्रदान किया है।

नगर पालिका कार्यालय में हुआ सुंदरकांड पहुंचे डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। कथा वाचक शिवानंद शास्त्री और उनके साथ आए हुए पुरोहितों ने पूजन करके सुंदरकांड पाठ किया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया है।श्री राम जन्मभूमि में रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका टाउन हॉल को भव्य रूप से सजाया गया। कार्यालय परिसर में भव्य पंडाल में श्री राम दरबार और हनुमान जी की मूर्ति लगाकर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सहित काफी संख्या में सभासद और कर्मचारियों के साथ शहर के नागरिकों ने सुंदरकांड का पाठ किया पाठ के उपरांत हवन का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति दी।इस अवसर पर डीएम संजय सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, एसडीएम आशुतोष गुप्ता,सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत,बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना, वतन दीप मिश्रा, रत्ना शुक्ला, निर्मल सिंह, सुरेश लोधी, राजेंद्र कुमार, विपिन त्यागी, विकास बाबू, राशिद हुसैन, चेतन गंगवार, शिखा वर्मा, शिवली अहमद, राजू फौजी, अवतार सिंह मोनू,भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान काफी संख्या में शहर के नागरिक,नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने वी पैक्स शाहमऊ का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई क्षेत्र में बीते पंद्रह वर्षों से बंद पड़ी साधन सहकारी समिति शाहमऊ का नये पंजीकरण के साथ बुधवार को तिलोई के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने शुभारम्भ किया।उन्होंने जनप्रतिनिधियों और किसानों को सम्बोधित करते हुये ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि बीते दिनों ब्लाक सभागार में आयोजित सहकारिता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक सिंह की उपस्थिति में सहकारिता विभाग के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया था कि किसानों की समस्या को देखते हुये दो माह के अंदर समिति का संचालन शुरू हो जाय।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि अब किसानों को बी -पैक्स शाहमऊ में वी पैक्स समिति की सभी सुविधाएं किसानों को मिलेंगी।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारतीय, मित्रसेन वर्मा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, सभापति सहित संचालक मंडल के सदस्य, संतलाल अपर जिला सहकारी अधिकारी, सुखदेव प्रसाद सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एवं पंकज तिवारी सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व किसान मौजूद रहे।

पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी । थाना अमेठी पुलिस ने दुर्गापुर रोड फ्लाई ओवर के पास से एक युवक को पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक रामचेत यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अवधेश कश्यप पुत्र स्वर्गीय राम अभिलाख कश्यप निवासी रौनिया पूरब थाना कुडवार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब बत्तीस वर्ष को दुर्गापुर रोड फ्लाई ओवर के पास से सुबह गिरफ्तार किया गया है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हुआ भंडारा ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने वितरण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को 22 जनवरी को एक साल हो गया है। इस पावन मौके पर भगवाान राम की विशेष पूजा अर्चना का जगह-जगह पर इंतजाम किया गया है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। इसलिए इंग्लिश कैलेंडर के अनुसार, 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जाएगी।इस मौके पर लोग अपने अपने घरों में भगवान राम की विधिवत पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।इस मौके पर मरौरी विकासखंड की ग्राम पंचायत ललपुरिया साहब सिंह में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने पहुंच कर ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया है।भंडारे में मुख्य रूप से ओमप्रकाश, संजीव कुमार,सोहनलाल, शांति ,अमित,दीपक,भूपेंद्र सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

टंडोला में अन्नपूर्णा भवन का हुआ शुभारंभ उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि,प्रधान विधायक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत टंडोला में ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए बनाए गए अन्नपूर्णा भवन खाद्य एवं रसद विभाग की उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केंद्र का विधायक बाबूराम पासवान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने सामूहिक रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया है।इस मौके पर विधायक बाबूराम पासवान,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष नरेश पाल सिंह चौहान, सलीम खान,ग्राम प्रधान राकेश शर्मा, विजय पासवान, मिलाप सिंह, फिरोज खान,इस्लाम खान सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर मनाई गई जयंती

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बुधबार को नटकादाना स्थित समाजवादी पार्टी पीलीभीत कार्यालय पर स्व जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष बालक राम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां,सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी,सपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,सपा महिला सभा जिला महासचिव मीना दीक्षित,बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष एड.विनोद कुमार वर्मा,नरेश कुमार सागर,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद मियां खां,दिनेश कुमार वर्मा,सपा जिला सचिव शरफुद्दीन नूरी,सदाकत अली,महेश कश्यप, जोवनप्रीत सिंह,मुश्ताक अहमद,शरद जायसवाल एडवोकेट, सैय्यद हैदर अली जाफरी एडवोकेट,मनप्रीत सिंह,आशीष कुमार एडवोकेट,गोविंद एडवोकेट,रोहिताश कुमार सिंह यादव,प्रेमप्रकाश,विजय वर्मा,मनोज कुमार आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने किया है।

कई परिषदीय विद्यालयों का बीएसए ने किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने विकास क्षेत्र अमरिया के कंपोजिट विद्यालय मुण्डलिया गौसू, प्राथमिक विद्यालय बडेपुरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बडेपुरा,कंपोजिट विद्यालय अमरिया एवं कंपोजिट विद्यालय फ़रदिया माधोपुर का औचक निरीक्षण किया गया।कंपोजिट विद्यालय फ़रदिया माधवपुर को छोड़कर अन्य सभी निरीक्षित विद्यालयों में उपस्थित छात्र संख्या न्यून पाया जाना,छात्र उपस्थित बढ़ाने हेतु कार्यरत स्टाफ द्वारा कोई भी प्रयास न किया जाना,विद्यालय में गंदगी पाया जाना,छात्रों को निपुण बनाने हेतु कोई प्रयास न किया जाना,आदि पायी गयी कर्मियों के दृष्टिगत विद्यालय में छात्र उपस्थित 75% होने तक तथा पायी गयी कमियों के निराकरण होने तक इंचार्ज प्रधानाध्यापक के साथ-साथ समस्त कार्य स्टाफ का वेतन एवं मानदेय बाधित किया गया।इसके साथ ही प्रधानाध्यापक के साथ-साथ समस्त कार्यरत्त स्टाफ को निर्देशित किया गया कि छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रतिदिन विद्यालय समय से पहले विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें।समस्त विद्यालयो के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया की कंपोजिट ग्रांट के साथ-साथ अन्य विद्यालय मद में प्राप्त ग्रांटों का तत्काल नियमानुसार उपभोग करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पच्चीस हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये का इनामिया शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा,एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जालसाजी के मामले में वांछित व पच्चीस हजार रुपये का इनामिया सुधीर सिंह पुत्र वशिष्ट सिंह निवासी ग्राम सारंगापुर बडागांव थाना रौनाही जनपद अयोध्या उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को पिण्डारा नहर पुल के पास से समय करीब चार बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा,एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये इनामिया अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

महंत राजूदास की टिप्पणी से बवाल, यूथ ब्रिगेड ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अयोध्या के महंत राजूदास द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद के नेतृत्व में एकत्र कार्यकर्ताओं ने महंत राजूदास के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला जलाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। शहजाद अहमद ने आरोप लगाया कि महंत राजूदास लगातार महिलाओं, धर्म गुरुओं और राजनेताओं के खिलाफ अमर्यादित बयान देते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए। यूथ ब्रिगेड ने चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की मिलीभगत से ही महंत ऐसे बयान दे रहे हैं और अपराधी बाबाओं के खिलाफ न तो जांच होती है और न ही कोई कार्रवाई की जाती है।इस मौक़े पर पवन यादव,राज मिश्रा,राजदेव निषाद, सुरेश कुमार गौतम,अमजद खान,भजन यादव,सईद अहमद,सर्वेश कुमार हिमांशु,.जरताब रजा खान, मनोज यादव,राजेश पाठक,सुलतान खान,राकेश पाल,शिवम सिंह गुलाब जायसवाल, राहुल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

जगदीशपुर में रोजगार मेला उनतीस जनवरी को होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं संजय गांधी पालीटेक्निक जगदीशपुर द्वारा उनतीस जनवरी को पूर्वान्ह साढ़े दस बजे जनपद के संजय गांधी पालीटेक्निक जगदीशपुर में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा रोजगार मेले में मैकेनिक और इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा उर्तीण अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग करने हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करके अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, इसे मनाने का मुख्य उदेश्य है। हमारे देश में बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है- आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद वह अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं, हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ायें। उन्हें इतना सशक्त बनायें कि खुद गर्व से कह सकें कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी शुभ संकेत हैं।

महाकुंभ: मानवता के कल्याण के लिए उद्घोष

अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालात पर रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। अक्टूबर 2023 में उग्रवादी समूह हमास ने गाजा में हमला किया, जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए और फिलिस्तीन के विरुद्ध इजरायल की ओर से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की गई। जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ा, इजरायल की लड़ाई ईरानी प्रॉक्सी के खिलाफ अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई, जिनमें हमास भी शामिल है।

विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास -पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्त पिपासु हो गया है। किसी देश का नाम लें यह जरूरी नहीं किंतु दृश्य भयावह हैं। कई वर्षों से असमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्ध विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उद्घोष कर रही है। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयाग राज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है।

ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालात पर रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक, इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरुआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। अक्टूबर 2023 में उग्रवादी समूह हमास ने गाजा में हमला किया, जिसमें 1,000 से अधिक लोग मारे गए और फिलिस्तीन के विरुद्ध इजरायल की ओर से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई की गई। जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ा, इजरायल की लड़ाई ईरानी प्रॉक्सी के खिलाफ अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई, जिनमें हमास भी शामिल है। यमन में हूती विद्रोहियों ने जहाजों और अन्य जहाजों को रोका और उन पर हमला किया जिन्हें उन्होंने इजरायल की सहायता करने वाला बताया। लेबनान में हिज्बुल्लाह के आतंकवादियों ने सीमा पर इजरायल के साथ गोलीबारी की। सितंबर में, इज़राइल ने हिज़्बुल्लाह के पेजिंग उपकरणों को निशाना बनाया, जिससे दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हो गए। नवंबर में एक युद्धविराम समझौते ने क्षेत्रीय तनाव को कम कर दिया। हालाँकि, सीरियाई विद्रोहियों ने ईरान समर्थित असद सरकार के खिलाफ़ तेज़ हमले शुरू कर दिए और उनकी सरकार को गिरा दिया, जिससे हिंसा का एक नया दौर शुरू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजरायल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। सशस्त्र संघर्ष स्थान और घटना डेटा डेटाबेस हर संघर्ष घटना और उससे जुड़ी मौतों को रिकॉर्ड करता है। इस डेटा के आधार पर, संघर्ष सूचकांक तैयार किया जाता है। सूचकांक प्रत्येक देश को चार मापदंडों के आधार पर रैंक करता है- घातकता (मृत्यु की संख्या), खतरा (नागरिकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं की संख्या), प्रसार (हिंसा कितनी व्यापक है) और विखंडन (गैर-राज्य सशस्त्र, संगठित समूहों की संख्या)। इन मापदंडों के आधार पर प्रत्येक देश को संघर्ष श्रेणी और रैंकिंग दी जाती है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी

में रखा गया है। ये हैं- फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राज़ील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। जैसे-जैसे 2024 खत्म होने को आ रहा था, नए और चल रहे युद्धों के कारण संघर्ष क्षेत्रों में मौतों में वृद्धि हो रही थी जो 2025 के आरम्भ में अभी बढ़ ही रही है। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्धों, विस्फोटों, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता है: यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफ़गानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्ज़ा करने से पहले। हालाँकि, पिछले वर्षों में, यूक्रेन और फिलिस्तीन में होने वाली मौतों ने मरने वालों की संख्या में एक बड़ा हिस्सा बना लिया है। इस बीच, म्यांमार में सरकार को उखाड़ फेंकने वाले एक सैन्य तख्तापलट के बाद, देश ने भी हाल के वर्षों में बढ़ती मृत्यु दर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह कितना अमानवीय है कि विश्व केवल मौतों के सामान जुटाने और आंकड़े इकट्ठा करने में लगा है।2024 में इस तरह की हिंसा के कारण हर महीने औसतन लगभग 5,500 मौतें हुईं, जो 2023 में लगभग 5,300 प्रति माह और 2020 में लगभग 3,100 प्रति माह थी। जैसे-जैसे साल 2024 खत्म हो रहा था, ये संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सबकुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महाविज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

संजय तिवारी

कब तक अनसुलझा रहेगा नेताजी की मौत का रहस्य?

नेताजी सुभाष जयंती (23 जनवरी) पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई। हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं।

दरअसल, नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था। नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के बाद अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी।

सेहत मंत्र

खाना बनाएं मूंगफली के तेल से, ब्लड प्रेशर डायबिटीज और दिल की बीमारियां रहेंगी दूर

मूंगफली सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। अगर आप मूंगफली के तेल यानी ग्राउंडनट ऑयल से रोज का खाना बनाएं, तो पूरे परिवार की सेहत के लिए ये तेल बहुत फायदेमंद साबित होगा। मूंगफली के तेल में मिनरल, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत ही लाभप्रद होते है। इसके साथ ही ये तेल आपको कई बड़ी और गंभीर बीमारियों जैसे- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक आदि से भी बचाता है। आइए आपको बताते हैं अगर आप रोज का खाना मूंगफली के तेल में बनाते हैं, तो आपको कौन-कौन से फायदे मिलते हैं। मूंगफली के तेल को बहुत सेहतमंद माना जाता है। इसका कारण यह है कि इस तेल में शरीर के लिए जरूरी बहुत सारे विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। 100 ग्राम मूंगफली में 567 कैलोरी, 49 ग्राम फैट जिसमें सात ग्राम सैचुरेटेड 40 ग्राम, अनसैचुरेटेड फैट, जीरो कोलेस्ट्रॉल, सोडियम 18 मिलीग्राम, पोटैशियम 18 मिलीग्राम, कार्बोहाइड्रेट, फोलेट, विटामिन, प्रोटीन, फाइबर आदि अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। बच्चों के लिए मूंगफली का तेल बहुत फायदेमंद होता है क?योंकि इसमें विटामिन बी-3 बहुत अधिक मात्रा में होता है, जो दिमाग के लिए फायदेमंद है। इसके सेवन से याददाश्त बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। मूंगफली का तेल कैल्शियम और विटामिन डी से समृद्ध होता है। इसलिए यह दांतों से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या को दूर करने में बहुत लाभकारी होता है। डायबिटीज की समस?या होने पर मूंगफली के तेल का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बनी रहती है। मूंगफली के तेल के सेवन से ब्लड़ ग्लूकोज का स्तर सामान्य रहता है और ब्लड शुगर स्तर भी कंट्रोल में रहता हैं। मूंगफली के तेल के सेवन से कोरोनरी ऑर्टरी डिजीज नहीं होती है और नर्वस में ब्लड का फ्लो अच्छे से होता है।

धर्म मंत्र

चिंतामण सिद्ध गणेश मंदिर में आने वाले भक्तों की हर चिंता दूर करते हैं बप्पा

प्रथम पूज्य भगवान गणपति की महिमा वैसे तो किसी से छिपी नहीं है, लेकिन कई बार हमें इसके साक्षात उदाहरण ही देखने मिल जाते हैं। गणपति बप्पा अपने जितने भी रूपों में जहां भी दर्शन दें, भक्त को उसका लाभ ही होता है। बप्पा के प्रत्येक रूप का अपना अलग ही महत्व है। फिर चाहे वह उज्जैन के स्थिरमन गणेश हों या फिर चिंतामण गणेश। सुप्रसिद्ध खजराना मंदिर भी दुनियाभर में फ़ेमस है, किंतु आज हम यहां बात कर रहे हैं एक ऐसे मंदिर की जिसकी महिमा और कथा सबसे निराली है। कहा जाता है कि भगवान गणपति आज भी यहां साक्षात मूर्ति रूप में निवास करते हैं। कहा जाता है कि बप्पा को यहां सच्चे मन से पूजने पर वे कभी भी अपने भक्तों को खाली हाथ नहीं जाने देते। इसी वजह से गणेश उत्सव के अतिरिक्त भी यहां सालभर भक्तों का तांता लगा रहता है। यह मंदिर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के समीप ही स्थित सीहोर में मौजूद है और इसे चिंतामण सिद्ध गणेश मंदिर के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि चिंतामण गणेश की चार प्रतिमाएं देशभर में मौजूद हैं, एक रणथंभौर सवाई माधोपुर राजस्थान दूसरी उगौन अवंतिका, तीसरी गुजरात के सिद्धपुर में और चैथी सीहोर में स्थित है। ये सभी स्वयं-भू बतायी जाती जाती हैं। इस मंदिर को लेकर एक कथा भी प्रचलित है जो कि राजा विक्रमादित्य से जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि विक्रमादित्य के पूजन से प्रसन्न होकर भगवान गणपति ने उन्हें दर्शन दिए और मूर्ति रूप में स्वयं ही यहां स्थापित हो गए और सदैव ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने का आशीर्वाद दिया।

पर्यटन

सोनमर्ग में होती है सबसे अच्छी बर्फबारी

सर्दियों मौसम में देश के बहुत से हिस्सों में बर्फबारी होती है। खूबसूरत बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। अगर आप भी बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं तो पहाड़ी इलाकों में जाने का प्लान कर सकते हैं। जम्मू कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की पहाड़ियों में स्नॉफॉल हो रहा है, लेकिन सोनमर्ग इन सब से बहुत अलग स्थान है जो अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। जम्मू कश्मीर में स्थित सोनमर्ग दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है, जहां बर्फबारी का दोगुना मजा ले सकते हैं। अगर आप बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो सोनमर्ग जरूर जाएं। सोनमर्ग की सबसे बड़ी खासियत है आपको यहां बर्फ से जमी हुई झीलों का नजारा देखने को मिलेगा। यहां पर स्नोबोर्डिंग करने का मजा ही कुछ अलग है। बर्फ के अलावा भी आप बहुत कुछ देख सकते हैं। थाजीवास ग्लेशियर, खीर भवानी मंदिर, गडसर झील, बालताल, उसमार्ग, बालताल वैली और गंगाबल झील जैसी खूबसूरत चीजों का आनंद ले सकते हैं। सोनमर्ग सिंद नाले नाम की नदी की घाटी में स्थित है। यह समुद्र तल से 3000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह खूबसूरत स्थान ऊंचे पहाड़ों व झीलों से घिरा हुआ है। यह एक ऐसा स्थान है जहां पर आप कभी भी जा सकते हैं। यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है। अगर यहां पर घूमने के लिए बेस्ट टाइम की बात करें तो अप्रैल से अक्टूबर सबसे अच्छा समय है। गर्मियों में सोनमर्ग का मौसम काफी सुहावना और ठंडा रहता है। तब यहां का तापमान 9 डिग्री से 34 डिग्री के बीच रहता है। इस मौसम में यहां कैम्पिंग और ट्रैकिंग जैसी ऐक्टिविटीज का आप ज्यादा आनंद ले सकते हैं। इसके साथ उसमर्ग, बालताल, गंगाबल झील और कृष्णासागर पार्क का नजारा बहुत सुंदर दिखता है। सोनमर्ग में भारी बारिश होती है और यहां पर सालभर में कभी भी बारिश हो सकती है। यह समय ट्रैकिंग और कैम्पिंग के लिए बेस्ट माना जाता है। सर्दियों के मौसम में मौसम बहुत सुहावना होता है। इस दौरान यहां का तापमान जीरो डिग्री तक चला जाता है और भारी बर्फबारी होती है। आप यहां पर नीला ग्रेड नदी, सतसर झील और थाजीवास ग्लेशियर में बर्फ का मजा ले सकते हैं।

सचिव संवर्ग का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं श्री अखिलेश मिश्रा

ज्वाइन करते ही सौंपी गई अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी , साथियों ने पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । सचिव संवर्ग के हितों की रक्षा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है इनका शोषण किसी भी स्थित में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उक्त बात पंचायत सचिव संवर्ग के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किए गए अखिलेश मिश्रा ने कही उन्होंने आगे कहा मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगा । कर्मचारियों का हित मेरे लिए सर्वोपरि होगा । बताते चलें कि पंचायत सचिव अखिलेश मिश्रा का तबादला विकास खण्ड बनीकोडर हो गया था नियम विरुद्ध तरीके से हुए तबादले के विरोध में अखिलेश मिश्रा हाई कोर्ट पहुंचे थे जहां पर न्यायालय ने स्थानांतरण आदेश पर स्टे देते हुए अखिलेश मिश्रा के हैदरगढ़ वापसी हेतु डीपीआरओ को आदेशित किया था न्यायालय के आदेश के अनुपालन करते हुये डीपीआरओ ने अखिलेश मिश्रा को हैदरगढ़ विकास खण्ड में तैनाती दे जिसके बाद आज ज्वाइन करते ही सचिव संवर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई सभी ने अखिलेश को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया इसी बीच हुई आपात बैठक में सभी सचिवों ने आपसी सहमति से अखिलेश को ब्लाक अध्यक्ष चुन लिया इस दौरान मुख्य रूप से पवन कुमार , नवीन कुमार सिंह अखिलेश दूबे , अजय यादव , दीपक राजपूत , चंद्रेश कुमार , ज्ञान प्रकाश सिंहा , हर्षित श्रीवास्तव , विंद्राज यादव , एवं समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे ।

खाद्य मंत्री के निर्वाचन में स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा बदहाल, चिकित्सक लापता ओपीडी रजिस्ट्र गुम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में आज बुधवार को तहसील क्षेत्र के सभी सरकारी अस्पतालों का एसडीएम द्वारा निरीक्षण किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम काव्या सी द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में सिरौलीगौसपुर के 100 शय्या चिकित्सालय व टिकैतनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर अनियमितताएं प्रत्यक्ष हुई।

सिरौलीगौसपुर चिकित्सालय में एलएमओ डॉ. अल्का अनुपस्थित मिलीं। अस्पताल के महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे उपस्थिति पंजिका और ओपीडी रजिस्टर तक नहीं दिखाए गए। सीएमएस कार्यालय में बंद होने का हवाला देकर चाभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई। निरीक्षण में एक्सपायर दवाएं भी मिलीं, जिनका उचित निपटान नहीं किया गया था। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती तीन मरीजों का रिकॉर्ड भी व्यवस्थित नहीं पाया गया।टिकैतनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी स्थिति चिंताजनक थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. वाई.पी. मौर्या और एलएमओ डॉ. निधि गुप्ता दोनों एक साथ अनुपस्थित थे। 11 जनवरी से ईएमओ द्वारा उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण नहीं किया गया था। लेबर वार्ड में भर्ती मरीजों का कोई रजिस्टर नहीं मिला। दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त लापरवाही और अव्यवस्था को उजागर करता है।

डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों सहित परिसर का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ज़िलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों तथा परिसर का प्रातः करीब दस बजे औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, ईआरके, राजस्व अभिलेखाकार, संयुक्त कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चकबंदी, ई डिस्ट्रिक्ट ऑफिस सहित कलेक्ट्रेट परिसर आदि का निरीक्षण किया और कहा कि सभी कार्यालयों को हर हाल में स्वच्छ बनाए रखे जाने के प्रयास हर स्तर पर सतत प्रक्रिया के तहत किए जाने चाहिए। उन्होंने कई कार्यालयों में उपस्थिति पंजिका तथा पत्रावलियों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित सभी कर्मियों का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। और कहा कि समस्त अधिकारी और कर्मचारी समय से करें कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। कार्यों में विलंब या लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में समयांतर्गत कार्यो का संपादन किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई के प्रति सभी कर्मियों को सदैव सजग रहना चाहिए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों के आधुनिक ढंग से संरक्षित करने के प्रयासों के कार्यों में तेज़ी लाई जाए और नियमित रूप से अभिलेखों का निरीक्षण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त पटलों पर कार्यों की गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर उनके साथ अपर ज़िलाधिकारी श्री इंद्रसेन प्रशासनिक अधिकारी श्री गुरू सहाय निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा ने डूडी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का अचानक दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया और कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। सीडीपीओ ने बच्चों के साथ सामान्य ज्ञान पर आधारित संवाद किया, जिससे बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया जा सके। उन्होंने केंद्र की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर दिया और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र के आस-पास किसी भी प्रकार की गंदगी न होने पाए। यह कदम बच्चों को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका को राशन वितरण को समयबद्ध तरीके से करने का निर्देश दिया। साथ ही, संचारी रोगों के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

डीएम ने जमुरिया नाला का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज बुधवार को ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम नवाबगंज आर. जगत साईं के साथ शहर मध्य से गुजरे एवं बहने वाले जमुरिया नाले का जगनेहटा व यंगस्ट्रीम कॉलेज के निकट निरीक्षण किया। डीएम श्री त्रिपाठी ने जमुरिया नाले में प्लास्टिक व कचरे को देखकर चिंता व्यक्त की तथा जमुरिया नाला को प्लास्टिक व कचरे से मुक्त रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका नवाबगंज सहित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर-टू-डोर लोगों के घरों से प्लास्टिक व कूड़े का प्रतिदिन उठान कराया जाए। जब प्रतिदिन घरों से प्लास्टिक कचरे का उठान होने लगेगा तो जमुरिया नाले में प्लास्टिक व कचरा खुद-बा-खुद कम हो जायेगा। इसके अलावा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा, लोगों को जागरूक किया जाए कि कोई भी जमुरिया नाले में प्लास्टिक व कचरा न फेंके।

नाला में कूड़ा कचरा देख जताया असंतोष, क्रियाशील रखा जाए कचरा प्लांट

यदि फिर भी लोग ना माने तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। प्लास्टिक व कचरे के निस्तारण के लिये बने प्लांट को क्रियाशील रखा जाए जिससे वेस्ट (प्लास्टिक व कूड़े) का निस्तारण प्रतिदिन होता रहे और डंपिंग यार्ड में प्लास्टिक व कूड़ा अधिक दिनों तक एकत्र न रहे। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण

न्याय की उम्मीद में आये वादियों का हित सर्वोपरि : जिलाधिकारी शशांक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जिलाधिकारी ने की बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। पदाधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को सुनने बाद उचित निराकरण का आश्वासन दिया जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने कहा कि न्याय की उम्मीद में आने वाले वादियों का हित सर्वोपरि है, उसी परिपेक्ष्य में हम सबको मिलकर कार्य करना है। उनका प्रयास रहेगा कि दीर्घकाल से लंबित मुकदमों का यथाशीघ्र निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा अन्य सभी प्रकार के लंबित मुकदमों की भी पेंडेंसी को कम किया जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं को बैठने के लिये जर्जर टीनसेट, पेयजल आदि की समस्याएं है, उक्त समस्याओं के निराकरण का जिलाधिकारी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, महामंत्री अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव, मंत्री अतुल वर्मा, पंकज कुमार, विजय पांडेय आदि सहित कार्यकारणी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रभु राम के विराजोत्सव की वर्ष गांठ पर उत्साह, भोजन प्रसाद का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अयोध्याधाम में प्रभु श्री राम के विराजोत्सव की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज पूरे जनपद भर में उल्लास का वातावरण था। जगह-जगह भजन कीर्तन व भंडारा आयोजन व प्रसाद वितरण हुआ। सिरौलीगसपुर से सचिन गुप्ता की रिपोर्ट केमताबिक तहसील क्षेत्र के

बरौलिया में भव्य कीर्तन भजन पश्चात भंडारा आयोजन कर भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। रामलीला मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता नीरज वर्मा प्रहलाद कुमार विमल, संतोष पाण्डेय, अमित भैया राम जी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने विधिवत पूजा-पाठ के साथ हवन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। समारोह में चंदन वर्मा, रामानंद वर्मा, मोहित और आकाश वर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान जयप्रकाश वर्मा और नन्दू राकेश भी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल रहा और सभी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया।भाजपा नेता जिला प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार विमल ने कहा कि हम सबके लिए गर्व का विषय है जो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम के साथ मना रहे।

एसडीएम ने मातहतों को चेताया

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सिद्धौर खंड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता ने मातहत कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कहा कि कोई भी आवास पात्र लाभार्थी छूटने न पाए। इसके लिए सभी पूरी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ क्षेत्र में जाकर कार्य करें। और लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि समस्त आवास सर्वेयर फील्ड में जाकर सर्वे करें ।बैठक में लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, एडीओ कृषि राजेन्द्र चौरसिया,एडीओ आईएसबी राधेश्याम,ग्राम पंचायत सचिव सचिन अवस्थी, जनार्दन चौहान, रवींद्र कुमार वर्मा,दीपक कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, पुनीत कुमार,सुषमा अवस्थी, गीता वर्मा, रेखा चौधरी समेत समस्त मातहत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने रात 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुछ कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद पाए गए जबकि डॉक्टर शना हुसैन डॉ.पूजा गुप्ता नितिन कुमार और फार्मासिस्ट अवधेश गुप्ता अनुपस्थित पाए गए।

फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र गांव लोधे सिंह पुरवा मजरे मेडुवा निवासी मेवा लाल के पुत्र नीरज (30) ने पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा।

एलआईसी के नाम पर की 2 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जीवन बीमा के नाम पर निराश्रित महिला से 2 लाख 70 हजार रुपये की ठगी करने वाले कथित एजेंट के नाम मसौली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा मजरे नहामऊ निवासी इंद्राना ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि करीब 10 वर्ष पूर्व मेरे पति देशराज 2 लाख 70 हजार रुपये दे दिया तथा कहा कि मेरा बीमा एलआईसी कम्पनी मे ही कराना लेकिन विनोद कुमार ने जालसाजी करते हुए एक फर्जी कम्पनी आरसन वन इण्डस्ट्रीज कम्पनी में पैसा जमा कर दिया।

धमका कर बलात्कार, मामला दर्ज

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दुष्कर्म का मामला कोतवाली में दर्ज कराया है। आरोपी पीड़िता के गांव का ही रहने वाला है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पिछले 4 वर्षों से उसके घर आना-जाना था। आरोपी फोन पर भी बात करता था और अपनी बातों में फंसाकर कई बार दुष्कर्म कर चुका है। 11 जनवरी 2025 को रात 11 बजे आरोपी पीड़िता के घर आया और उसे डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया।जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। चिल्लाने पर उसका दिव्यांग पति, जो बाहर के कमरे में सो रहा था, बचाने आया। इस पर आरोपी ने धमकी दी कि अगर इस घटना की शिकायत की तो पीड़िता और उसके पति को जान से मार देगा। पीड़िता ने अपने पति को पूरी घटना के बारे में बताया और 22 जनवरी को दोनों थाने पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

शिव मंदिर के जिर्णोद्धार की मनाई वर्षगांठ भंडारा आयोजित

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड बनीकोडर के देवीगंज चौराहे पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रबंधक विवेकानंद शुक्ला ने बताया कि पिछले साल 22 जनवरी को इस मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था ।आज जीर्णोद्धार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में खीर पूड़ी का प्रसाद स्टॉल लगाकर वितरित किया गया। देवीगंज मुख्य चौराहे पर कई वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े शिव मंदिर को स्थानीय समाजसेवी विवेकानंद शुक्ला ने जन सहयोग व आशीष सिंह सिसोदिया के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था।पिछले वर्ष आज ही के दिन मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है,उसी के उपलक्ष्य में आज शिव मंदिर में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें आस पास के लोगों ने हवन यज्ञ में भाग लिया।तत्पश्चात भंडारे का शुभारंभ हुआ जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम में मंदिर के प्रबंधक विवेकानंद शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला,हरिहर सिंह,पंकज यज्ञसैनी,रामकुमार पंडित सहित अन्य भक्तों का प्रमुख सहयोग रहा। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सार्वजनिक मार्ग क्षतिग्रस्त बंद कर रहा प्रधान, ग्रामीणों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। पूर्व प्रधानों द्वारा बनाए गए नियमानुकूल चकमार्ग जो कि सैकड़ों ग्रामीणों के आने जाने का सहज रास्ता है,को वर्तमान प्रधान द्वारा नष्ट ध्वस्त किया जा रहा है। प्रधान के गैर सरकारी कृत के खिलाफ ग्रामीणों में भारी असंतोष है। ग्रामवासियों राजेश कुमार,राममिलन,विष्णु कुमार,विवेक,रूपचन्द्र सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से बुधवार को मिल कर शिकायती पत्र दिया है।ग्रामीणों का आरोप है कि देवगांव ग्राम पंचायत मौजमपुर में पूर्व प्रधानों द्वारा मेन पक्की सड़क से देवई तालाब से होते हुए लिलौली नहर तक कच्चे मार्ग का निर्माण/ नवीनीकरण करवाया गया था जिस पर होकर आस-पास के किसानों व अन्य ग्रामीण और राहगीरों का आना जाना रहता है।उधर अन्य कोई आने जाने का रास्ता भी नही है। वर्तमान प्रधान रामप्रताप वर्मा कुछ लोगों से रंजिश के लिए पेशबन्दी के कारण उक्त रास्ते को जानबूझकर खोदवाकर बंद करवा रहे है जबकि उक्त रास्ते पर काम करवाकर रामप्रताप वर्मा ने भी सरकार धन खर्च किया है।और जो श्रमिक काम कर रहे है वे ग्राम पंचायत ही नहीं वह विकास खण्ड के भी निवासी नही है। बल्कि सीतापुर जिला के है। जिसको लेकर पूरी ग्राम पंचायत के लोग आक्रोशित है।परन्तु विपक्षी मनबढ़ व दबंग किस्म का व्यक्ति है जिससे कोई व्यक्ति विरोध नही कर पा रहा है और जिन लोगों ने उक्त रास्ता खोदवाये जाने से मना किया है उन लोगों को प्रधान ने सरकारी काम में बाधा डालने व जेल भेजवाने की धमकी देकर चुप करवा दिया है। रास्ता लगभग आधा खुद गया है। जिस कारण प्रार्थीजन यह प्रार्थना पत्र दे रहे है।

प्रार्थीजन व किसान उस रास्ते का उपयोग करते व आते जाते रहे हैं। यदि रास्ता बंद हो गया तो प्रार्थीजनों को आने जाने व खेती करने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सरहंग ग्राम प्रधान रामप्रताप वर्मा को सार्वजनिक मार्ग को खोदवाने व बंद करवाये जाने से रोका जाए तथा सरकार का पैसा दुरूपयोग करने के सम्बन्ध में जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सीएमएस ने किया ओपीडी व वार्डों का निरीक्षण, 435 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में मरीजों की भारी भीड़ बुधवार को देखने को मिली।अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर नीलम गुप्ता ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी और अन्य वार्डों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को समझा।ओपीडी में कुल 435 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा, 95 मरीजों के रक्त नमूने लेकर जांच की गई। चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सीएमएस ने डॉक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।सीएमएस डॉक्टर नीलम गुप्ता ने बताया कि मरीजों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए डॉक्टर को निर्देश दिए गए तथा मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया गया ।अस्पताल में डॉक्टर गौरव कृष्ण, डॉक्टर गौरव नारायण, डॉक्टर तहीर फातिमा और डॉक्टर अविनाश कुमार उपाध्याय सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे और मरीजों का उपचार किया।

10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया एमडीए कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाये जाने वाले फाइलेरिया एम.डी.ए. कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व अन्त विभागीय समन्वय हेतु प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें डब्ल्यू.एच.ओ. से आये डा. राहुल ने बताया कि जनपद में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु चलाये जाने वाले एम0डी0ए0 कार्यक्रम में प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को प्रशिक्षित औषधि उपचारकों द्वारा डी0ई0सी, एलबेन्डाजोल की गोलियों का सेवन कराया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि यह औषधियां पूर्णत सुरक्षित है। इस अभियान से पूर्व मास्टर प्रशिक्षक अपने अपने ब्लाकों में कार्यक्रम में लगाये जाने वाले औषधि उपचारकों को प्रशिक्षित करेंगें। एम0डी0ए0 कार्यक्रम 10 दिवसीय कार्य है, जिसमें सभी योग्य लाभार्थियों को 02 प्रकार की औषधियों (एलबेन्डाजोल एवं डी0 ई0 सी0) का सेवन कराया जाना है। प्रत्येक

कार्य दिवस में प्रत्येक 2 सदस्यीय टीम द्वारा 25 घर (लगभग 125-130 जनसंख्या) को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में गांव अथवा शहरी क्षेत्र की जनसंख्या को 10 दिन में औषधि के सेवन से आच्छादित कराने के लिए माइक्रोप्लान बनाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु निर्मित किया जाने वाला माइक्रोप्लान आशा केन्द्रित एवं शहरी क्षेत्रों हेतु निर्मित किया जाने वाला माइक्रोप्लान अर्बन ए0एन0एम0/ आशा केन्द्रित रहेगा। ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों में दवा सेवन का कार्य अर्बन आशा/आंगनवाडी/स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा किया जायेगा। सीडीओ ने कहा कि आशा के घर को कार्यक्रम हेतु डिपो के रूप में स्थापित किया जाए, जिससे छूटे हुए लोग बाद में आशा के घर जाकर आशा के सामने औषधि का सेवन कर सकें। अभियान के अन्तर्गत एक वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी स्वस्थ्य व्यक्तियों को औषधियों की एक खुराक का सेवन वर्ष में एक बार आयुवर्ग के अनुसार कराया जायेगा। औषधि का सेवन खाली पेट नहीं किया जाना है। 01 वर्ष से कम आयु के लोगो को डी0ई0सी0 टैबलेट शून्य एलबेन्डाजो टैबलेट शून्य, 01 वर्ष से 02 वर्ष तक डी0ई0सी0 टैबलेट शून्य एलबेन्डाजो टैबलेट आधी 200एमजी, 02 वर्ष से अधिक एवं 05 वर्ष से कम डी0ई0सी0 टैबलेट 01 100एमजी एलबेन्डाजो टैबलेट 01 400एमजी, 05 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम डी0ई0सी0 टैबलेट 02 200एमजी एलबेन्डाजो टैबलेट 01 400एमजी, 15 वर्ष से अधिक डी0ई0सी0 टैबलेट 03 300एमजी एलबेन्डाजो टैबलेट 01 400एमजी, जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जा चुका है। जो अपने ब्लाको में लगाये जाने वाले औषधि उपचारकों को प्रशिक्षित करेंगे।

सीडीओ ने अन्य विभागों को निर्देश दिये है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें तथा बताया कि यह कार्यक्रम जनपद के 4 ब्लाकों एवं जनपद के नगर निगम क्षेत्र में कराया जायेगा। सीडीओ ने निर्देश दिये कि सभी ब्लाक समयानुसार अपनी गतिविधियों को पूर्ण कराये तथा कार्यक्रम हित में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करायें। जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सचेत किया कि इन दवाओं के सेवन से कतिपय व्यक्तियों में प्रतिकूल प्रभाव हो सकता है, लेकिन यह उन्हीं व्यक्तियों में होगा जिनमें पहले से माइक्रोफाइलेरिया उपस्थित है या व्यक्ति ने खाली पेट औषधि का सेवन किया हो, लेकिन यह स्वतः ही ठीक हो जाता है. यदि ठीक नहीं होता है तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक से परामर्श ले। मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया कि सभी ब्लाकों में फाइलेरिया एम0डी0ए0 कार्यक्रम का उदघाटन प्रधान, सचिव से कराया जाये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में पैरेंटस टीचर की बैठक करायी जाय एवं उनका संवेदीकरण किया जाय। साथ ही सभी विभागों को भी निर्देशित किया कि अपने विभाग से संबंधी गतिविधियों को गति प्रदान करते हुए कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करे। बैठक में पंचायतीराज, आपूर्ति, शिक्षा, बाल विकास विभाग, अल्पसंख्यक, मनोरंजन विभागों के अधिकारी/ प्रतिनिधि, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित ब्लाकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी.सी.पी.एम., जिला स्वास्थ्य, शिक्षा अदि विभागों के संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

खाद्य विभाग टीम का छापा, व्यापारियों में मचा हड़कंप, भरे नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार। बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब खाद्य निरीक्षक अजीत कुमार सिंह एवं विशेष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम नगर के बंडा रोड स्थित पंडित किराना स्टोर पर पहुंची। यहां पर टीम ने सरसों के खुले तेल की जांच की। जांच के दौरान उन्हें तेल में मिलावट होने की आशंका लगी। जिस पर उन्होंने दो अलग-अलग टीन में रखें सरसों के तेल के सैंपल लिए और उन्हें पैक कर जांच के लिए अपने साथ ले गए। खाद्य निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सरसों के तेल के दो सैंपल लिए गए हैं। इन्हें जांच के लिए लाइव भेजा जाएगा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, नगर में खाद्य विभाग की टीम की छापेमारी की खबर कुछ ही देर में आपकी तरह फैल गई।

खबर लगते ही अपनी अपनी दुकानों के शटर बंद कर मौके से भाग गए। जिस वजह से खाद्य विभाग की टीम पंडित किराना स्टोर पर करीब 1 घंटे तक छापेमारी करने के पश्चात वापस शाहजहांपुर के लिए लौट गए। छापेमारी की खबर से किराना व्यापारियों के साथ ही अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री करने वाले लोगों में खलबली मची रही।

मौसम का बदलाव: बारिश और घने कोहरे का अलर्ट

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मौसम के बदलाव से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते प्रदेश में बारिश और कोहरा और बढ़ने की संभावना हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी यूपी के 20 जिलों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इन इलाकों में पछुआ हवा की दिशा बदलकर पूर्वा होने लगेगी।

तराई में घने कोहरे का कहर

देवरिया, गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना प्रबल हो गई है, जिससे यातायात प्रभावित हो सकता है। मंगलवार से हवा की रफ्तार कम होने के साथ ठंड का असर फिर बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ की राय के अनुसार आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कल 23 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा। पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है।बारिश को लेकर सतर्क रहने के साथ ही इन जिलों के लोग विशेष सावधानी बरतें।

गोरखपुर विश्वविद्यालय और टीमलीज एडटेक मुंबई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए टीमलीज एडटेक, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केंद्र के तहत ऑनलाइन कार्यक्रमों के विकास और प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक तकनीकी, शैक्षणिक और समर्थन अवसंरचना की स्थापना करना है।यह पहल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने और आधुनिक शिक्षण प्रणालियों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आगामी शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू करेगा, जो छात्रों को नई शिक्षा प्रणाली से जोड़ने और उनकी शैक्षणिक व पेशेवर जरूरतों को पूरा करने में सहायक होंगे।समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन कुलपति और टीमलीज एडटेक के प्रतिनिधि श्री महेश कुमार शांडिल्य ने किए। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा, ''यह समझौता विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से छात्रों को उनकी सुविधानुसार उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।''इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. गौरहरि बेहेरा, प्रो. विजय चहल, डॉ. विस्मिता पालीवाल और डॉ. स्वर्णिमा सिंह भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय परिसर की एथलेटिक टीम का चयन 25 जनवरी को

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। 4 फरवरी से विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 में प्रतिभाग करने वाली विश्वविद्यालय परिसर की एथलेटिक (पुरुष एवं महिला) टीम का चयन 25 जनवरी को प्रातः 9 बजे से विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ राज वीर सिंह ने दी, तथा बताया कि चयन /ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक छात्र, छात्राएं अपने हाई स्कूल से अब तक के समस्त मूल अंक पत्र, शुल्क रसीद,आधार कार्ड एक फोटो, परिचय पत्र के साथ निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित हो।

विवाद में दो पक्षों में चले खूब लाठी डंडे, नौ लोग घायल

इटावा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जसवंतनगर क्षेत्र के गाँव जारीखेड़ा में पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए ,जमकर एक दूसरे पक्ष में लाठी डंडे चले।पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित नौ लोगों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत कानूनी कार्रवाई की। बताते है कि पहला पक्ष अशर्फीलाल , देवेश कुमार, रोहित, विकास कुमार, देवेश कुमार, आदि का लेन देन दूसरे पक्ष राजकपूर, रंजीत सिंह, अनिल कुमार से था।जब पहले पक्ष ने दूसरे पक्ष से पैसे मागे तो आपस में विवाद हो गया और विवाद इतना आगे बढ़ा कि आपस में लाठी डंडे चल गए इसी बीच इन दोनों पक्ष की महिलाये सोनम तथा सुनीता भी लड़ाई में बीच बचाओ करनी लगी तो वह भी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ने बताया कि सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और दोनों पक्षों के मामले दर्ज कर सभी को न्यायालय भेजा गया है।

महिला के साथ शातिर उचक्कों ने की टप्पेबाजी, पुलिस जांच मे जुटी

इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता । मैनपुरी से इटावा पहुंची महिला वीरन देवी(बंधारा, भरथना थाना क्षेत्र निवासी) के साथ शास्त्री चौराहे पर टप्पेबाजी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, वीरन देवी मैनपुरी की बस से उतरकर शास्त्री चौराहे पर पहुंची थीं। वहां दो अज्ञात उचक्कों ने अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों से उन्हें झांसे में लेकर उनके कानों के कुंडल, मंगलसूत्र, मोबाइल और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद जब महिला को अपनी ठगी का एहसास हुआ, तो उन्होंने शोर मचाया। लेकिन तब तक आरोपी मौका पाकर वहां से फरार हो चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़कर महिला का सामान वापस दिलाया जाएगा।इस घटना से स्थानीय लोगों में रोष है और उन्होंने शास्त्री चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

नेता जी सुबाष चन्द्र बोष की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित हूआ कार्यक्रम

कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। परंपरागत एवं लुप्तप्राय कलाओं के संवर्धन में अग्रणी अखिल भारतीय संस्था '' संस्कार-संगम '' कुशीनगर के तत्वावधान में नेता जी सुबाष चन्द्र बोष की जयंती की पूर्व से संध्या पर भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को नगर स्थित डॉ0अम्बरीष विश्वकर्मा के चित्रतुली-भवन में आयोजित कार्यक्रम का आरम्भ विधिवत भारत माता के चित्र का पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ध्येय गीत एकात्मता मंत्र- यं वैदिका मंत्रदृशः पुराणा.....के गायन से हुआ। संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। दिनेश तिवारी '' भोजपुरिया '' ने बताया कि यह कार्यक्रम नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित है। भारत माता देश में सर्वोपरि हैं, सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया ''जय हिन्द'' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। डा0 अम्बरीष विश्वकर्मा ने कहा कि सही शब्दों में कहा जाए तो सुभाष चंद्र बोस के द्वारा किया गया कार्य सर्वोपरि है। सही मायने में सुभाष चंद्र बोस भारत माता के सच्चे सपूत हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेश प्रसाद गुप्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत धर्म भूमि, कर्म भूमि, पुण्य भूमि और महामंगलमयी है। भारत माता सबकी माता है। दुनिया का केवल एक देश भारत है जिसे भारत माता कहते हैं। ''भारत माता की जय ''यह केवल उद्घोष नहीं है, यह हर भारतीय की आशा-आकांक्षा-अभिलाषा व संकल्प है। हमने 'यह कंकर-पत्थर रेत नहीं, यह तो माता है माता है' गीत गाकर माता के रूप में आराधना की है। हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद में 'माता भूमिः पुत्रो?हं पृथिव्या' कहकर पृथ्वी को आराध्य माना है। भगवान राम ने 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि 'कहकर इसकी महिमा गायी थी। भारत मां फिर से अखण्ड हो, भारत विश्व गुरू बने ऐसा आज संकल्प लेते हैं।

मोबाइल न मिलने से पति से क्षुब्ध विवाहिता ने लगाई फांसी

- बीते सोमवार को पति-पत्नी ने खुशी से बेटे का मनाया था जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। जसवंतनगर।थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने मोबाइल फोन न मिलने के कारण पति से नाराज होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य इकट्ठे कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को ग्राम भगवानपुरा की रहने वाली अंजलि पत्नी आशीष बंजारा उम्र करीब 25 वर्ष ने दोपहर को साड़ी के सहारे पंखे के कुंडे से लटक कर फांसी लगा अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।मृतका का एक साल का बेटा अयान उर्फ कुरकुरे की जब रोने की आवाज आई तो घर के बाहर काम कर रही

मृतका अंजलि का फाईल फोटो

उसकी सासु ने जाकर देखा बंद कमरे में उसकी बहू अंजलि फांसी पर लटकी हुई है तो वह हक्की वक्की रह गई और चिल्लाने लगी सासु की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जंगला तोड़कर कमरे में घुसी।पुलिस और सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे और तहसीलदार दिलीप कुमार मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बताया गया है कि मृतका अंजलि के पति का दो दिन पूर्व मोबाइल टूट गया था तो उसने अपनी पत्नी का मोबाइल फोन प्रयोग करने के लिए ले लिया था।

मृतका का अपने पति से अपना या नया फोन की मांग लेने की मांग कर रही थी। मोबाइल फोन न मिलने से अपने पति से क्षुब्ध होकर मृतका ने फांसी लगा ली। मृतक का मायका ग्राम भारापुर थाना एलाऊ तहसील भोगांव मैनपुरी है और दो वर्ष पूर्व ही आशीष से शादी हुई थी।पड़ोसियों के अनुसार मृतका के बेटे अयान का बीते सोमवार को जन्मदिवस था।घर पर डीजे की धुन और पार्टी के साथ हर्षोल्लास के बीच मृतका के बेटे अयान का जन्मदिन मनाया गया था। अगले दिन इतनी बड़ी घटना हो जाएगी किसी को अंदाजा नहीं था।

एसपी रेलवे गोरखपुर ने की गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा मीटिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। आज पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर संदीप कुमार मीना द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे कार्यालय जीआरपी अनुभाग गोरखपुर से महाकुम्भ- 2025 के दृष्टिगत गूगल मीट द्वारा समस्त थाना/चौकी व अस्थायी चौकी प्रभारियों का अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा हेतु समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए गए। एसपी श्री मीना ने अनुभाग के समस्त चौकी/थाना प्रभारी को महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्लेटफार्म पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर ठंडी के मौसम के कारण रेलवे प्रशासन व आरपीएफ व सिविल प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा महाकुम्भ -2025 के शाही स्नान मौनी अमावस्या के दृष्टिगत भारी संख्या में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा हेतु अलग से कार्य योजना बनाकर उसका पालन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सक्रिय/ अभ्यस्थ अपराधियों का सत्यापन कराते हुये उनकी गतिविधियों की निरन्तर निगरानी कराने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त आधा दर्जन बिंदुओं पर निर्देशित किया गया।

प्राथमिक विद्यालय से अभिलेख सहित कई सामान हुए चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैनपुर नागर उच्च प्राथमिक विद्यालय से अभिलेख सहित कई सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में प्रधानाध्यापिका पुष्पा यादव ने बताया आधा दर्जन विद्यालय से संबंधित रजिस्टर व अन्य जरूरी कागजात चोर-चोरी कर ले गए हैं।सफाई कर्मी मनीष प्रजापति ने बताया कि रोज की तरह में ज़ब विद्यालय आया तो देखा कि विद्यालय ताले टूटे पड़े देख सन्न रह गया इसके बाद मैंने तुरंत विद्यालय की मैडम को विद्यालय में ताले टूटे पड़े होने सूचना दी सूचना पर पहुंची। प्रधानाध्यापिका पुष्पा यादव ने कम्पोजिट विद्यालय जैनपुर नागर के ऑफिस व कक्षाओं के कुण्डे कटे व ताले टूटे हुए देख घटना की सूचना विद्यालय स्टॉफ एवं मेरे द्वारा 112 नम्बर पर फोन कर के दी खबर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे विद्यालय का विधिवत मुआयना किया

जिसमें कम्प्यूटर,हार्ड डिस्क, खाद्यान्न, सिलेण्डर, पंखे, कैमरा, डिस्प्ले, स्टीकर, बर्वन रेडियो इत्यादि सामान चोरी हुए पता पड़ा,आपको बता दे कि पूर्व में विद्यालय में 2019 में चोरी हुई थी। क्षेत्र में इस तरह की घटना कई बार हो चुकी है,अगले वर्ष टकपुरा में 2 बार, कच्छपुरा 2 बार चोरी हुई मगर हर बार पुलिस के हाथ खाली ही रहे अब देखना यह है कि चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित होगी, या चोरियों पर अंकुश लगेगा या फिर चोरी की घटनाएं लगातार विद्यालयों में होती रहेगी। पुलिस में तहरीर देकर प्रधानाध्यापिका ने कार्रवाई की मांग की है

सपा कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा। प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय श्री जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारी के साथ स्वर्गीय मिश्रा जी के चित्र पर माल्यार्पण किया,साथ ही उनके विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू जी ने कहा कि श्री मिश्र जी का सपना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा निशुल्क प्राप्त हो, उन्होंने श्री मिश्र के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी को सांसद इटावा मान ध जितेंद्र दोहरे जी ने भी संबोधित कर स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्श पर चलने का संकल्प दिलाया।

विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू जी, सांसद मान ध जितेंद्र दोहरे जी, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवार हुसैन,

चच्चु शुक्ला, श्री मति लीलावती राजपूत जी, जिलाध्यक्ष महिला सभा सीमा यादव, वरिष्ठ नेता के के यादव, पं ध रतन चौधरी, वृजवीर सिंह यादव लाला, प्रवक्ता /मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी , जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद, हमीद पहलवान, जिला सचिव राजकुमार यादव, प्रवीन कुशवाह, सीताराम कश्यप, रामबेटी गोयल, शशि यादव, अखिलेश प्रधान, संत प्रकाश आर्य, रामवीर सिंह यादव, रविंद्र यादव, वी के यादव, अमित कठेरिया, जिलाध्यक्ष सा ध प्रकोष्ठ राजेंद्र निराला, गौरव यादव, हुकुम सिंह यादव, ब्रजेंद्र यादव, अवनीश आगवान, कुलदीप जाटव, रोहित जाटव, मान सिंह राहुल टेलर, अंकुर यादव, अनुज यादव , मोहित शाक्य आदि पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी शामिल हुए।

पंचायत सहायकों का अल्प मानदेय, नहीं हो पा रहा गुजारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद की सभी ब्लॉकों के पंचायत सहायक एकत्रित होकर कटरा विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस को अपनी समस्याओं को ज्ञापन सौंपा.... पंचायत सहायकों ने बताया कि हम सभी पंचायत सहायक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कर रहे हैं ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों को संपादित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं किंतु हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों और प्राप्त हो रहे मानदेय तथा सुविधाओं के बीच काफी असमानता है अतः हम पंचायत सहायकों की निम्नलिखित मांगों को आपकी सरकार के समझ प्रस्तुत करते हुए उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा करते हैं पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 26910 रुपए प्रतिमाह (न्यूनतम कुशल मजदूरी दर) के आधार पर किया जाए इसके साथ ही इसे ग्राम निधि से हटाकर राज्य पोषित किया जाए और पंचायत सहायक को प्रति आवेदन मिलने वाली 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि को ग्राम निधि में ही भेज दिया जाए। अनुबंध प्रणाली को समाप्त करते हुए पंचायत सहायकों की सेवा नियमावली बनाई जाए और उन्हें स्थाई

किया जाए ताकि अधिक स्थायित्व और सुरक्षा के साथ अपनी सेवाएं दे सकें। महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू किया की जाए साथ ही नगर पंचायत में जाने वाली ग्राम पंचायत के पंचायत सहायकों को अन्य रिक्त ग्राम पंचायतो में समायोजित किया जाए। पंचायत सहायक लगभग पंचायत सचिव के समान कार्य कर रहे हैं अतः ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों पर पंचायत सहायकों को आरक्षण प्रदान किया जाए पंचायत सहायकों द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किए जाते हैं जिनके लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन या टैबलेट की आवश्यकता होती है सरकार से आग्रह है कि हमें यह उपकरण प्रदान किए जाएं पंचायत सहायकों के परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में जोड़ा जाए ताकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकें। हमारी उपरोक्त मांगे न केवल पंचायत सहायकों की बेहतरी के लिए आवश्यक हैं बल्कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को अधिक प्रभावी और सुचारू रूप से लागू करने में भी सहायक होंगी आप से विनम्र निवेदन है कि हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर उनके शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त करें आपका समर्थन और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हमें आशा है कि आप हमारे जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगे। इस दौरान बीकेश कुमार, सोविंदर राज, शिवापाल, हीरालाल वर्मा, आदेश कुमार, गिरीश कुमार, विशाल पांडेय, अवनीश कुमार, प्रशांत कुमार, शिल्पी पाल, सुषमा चौहान, शगुफ्ता, दीक्षा राठौर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने जनपद में पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में तीन मुख्य मुद्दों को उठाया है। जिनमें एक्सीडेंट मामले में कार्रवाई, मर्डर मामले में कार्रवाई और चोरी मामले में कार्रवाई शामिल हैं।एक्सीडेंट मामले में कार्रवाईः थाना बण्डा क्षेत्र के ग्राम उदरा टिकरी में एक्सीडेंट में मंजेश कुमार की मौत हो गई थी। भाकियू कार्यकर्ता नन्हेलाल ने एक्सीडेंट करने वाले ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। भाकियू ने मांग की है कि एक्सीडेंट करने वाले ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध अतिशीघ्र कार्रवाई की जाए और ट्रैक्टर को सीज किया जाए. मर्डर मामले में कार्रवाईः भाकियू कार्यकर्ता वीरपाल की पुत्री रोली का मर्डर हुआ था। वीरपाल ने मामला दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक सभी मुल्जिमों को गिरफ्तार नहीं किया है। भाकियू ने मांग की है कि मर्डर मामले में सभी मुल्जिमों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाए. चोरी मामले में कार्रवाई। थाना सदर बाजार क्षेत्र के अन्तर्गत मोह0 सुभाषनगर में भाकियू महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष किरन प्रजापति के मकान में चोरी हुई थी। पुलिस अभी तक चोरी का खुलासा नहीं कर पायी न ही चोरों को गिरफ्तार किया है। भाकियू ने मांग की है कि चोरी मामले में अतिशीघ्र कार्रवाई की जाए और चोरों को गिरफ्तार किया जाए. भाकियू की चेतावनी। भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का समाधान 26 जनवरी 2025 तक नहीं किया जाता है, तो भाकियू 27 जनवरी 2025 से जिला मुख्यालय शाहजहाँपुर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन, अनशन, आमरण अनशन, चक्का जाम, घेराव, जेल भरो आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

'आप-दा' वाले दिल्ली में हार से डरे हुये हैं, रोज निराधार वायदे कर रहे हैं: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर लोकपाल के गठन जैसे वायदों से पीछे हटने का आरोप लगाते हुये कहा कि यह पार्टी हार से इतनी डरी हुयी है कि इन्हें रोज नयी हवाई घोषणायें करनी पड़ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप की सरकार ने आयुष्मान जैसी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के लोगों को वंचित रखने का पाप किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये जोरदार प्रचार अभियान के बीच श्री मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर जी-जान से मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग सरकार बदलने का मन बना चुके हैं और कार्यकर्ताओं का प्रयास होना चाहिये कि इस बार पार्टी को हर बूथ पर 50 प्रतिशत मत मिले। उन्होंने आप को आप-दा की संज्ञा देते हुए कहा, दिल्ली वाले आप-दा वालों के झूठ और फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नयी घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि इनको रोज इनको (चुनाव में अपनी आसन्न) पराजय की नयी-नयी खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुये हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नयी घोषणा करनी पड़ रही है, लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गयी है।ङ्क उन्होंने कहा, ञ्ज हमने दिल्ली में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के लिये आयुष्मान भारत योजना को

लागू करने के लिये 'आप-दा' के लोगों से अनुरोध किया है, लेकिन वे इसे लागू नहीं करना चाहते हैं। मैं दिल्ली के लोगों को बताना चाहता हूं कि इस योजना के कई लाभ हैं, लेकिन आप-दा के लोगों ने इस योजना के कार्यान्वयन में बाधायें पैदा की हैं। उन्होंने कहा कि ये आप-दा वाले तो अपने वायदों और बातों से ही पलट गये हैं। जन लोकपाल के नाम पर ये पार्टी बनी, लेकिन जन लोकपाल आज तक न तो दिल्ली में है और न ही पंजाब में है और न ही अब ये इसकी बात करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तो यह पार्टी इसका बहाना ढूंढ लेती है, लेकिन पंजाब में तो इनकी सरकार है, ये वहां भी लोक पाल नहीं बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ञ्जइस बार दिल्ली के शत-प्रतिशत युवाओं का वोट भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को ही मिलने वाला है। दिल्ली का युवा चाहता है कि यहां रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें, दिल्ली स्टार्टअप हब बने, यहां उसकी युवा आकांक्षा के हिसाब से काम करने वाली सरकार हो। इसलिये दिल्ली के युवा की पहली पसंद भाजपा है। दिल्ली का युवा आप-दा वालों से नफरत करता है और उन्हें सजा देने के मूड में है। श्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने वाले हैं। इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ को दो लक्ष्य तय करने हैं, पहला मतदान के पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा मामूली विजय नहीं, हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट कैसे मिलें, इसके लिये बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआयें लेनी हैं। श्री मोदी ने कहा, 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' केवल एक कार्यक्रम नहीं है। भाजपा की जीवंतता, भाजपा की जड़ों की ताकत और जिन जड़ों से भाजपा का विस्तार हुआ है, उसके मूल में आप सब कार्यकर्ताओं ने जिसे अपना जीवन मंत्र बनाया है, वह है, 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत'।

सुरक्षा बलों का नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर कब्जा

बीजापुर 22 जनवरी (वार्ता) छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के हाईटेक ट्रेनिंग कैंप पर कब्जा कर एक और सफलता हासिल की है। बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित भट्टिगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों ने हाईटेक ट्रेनिंग कैंप बना रखा था। मंगलवार को कोबरा बटालियन के जवानों ने ट्रेनिंग कैंप में धावा बोलकर कैंप को अपने कब्जे में लिया। साथ ही ट्रेनिंग कैंप में बने स्मारक को भी ध्वस्त कर दिया। नक्सलियों ने गंगनचुम्बी पेड़ों को भी ट्रेनिंग के लिए तैयार कर रखा था। ट्रेनिंग के लिए पक्के बैरक और झोपड़ियां बनाए गए थे, जिसे सुरक्षा बल के जवानों ने ध्वस्त किया। गौरतलब है कि सुरक्षा बलों के जवानों ने भट्टिगुडा के जंगलों में मंगलवार को खत्म हुए मुठभेड़ में 16 नक्सलियों को मार गिराया था।

कर्तव्य पथ पर दिखाई देगी नौसेना की समुद्री ताकत की झलक

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान नौसेना की झांकी में अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस दो युद्धपोतों तथा पनडुब्बी के माध्यम से देश की सुमद्री ताकत की झलक दिखाई देगी। नौसेना के वाइस एडमिरल विनीत मकार्टी (नियंत्रक कार्मिक सेवाएं) ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाले नौसेना के मार्चिंग दस्ते और झांकी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गत 15 जनवरी को नौसेना के बेड़े में शामिल किये गये अत्याधुनिक युद्धपोत आईएनएस सूरत , आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर को दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि नौसेना के ये युद्धपोत हिन्द महासागर में नौसेना की समुद्री ताकत तथा बदलती परिस्थितियों में भारत के नजरिये का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिप्रेक्ष्य में यह झांकी नौसेना की तस्वीर प्रदर्शित करती है। वाइस एडमिरल मकार्टी ने कहा कि नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा लिए समय और जरूरत के अनुसार अपनी ताकत बढा रही है। नौसेना के लिए देश में ही 63 युद्धपोत बनाये जा रहे हैं जिन्हें समयनुसार नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। नौसेना के मार्चिंग दस्ते के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलुवालिया ने बताया कि दस्ते में 144 नौसेनाकर्मी होंगे जिनमें अधिकारी , नाविक और अग्निवीर सब शामिल होंगे। ये नाविक कर्तव्य पथ पर एक तरह से मिनी भारत के प्रतीक के रूप में दिखाई देंगे। ये 17 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के हैं और इनकी औसत आयु 25 वर्ष के आस पास है। उन्होंने कहा कि बीटिंग रिट्रीट समारोह में नौसेना का 80 सदस्यीय बैंड हिस्सा लेगा जिसमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं।

भारत का विकास समावेशी, न्यायसंगत व पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत तेजी से प्रगति करने वाला विकासशील देश है, लेकिन इसका विकास समावेशी, न्यायसंगत व पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ है ।

श्री सिंह ने बुधवार को केरल के पथानामथिट्टा जिले में प्रसिद्ध लेखिका और पर्यावरणविद् सुगाथाकुमारी की 90वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का उपभोग जरूरत आधारित होना चाहिए न कि लालच आधारित, उन्होंने कहा कि स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 'उपयोग करो और खत्म करो' की अर्थव्यवस्था से निजात पाने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने सुगाथाकुमारी को न केवल एक कवि बल्कि समाज की अंतरात्मा की रक्षक के रूप में वर्णित किया क्योंकि भावनात्मक

सहानुभूति, मानवतावादी संवेदनशीलता और नैतिक सतर्कता से ओतप्रोत उनका काम सामाजिक और पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने का एक माध्यम बन गया। उन्होंने कहा कि केरल में, जो अपनी हरियाली और नदियों के लिए जाना जाता है, वह पारिस्थितिकी तंत्र की एक प्रखर रक्षक के रूप में उभरी और 'साइलेंट वैली बचाओ' आंदोलन में उनका उल्लेखनीय योगदान पर्यावरण सक्रियता के इतिहास में एक निर्णायक क्षण था। श्री सिंह ने बताया कि भारत के संविधान निर्माता महान पूर्वजों के विचारों और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान से अवगत थे, यही वजह है कि पर्यावरण की रक्षा, सुधार और सुरक्षा के लिए एक निर्देश स्थापित किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान ने सभी नागरिकों का मौलिक कर्तव्य बनाया है कि वे प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करें और जीवित प्राणियों के प्रति दया रखें। उन्होंने कहा, ञ्जमानवता को प्राकृतिक संसाधनों का ट्रस्टी होना चाहिए, लेकिन कभी मालिक नहीं होना चाहिए। प्रकृति का कभी भी शोषण नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उसका सम्मान, पूजा और बिना बर्बादी के उपयोग किया जाना चाहिए। हम, मनुष्य के रूप में, बुद्धिमान प्रजाति होने चाहिए। लेकिन हमने अपनी यात्रा में कई गलत मोड़ लिए। शुक्र है कि हमारे पास सुगाथा कुमारी जी जैसे लोग थे जिन्होंने माँ प्रकृति की अपने सच्चे बच्चे की तरह सेवा की। रक्षा मंत्री ने सरकार द्वारा की गई हरित पहलों का भी उल्लेख किया।

चुनाव प्रचार के लिए ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित फैसला

नयी दिल्ली, 22 जनवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को राष्ट्रीय राजधानी में 2020 हुए दंगों से जुड़े एक मामले में अंतरिम जमानत याचिका पर बुधवार को खंडित फैसला सुनाया।

उन्होंने चुनाव प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की गुहार शीर्ष अदालत के समक्ष लगाई थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इस मामले में अलग-अलग राय व्यक्त की और रजिस्ट्री (शीर्ष अदालत की) को आदेश दिया कि वह मामले को देश के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखे ताकि एक बड़ी पीठ का गठन किया जा सके। न्यायमूर्ति मिथल ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे भानुमती का पिटारा खुल जाएगा।

जेएसडब्ल्यू ग्रुप और महाराष्ट्र सरकार में समझौता

मुंबई। औद्योगिक विकास और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते समूहों में से एक जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने आज यहां महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में घोषित इस महत्वाकांक्षी साझेदारी के तहत जेएसडब्ल्यू ग्रुप महाराष्ट्र राज्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जिससे राज्य की भारत के अग्रणी औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थिति और मजबूत होगी। इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य हज़ारों नौकरियाँ पैदा करना, औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ाना और सतत आर्थिक विकास में योगदान देना है। समझौता ज्ञापन के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार मंज़ूरी में तेज़ी लाकर, वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके और राज्य की नीतियों के अनुसार भूमि, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी ढाँचे की उपलब्धता सुनिश्चित करके निवेश की सुविधा प्रदान

करेगी। इस अवसर पर बोलते हुए, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ञ्जमहाराष्ट्र में स्टील, सोलर, ऑटो और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विविध निवेश वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना, गढ़िचरौली को भारत के 'स्टील सिटी' के रूप में विकसित करने के हमारे दृष्टिकोण को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेएसडब्ल्यू की महाराष्ट्र के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों और स्थिरता पर उनका ध्यान शामिल है, हमारे राज्य की क्षमता में उनके विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि यह सहयोग औद्योगिक और आर्थिक महाशक्ति के रूप में महाराष्ट्र की स्थिति को और मजबूत करेगा, हमारे लोगों के लिए नवाचार, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक समृद्धि को बढ़ावा देगा। जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष श्री सज्जन जिंदल ने कहा, यह समझौता ज्ञापन महाराष्ट्र के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, एक ऐसा राज्य जो जेएसडब्ल्यू समूह की विकास और नवाचार की यात्रा में महत्वपूर्ण रहा है।

पेज एक का शेष

योगी ने महाकुम्भ...

प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्पष्ट मंशा है कि राज्य में उन कंपनियों के विकास को बढ़ावा दिया जाए जो ए एंड डी में भारत की आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण का समर्थन करती हो। इस नीति के जरिए ए एंड डी सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सॉफ्टवेयर विकास केंद्र को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। नीति के अंतर्गत अगले पांच साल में 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने के साथ ही 1 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। इस नीति के अंतर्गत ए एंड डी सेक्टर की यूनिट्स को फ्रंट एंड सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी, स्टैम्प ड्यूटी एग्जम्पशन और कैपिटल सब्सिडी भी दी जाएगी। साथ ही परिवहन शुल्क पर छूट जैसी सुविधाएं भी योगी सरकार प्रदान करेगी। यही नहीं महिला उद्यमियों को इस नीति के जरिए बड़ी राहत दी जाएगी। बता दें कि रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में 2025-26 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा उत्पादन को दोगुना करके 25 बिलियन यूएस डॉलर और निर्यात को 5 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसा आंकलन है कि 2047 तक एयरोस्पेस तथा रक्षा विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत का योगदान होगा। इसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय की ओर से देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित किये गये हैं। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना के लिए 166 बेड के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित करने तथा जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेटेलाइट सेन्टर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने को भी मंजूरी मिली। आम जनमानस को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेन्टर को मेडिकल कालेज में परिवर्तित कर उसके संचालन के लिए एमसीआई/एनएमसी मानकों के दृष्टिगत 1394 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जा चुका है। योगी सरकार ने एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति 2023 में अनुमन्य फ्रंड एंड लैंड सब्सिडी के तहत मेसर्स अशोक लीलेंड लि. को आवंटित भूमि पर यूपीसीडा को देय सब्सिडी के भुगतान की भी मंजूरी प्रदान की। सब्सिडी भुगतान के संबंध में इम्पावर्ड कमेटी द्वारा 27 सितंबर की संस्तुति पर अनुमोदन किया गया है। एफडीआई नीति 2023 के अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा अशोक लीलेंड को दी गई भूमि की लागत का 75 प्रतिशत यानी 106.51 करोड़ यूपीसीडा को देय है। इस भुगतान के लिए इम्पावर्ड कमेटी द्वारा संस्तुति प्रदान की गई है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत आरंभ में सुविधा की शुरुआत 2500 बस प्रति वर्ष की क्षमता से किया जाएगा। इस सुविधा में एक एक्सीलेंस सेंटर भी सम्मिलित होगा। इसमें लगभग 186 करोड़ रुपए का व्यय होगा।

योगी मंत्रिमंडल ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उत्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (एचएलईसी) की अगस्त और सितंबर 2024 को संपन्न बैठक में की गई संस्तुतियों पर भी अनुमोदन प्रदान किया। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों के लिए विशेष सुविधाएं और रियायतें दिए जाने का प्राविधान किया गया है। इसके तहत त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लि. मुरादाबाद को पूंजीगत सब्सिडी के रूप में 250 करोड़ तथा गैलेंट इस्पात लि. मिर्ज़ापुर को एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में 10,749 करोड़ रुपए प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण के लिए योगी सरकार 25 लाख स्मार्टफोन क्रय करेगी। इसके लिए अन्तिम बिड डाक्यूमेंट पर अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। यह योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4000 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाए जाने के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए जाने की यह एक अभिनव योजना है। प्रस्ताव पर अनुमोदन से प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं आईटीआई में पंजीकृत कुशल युवावर्ग तकनीकी रूप से सशक्त बनेंगे।

प्रदेश के असेवित जनपद हाथरस, बागपत एवं कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फण्डिंग के अन्तर्गत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर मेडिकल कालेज संचालित करने के लिए सफल निविदादाता के चयन को मंजूरी मिल गई। प्राप्त निविदाओं के तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन के बाद न्यूनतम निविदादाता के रूप में जनपद-हाथरस में राजश्री एजूकेशनल ट्रस्ट, जनपद-कासगंज में राजश्री एजुकेशनल ट्रस्ट एवं जनपद-बागपत में जयपाल सिंह शर्मा ट्रस्ट को न्यूनतम निविदादाता (एल-1 बिडर) के रूप में उपयुक्त पाया गया। योजना के तहत सरकार की प्राथमिकता उन जिलों में मेडिकल कालेज खोलने की है, जहां शासकीय अथवा निजी क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी मेडिकल कालेज स्थापित नहीं है। इसी क्रम में प्रदेश के असेवित जनपदों में पीपीपी मोड के अन्तर्गत मेडिकल कालेज की स्थापना करने के संबंध में नीति निर्गत की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ...

मोटरबोट के माध्यम से संगम पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार और हवन के साथ स्नान संपन्न किया। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्रियों और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्रियों ने विधिवत संगम में स्नान और पूजन किया।

महाकुम्भ और सनातन संस्कृति का वैश्विक संदेश

यत्र गङ्गा च यमुना, सरस्वती च पुण्यदा

स्नानेन तत्र तीर्थे, मोक्षः स्यात् सुखमात्मनः

अर्थात जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है, वहां स्नान करने से आत्मा को मोक्ष और शांति मिलती है। समस्त मंत्रिमंडल ने इसी आध्यात्मिक अनुभूति के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान कर पूरी दुनिया को संदेश दिया। यह न केवल आस्था और विश्वास का प्रतीक बना, बल्कि जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करने का भी अवसर बनकर सामने आया। यह आयोजन सनातन धर्म के मूल्यों को स्थापित करते हुए समाज में शांति, समृद्धि और समर्पण का संदेश देता है। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ धार्मिक परंपरा के पालन का, बल्कि लोककल्याण और विश्वशांति का भी संदेश दिया गया।

पैसेंजर्स कूदे, दूसरे ...

प्रशासन रेलवे प्रशासन के साथ काम कर रहा है। घायलों के लिए 8 एम्बुलेंस भेजी गई हैं। ग्लास कटर, फ्लडलाइट आदि जैसे इमरजेंसी इक्विपमेंट भी तैयार हैं। मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस में यात्रियों ने रेलवे की चेन खींच दी थी। तभी कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर दूसरी पटरी पर खड़े हो गए। उन यात्रियों को दूसरी दिशा से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। यह रेलगाड़ी बैंगलुरु से दिल्ली जा रही थी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि इस घटना में 7 से 8 यात्री घायल हुए हैं। इस मामले में स्थानीय अस्पताल और प्रशासन की मदद ली जा रही है। इसके अलावा भुसावल रेलवे स्टेशन से एक आपातकालीन ट्रेन भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। भुसावल डिविजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिस जगह पर घटना हुई, वहां पर तीखा मोड़ था, इसलिए ट्रैक पर मौजूद यात्रियों को पता ही नहीं चला कि ट्रेन आ रही है। घटना के बाद रेल अधिकारियों ने पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन को पाचोरा स्टेशन पर भेजने का निर्देश दिया। ताजा जानकारी के मुताबिक ट्रेन पाचोरा पहुंच चुकी है। वहां रेलवे की मेडिकल टीम यात्रियों को अटेंड कर रही है। ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने बताया कि घटना करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच की है। ट्रेन में अचानक अफवाह फैली कि हमारी ट्रेन में आग लग गई है। इसके बाद कुछ लोग ट्रेन से कूद गए। उसी समय सामने से कर्नाटक एक्सप्रेस आ रही थी। ट्रेन 30 से 35 लोगों को कुचल दिया। घटना में कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल हो गए। जब यात्री ट्रैक पर थे तो आने वाली कर्नाटक एक्सप्रेस ने अपना हॉर्न भी नहीं बजाया। उन्होंने कहा, अगर कर्नाटक एक्सप्रेस ने हॉर्न बजाया होता तो यात्री सतर्क हो जाते। सीनियर रेलवे अधिकारी ने बताया, ''शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच में स्पार्क हुआ था। ये स्पार्क गरम एक्सेल या ब्रेक बाइंडिंग के चलते हुआ। कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच ली और इसके बाद कुछ लोग ट्रेन के कूद गए। इसी वक्त दूसरे ट्रेक से कर्नाटक संपर्क क्रांति आ गई। सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है, उनके पहुंचने के बाद ज्यादा जानकारी सामने आ पाएगी। जलगांव सांसद स्मिता वाघ का कहना है, डीआरएम और कलेक्टर से बात हुई है। डॉक्टर की टीम भेजी है। मैं भी पहुंच रही हूं। शुरुआत में तो यही बताया जा रहा है कि आग की अफवाह के बाद लोगों ने पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन से छलांग लगाई। दूसरे ट्रैक पर कर्नाटक एक्सप्रेस आ गई।

जूट का न्यनतम समर्थन...

करने के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है और ऐसे संचालन में होने वाले नुकसान, यदि कोई हो, की पूरी भरपाई केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

प्रशिक्षु डाक्टर...

ने मामलों की प्राथमिकता के बारे में भी बताया। हम आम तौर पर 20 (मामलों) की सुनवाई नहीं करते हैं। हम पहले 20 और नए सूचीबद्ध मामलों को पढ़ते हैं। इस मामले को पूरक सूची में मामला संख्या 42 के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। कोलकाता के सत्र न्यायालय ने 20 जनवरी को इस मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (दुष्कर्म), 66 (मृत्यु के लिए चोट पहुंचाना) और 103 (1) (हत्या) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उसे 18 जनवरी को दोषी ठहराया गया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले 13 अगस्त को कोलकाता पुलिस की जांच से असंतुष्ट होने का हवाला देते हुए जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। शीर्ष अदालत ने 19 अगस्त को मामले का स्वतः संज्ञान लिया। अक्टूबर तक सीबीआई ने रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, जिन्हें कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों की सिफारिश करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इन सिफारिशों पर प्रतिक्रिया देने को कहा गया है। एनटीएफ को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए 12 सप्ताह का समय दिया गया है। एम्स को कुछ डॉक्टरों की याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि उनके विरोध की अवधि को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई पूर्व राहत के अनुरूप ड्यूटी से अलग रहने के रूप में नहीं माना जाए। जूनियर और सीनियर डॉक्टरों के संघ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने मामले का उल्लेख किया और इसकी तात्कालिकता पर जोर दिया। गौरतलब है कि आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले को शीर्ष न्यायालय ने स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा और संस्थागत सुरक्षा में जवाबदेही से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों के कारण इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था।

न्यायपालिका को ...

बन सकते हैं। संसद में व्हिप की व्यवस्था पर सवाल करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, व्हिप क्यों होना चाहिए? व्हिप का मतलब है कि आप अपने प्रतिनिधि की अभिव्यक्ति को सीमित कर रहे हैं, आप उसकी स्वतंत्रता को सीमित कर रहे हैं, आप अपने प्रतिनिधि को दासत्व की स्थिति में डाल रहे हैं। आप ऐसे व्यक्ति को अपनी मर्जी से सोचने का अवसर नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोकतंत्र को बढ़ावा देना चाहिए। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, लेकिन व्हिप इस रास्ते में बाधा है। संसद संचालन में बाधाओं का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि जो कभी लोकतंत्र का मंदिर था, अब वह अखाड़ा बन गया है। यह एक युद्ध भूमि बन गई है। लोग 'मर्यादा' शब्द को भूल चुके हैं और 'गरिमा' का कोई अर्थ नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि सदन में अराजकता, विघटन और व्यवधान सुनियोजित तरीके से संचालित होते हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि यह दिन संसद या विधानमंडल में विफलता का दिन होगा। युवाओं से जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, ञ्जयुवा संसद, संस्थाओं, उनके कार्य और सांसदों के प्रदर्शन का परीक्षण करने की स्थिति में हैं। राजनीति में प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता है। हमें ऐसे प्रशिक्षित लोग चाहिए जो राजनीति को समझते हों। सरकार को जिम्मेदार ठहराना आसान नहीं है। सरकार को जिम्मेदार ठहराने का एकमात्र तरीका विधानमंडल के मंच के माध्यम से है।

देश की असली...

क्लास को पहचानें। आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मिडिल क्लास की आवाज बनेंगे। उनकी आवाज उठाएंगे और उनके मुद्दों को उठाएंगे। आप नेता ने केंद्र सरकार से सात माँग करते हुए कहा कि शिक्षा का बजट दो फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी किया जाए और पूरे देश में प्राइवेट स्कूलों की फीस पर लगाम लगाई जाए। उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी और स्कॉलरशिप दी जाए। स्वास्थ्य का बजट भी बढ़ाकर 10 फीसदी किया जाए और हेल्थ इंश्योरेंस से टैक्स हटाया जाए। आयकर छूट की सीमा को सात लाख से बढ़ाकर कम से कम 10 लाख किया जाए। आवश्यक वस्तुओं के ऊपर से जीएसटी खत्म किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए मजबूत रिटायरमेंट प्लान और पेंशन की योजना बनाई जाए और देशभर में सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में सीनियर सिटीजन को मुफ्त और अच्छा इलाज दिया जाए। बुजुर्गों को पहले रेलवे में 50 फीसदी छूट मिलती थी जो बंद कर दिया गया, उसे दोबारा चालू किया जाए। श्री केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने कहा है कि पंजाबी गणतंत्र दिवस पर देश की सुरक्षा के लिए ख़तरा हैं। क्या सारे पंजाबी आतंकवादी और देशद्रोही हैं? दिल्ली में रह रहे लाखों पंजाबियों के परिवारों और उनके पूर्वजों ने देश के लिए न जाने कितनी क़ुर्बानियां दीं और यातनाएं सही हैं। भाजपा के नेता आज जो कह रहे हैं, इससे वो पंजाबियों की शहादत और क़ुर्बानी का अपमान कर रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा को इसके लिए सभी पंजाबियों से माफ़ी मांगनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, दिल्ली में लाखों पंजाबी रहते हैं, जिनके परिवारों और उनके पूर्वजों ने देश के लिए न जाने कितनी क़ुर्बानियां दी हैं। दिल्ली में लाखों पंजाबी रिफ़्यूजी भी रहते हैं जो बंटवारे के मुश्किल दौर में सब कुछ छोड़कर दिल्ली आ कर बसे थे। इनके परिवार ने भी अनगिनत यातनाएं सही हैं। भाजपा के नेता आज जो कह रहे हैं, इससे वो उनकी शहादत और क़ुर्बानी का अपमान कर रहे हैं। यह बयान सुनकर मुझे बहुत पीड़ा हुई। दिल्ली को पंजाबियों ने सवारा है।

महाकुम्भ में सुधांशु महाराज का विशेष आध्यात्मिक शिवर और सत्संग शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सुधांशुजी महाराज ने कहा कि ल्लमहाकुम्भ एक दुर्लभ खगोलीय घटना है जो आत्म जागृति और मोक्ष प्राप्ति का अनुपम अवसर प्रदान करती है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने महाकुम्भ के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के अतुलनीय प्रयास किए हैं।

बुधवार को सुधांशु महाराज ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि महाकुम्भ मेला में एक विशेष आध्यात्मिक शिवर का आयोजन किया गया है। उक्त सत्संग शिविर में 25 जनवरी तक और 4 से 9 फरवरी तक प्लॉट नंबर 46 सेक्टर 6 नागवासुकी रोड पर आयोजित है। यह शिविर उन सभी श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए खुला है जो इस महाकुम्भ की

आध्यात्मिक यात्रा में अपने जीवन को पावन और आनंदमय बनाना चाहते हैं।

इस आध्यात्मिक शिविर का मुख्य उद्देश्य महाकुम्भ में आए भक्तों को आत्मशुद्धि से जोड़ना है। शिविर में आने वाले सभी श्रद्धालु महाकुम्भ में संगम स्नान के साथ साथ अनेक आध्यात्मिक गतिविधियों में भी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सृष्टि का एकमात्र ऐसा पर्व है जहां विभिन्न देवताओं के अनुयायी एकत्रित होकर सनातन धर्म की शक्ति और गौरव का आभास करते हैं। प्रयागराज के इस महाकुम्भ के दौरान मानव सेवा के प्रति

महाकुम्भ एक दुर्लभ खगोलीय घटना : सुधांशु जी महाराज

अपनी अटूट श्रद्धा को दर्शाते हुए सुधांशु महाराज द्वारा शिविर में भंडारा, जरूरतमंद को कम्बल वितरण और जीवों के प्रति सम्मान दर्शन हेतु गौ पूजन का भी आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों की विशिष्ट व्यवस्था और समर्पण की सराहना करते हुए सुधांशु जी महाराज ने इस आयोजन को उत्कृष्ट बताया। अंत में उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि यह धार्मिक और सामाजिक संवेदनाओं का मेला है। जिसमें दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच कर महाकुम्भ की इस दिव्यता का आभास कर रहे हैं। महाकुम्भ हज़ारों वर्षों से भारत की सनातन परम्पराओं और विश्वास की अद्वितीय शक्ति को दर्शाता हुआ एक प्रतीक रहा है।

एआई चैटबॉट का नया अवतार बताएगा एक किमी दायरे की पार्किंग, फूड कोर्ट और अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर । महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को अब किसी भी सुविधा और जानकारी के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चैटबॉट का नया अवतार आ गया है। इसके अलावा इसमें तीन नए फीचर भी बढ़ाए गए हैं। एआई आधारित चैटबॉट श्रद्धालुओं को उनके एक किमी दायरे में पार्किंग, फूड कोर्ट और अस्पताल की सटीक जानकारी उपलब्ध कराएगा। एआई चैटबॉट न केवल श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की सम्पूर्ण मैपिंग दिखाएगा, बल्कि हर सेक्टर की विशेष जानकारी और गूगल मैप लिंक भी प्रदान करेगा। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि इस चैटबॉट के जरिए लोग पार्किंग, ट्रांसपोर्ट, बैंकिंग, पब्लिक वॉटर एटीएम और अन्य सुविधाओं की जानकारी सेकेंडों में पा सकते हैं। चैटबॉट के जरिए श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार रियल

तीन नए फीचर के साथ दिखेगी महाकुम्भ की सटीक मैपिंग, हर सेक्टर एरिया के बारे में समझाएगा एआई चैटबॉट

रियल टाइम पीडीएफ तैयार कर सुविधा का संक्षिप्त विवरण और गूगल मैप लिंक श्रद्धालुओं के साथ साझा होंगे

टाइम पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं, जिसमें शौचालय, खोया-पाया केंद्र, प्रदर्शनियां और अन्य उपयोगी स्थानों की जानकारी होगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी सीधे आपके मोबाइल पर आ जाएगी। अब तक लाखों श्रद्धालु इस एआई चैटबॉट का उपयोग कर चुके हैं। इसके प्रभावी और आसान उपयोग से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को व्यापक सहूलियत मिल रही है।

दिल्ली/बिहार/पंजाब

प्रावि आदिवासी टोला माधुरा में आमसभा में अनुपस्थित बच्चों को स्कूल से जोड़ने पर बनी आम सहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में बुधवार को आमसभा हुई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सोरेन ने की।वही कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रिंकू कुमार पासवान ने किया। मौके पर प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य गणतंत्र दिवस पर चर्चा, विद्यालय विधि व्यवस्था,एमडीएम विषय पर चर्चा, सहित यू डाइस और अपार आईडी पर फोकस करना रहा। वहीं सहायक शिक्षक ने अपार आईडी के कई फायदे के बारे में विशेष रूप से जानकारी दिया। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सोरेन ने कहा कि जो बच्चे लगातार विद्यालय नही आते है, वैसे बच्चों को स्कूल की मुख्य धारा से जोड़ना है।

वही जिन माता पिता का आधार कार्ड से खाता लिंक नही है,वे जल्द लिंक करवा ले ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर सेविका मीना टुडू, वार्ड सदस्य रामू सोरेन, सचिव सुशीला देवी ने भी अपने अपने विचार रखे।

तैयारी धरी की धरी रह गई और सुन्दरनाधाम नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के क्रम में आज बुधवार को सड़क मार्ग से अररिया पहुंचे। अररिया के रानीगंज प्रखंड के हांसा और छतियौना पंचायत में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजनाओं, जल जीवन हरियाली के अंतर्गत बलुआ तालाब के निरीक्षण के साथ प्लस टू राजकीय रामानुजन उच्च विद्यालय में खेल के मैदान रोबोटिक्स लब का अवलोकन आदि किया और जिले को नई सौगात भी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुर्साकांटा के सुंदरनाथ धाम मंदिर भी जाना था जहां पिछले 15 दिनों से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी की जा रही थी।मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर करोड़ों रूपये मंदिर के रंग रोगन, तालाब के जीर्णोद्धार के साथ अन्य कार्य किए गए। सुबह से ही बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय

लोगों में काफी उत्सुकता थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर के बाहर सुबह से ही डटे थे। लेकिन अचानक दोपहर बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में फ़ेरबदल हुआ और सुंदरनाथ धाम मंदिर का सीएम का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के रद्द होने से ग्रामीणों में मायूसी छा गई। वहीं सुबह से ही सुरक्षा में और तैयारी में लगे प्रशासकीय और पुलिस अधिकारी को जब मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के रद्द हो जाने की सूचना मिली तो वे वहां से निकल चले। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ-साथ एसएसबी के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।जानकारी मिलने के बाद वे भी अचानक शांत हो गए। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के रद्द होने पर ग्रामीणों में काफी मायूसी देखी गई। ग्रामीण ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि उनलोगों को अपेक्षा थी कि मुख्यमंत्री के आगमन पर सुंदरनाथधाम मंदिर में सावन और महाशिवरात्रि में लगने वाले मेले को राजकीय मेला का दर्जा मिल सकता है। साथ ही पर्यटन विभाग की ओर से इन्हें और अधिक विकसित किया जा सकता है। वहीं पप्पू मंडल ने बताया कि उनलोगों को यह आशा थी कि सुंदरनाथधाम मंदिर को धार्मिक सर्किट से जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक प्रयास किया जाएगा।लेकिन कार्यक्रम रद्द होने से उन्हें निराशा हाथ लगी। सीएम के कार्यक्रम के रद्द होने पर मंदिर प्रबंधन कमेटी के सदस्यों में भी मायूसी देखी गई। कमेटी के सदस्य हेरम कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कमेटी काफी आशान्वित थे,लेकिन मौसम के बदले रुख के कारण निराशा तो हाथ लगी, लेकिन कमिटी मंदिर के विकास को लेकर हताश नहीं हुए है।

जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नालंदा, बिहारशरीफ । जिला मुख्यालय स्थित नियामतनगर में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण परिषद, बिहार के चेयरमैन जयराम कुमार ने बुधवार को रविकांत प्रसाद की बेटी के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर एक अनूठी मिसाल पेश की। इस कार्यक्रम में फलदार और छायादार पौधों का भी वितरण किया गया। जयराम कुमार ने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा बनाया जाए। कार्यक्रम के दौरान जयराम कुमार ने कहा कि वृक्ष हमें न केवल छाया और फल प्रदान करते हैं, बल्कि ऑक्सीजन भी देते हैं। पेड़ों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने पेड़ काटने वालों के खिलाफ अभियान चलाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर रविकांत प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार कि कार्यक्रम से समाज में जागरूकता लाने में मदद मिलती है।

पंजाब में आम आदमी क्लीनिक अब होंगे आयुष्मान अरोग्य केंद्र

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी क्लीनिक खोलने के नाम पर बैकफुट पर आ गई है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद सरकार ने आम आदमी क्लीनिक के बोर्ड उतारने शुरू कर दिए हैं। अब यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान अरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। पंजाब के शहरी क्षेत्रों में 242 आम आदमी क्लीनिक और 2889 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (2403) सब सेंटर और 266 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बोर्ड उतारने का काम लुधियाना जिले से बुधवार को शुरू हो गया। पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इन केंद्रों के नाम बदलने शुरू कर दिए हैं। लुधियाना में 94 में से 65 आम आदमी क्लीनिक अब आयुष्मान आरोग्य केंद्र के नाम से जाने जाएंगे। इन क्लीनिकों पर नए बोर्ड लगाए गए हैं। इन क्लीनिकों से सीएम भगवंत सिंह मान की फोटो भी हटा दी गई है।

प्रगति यात्रा: मुख्यमंत्री ने अररिया में 304 करोड़ 66 लाख की राशि के 449 योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। सीमांचल में तीन दिनों से पड़ रहे कुहासे के साथ सर्द शीतलहर का असर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा पर भी पड़ा।कुहासे के कारण आज मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से काफिला के साथ पटना से अररिया पहुंचे।मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से आने वाले थे। इसे लेकर रानीगंज के हांसा,अररिया कॉलेज और कुर्साकांटा के डुमरिया में हेलीपैड का निर्माण भी किया गया थालेकिन कुहासे के कारण मुख्यमंत्री पटना से हेलीकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग से प्रगति यात्रा को लेकर अररिया पहुंचे।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी,उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित सभी विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री का काफिला रानीगंज के हांसा पंचायत के बलुआ तालाब पहुंचे,जहां चारों किनारे लगे सैकड़ों पेड़ और उनकी सुंदरता को लेकर सीएम ने अधिकारियों को उन्हें सुंदर और विकसित करने के कई निर्देश दिए।सीएम ने अपने सहयोगी मंत्रियों और अधिकारियों के साथ जल जीवन हरियाली के अंतर्गत बलुआ तालाब का निरीक्षण करने के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा जिला में चल रहे विकास कार्यों से संबंधित स्टालों का जायजा लिया।मुख्यमंत्री का काफिला इसके बाद प्लस टू राजकीयकृत रामानुग्रह उच्च विद्यालय पहुंचा,जहां सीएम ने खेल के मैदान,नेचर क्लास रूम,रोबोटिक्स लैब का अवलोकन करने के साथ एचडब्लूसी का उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री ने जिले में 304 करोड़ 66 लाख की राशि का 449 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

सीएम ने जहां 159 करोड़ 15 लाख 4 हजार की लागत राशि से निर्मित 404 योजनाओं का उद्घाटन किया। सीएम ने 127 करोड़ 55 लाख 18 हजार रूपये की लागत राशि के 45 योजनाओं का शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री की ओर से उदघाटन और शिलान्यास के लिए कुल 103 शिलापट्ट लगाया गया था।मुख्यमंत्री रानीगंज के छतियौना पंचायत में सात निश्चय योजना के अंतर्गत नल जल,नाली गली,योजनाओं का निरीक्षण,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच योजना का लाभ प्रदान किया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जीविका दीदियों के साथ सीधा संवाद भी किया और योजनाओं से बदली जिंदगी और भविष्य को लेकर योजनाओं को लेकर जानकारियां भी दी।जीविका दीदियों से भी संवाद के क्रम में मुख्यमंत्री ने सुझाव लिया। सड़क मार्ग से आने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित किया गया।बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस बलों और अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में लगाया गया।वहीं सड़क मार्ग से आने के कारण सड़क के दोनों किनारे मुख्यमंत्री के दर्शन के लिए लोगों की भारी हुजूम खड़ा था।जिसे संभालने में सुरक्षाकर्मियों और आधिकारियों के पसीने छूटते रहे।

लुधियाना में फैक्टरी मालिक ने मां-बेटियों का मुंह काला करके घुमाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़ । पंजाब के लुधियाना में एक फैक्टरी मालिक ने चोरी के आरोप में एक महिला, उसकी तीन बेटियों और एक युवक का मुंह काला करके घुमाए जाने का घिनौना मामला सामने आया है। उद्योग मालिक ने पांचों के गले में मैं चोर हूं की तख्तियां भी लटकाई। इस घटनाक्रम का कई लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और कार्रवाई शुरू कर दी है। लुधियाना के एकजोत नगर में दीप क्लेक्शन नाम से पलविंद्र की कपड़ा फैक्टरी है। उनकी फैक्टरी में काम करने वाली एक महिला, उसकी 3 बेटियों और एक युवक समेत पांच लोगों को कपड़ा चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया था। मालिक ने सीसीटीवी फुटेज देखकर पांचों को बुलाकर कहा कि कई दिन से फैक्टरी से कपड़ा चोरी हो रहा है। यह चोरी उनके द्वारा की जा रही है। इसके बाद वहां हंगामा होने लगा। मालिक ने पुलिस को सूचना न देकर स्याही मंगवाई और पांचों का मुंह काला कर दिया। इसके बाद तख्ती पर 'मैं चोर हूं, मैं अपना गुनाह मान रही हूं' लिखकर पांचों के गले में पहना दी। तख्ती में पांचों का नाम भी लिखे गए। इसके बाद सभी को पूरे मोहल्ले में घुमाया गया। इसी बीच किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी और पुलिस मौके पर भी पहुंची। फैक्टरी मालिक पलविंद्र के अनुसार उनके यहां चोरी की घटनाएं हो रही थी। जिसमें उक्त महिला, उसकी बेटियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। अन्य कर्मचारियों और आसपास के लोगों की राय लेकर ही उनके मुंह काला कर उन्हें घुमाया गया है।

कांग्रेस का केजरीवाल पर निशाना, दिल्ली सरकार पर लगाया हेल्थ सेक्टर में 382 करोड़ के घोटाले का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार के हेल्थ मॉडल पर गंभीर सवाल उठाया। पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने हेल्थ सेक्टर में 382 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट का हवाला देते हुए आआपा राज में हुए भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों को उजागर किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, जो सीएजी रिपोर्ट के आधार पर पहले अपनी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते थे, वो इस समय खुद बुरी तरह फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सीएजी की 14 रिपोर्टें हैं, जिनमें केजरीवाल सरकार पर

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। हालांकि, वो रिपोर्टें सार्वजनिक नहीं की गई हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि केजरीवाल बताएं कि हेल्थ सेक्टर में 382 करोड़ रुपये के घोटाले कैसे हुए? माकन ने कहा कि पिछले एक दशक में दिल्ली में सिर्फ तीन अस्पताल बने हैं। हालांकि, इनकी शुरुआत कांग्रेस राज में ही हुई थी। उन्होंने कहा कि इन्हें बनने में अधिक समय लगने की वजह से इनकी लागत में भी इजाफा हुआ। सीएजी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2016-17 से लेकर 2021-22 तक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में जितने पैसे मिले, उनमें से 2,623 करोड़ रुपये लैप्स हो गए। कोरोना के दौरान केजरीवाल सरकार को केंद्र से 635 करोड़ रुपये मिले, जिसमें से ये 360 करोड़ रुपये खर्च नहीं कर पाए, जबकि उस समय दिल्ली में लोग ऑक्सीजन और बेड के लिए तरस रहे थे। आआपा ने चार अलग-अलग बजट में कहा कि हम दिल्ली में 32 हजार बेड के अस्पताल बनाएंगे, लेकिन सिर्फ 1,235 बेड के अस्पताल बनाए। इसीलिए केजरीवाल नहीं चाहते हैं कि सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली की जनता के सामने आए। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि दिल्ली में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल चाचा नेहरू बाल चिकित्सा अस्पताल में सर्जरी के लिए 12 महीने का इंतजार करना पड़ता है। आईसीयू में महत्वपूर्ण उपकरण काम नहीं करते। दिल्ली के 27 अस्पतालों में से 14 में आईसीयू सेवाएं नहीं हैं। 16 अस्पतालों में ब्लड बैंक नहीं हैं, 8 में ऑक्सीजन सेवाएं नहीं हैं, 15 में शवगृह (मोर्चरी) सेवाएं नहीं हैं और 12 में एम्बुलेंस सेवाएं नहीं हैं। कैट एम्बुलेंस में महत्वपूर्ण उपकरण जैसे कार्डिएक मॉनिटर, ट्रांसपोर्ट वेंटीलेटर, ग्लूकोमीटर, व्हीलचेयर, बीपी ऑपरेटर, स्टेथोस्कोप, पोर्टेबल ऑक्सीजन, डिलीवरी किट नहीं नहीं हैं, यानि कैट एम्बुलेंस शव वाहन के समान हैं।

ब्लैकबेरीज शोरूम का फारबिसगंज में हुआ शुभारम्भ

अररिया। बड़े शहरों के बाद छोटे शहरों में बड़ी बड़ी कंपनियां बाजार तलाशते हुए पहल शुरू कर दी है।अब नमी गिरामी कंपनियां अपना आउटलेट छोटे शहरों में भी देने लगी है।इसी कड़ी में फारबिसगंज में रेमंड,किलर,ड्यूक,मोंटी कार्लो जैसे शोरूम के बाद अब ब्लैकबेरीज कंपनी का आउटलेट का शुभारम्भ किया गया। फारबिसगंज राम मनोहर लोहिया पथ स्थित पुराने बस स्टैंड के पास शोरूम का शुभारम्भ प्रोपराइटर शशि झा और मैनेजर सचिन सुमन ने किया।पहले बड़े बड़े ब्रांडों के कपड़े एक ही दुकान के अंदर मिल रहे थे,जिसके ओरिजिनल को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे थे।लेकिन अब अलग अलग कंपनी की एक्सक्लूसिव आउटलेट खुलने से ग्राहकों को ठगी का शिकार होने की शंका मिटने लगी है। इसके अलावे नामी गिरामी इन आउटलेट में पर्व त्यौहार के साथ अन्य सीजन में कई तरह के ऑफर आने से ग्राहक बड़ी संख्या में बड़े बड़े आउटलेट की ओर उन्मुख लेने लगे हैं। ब्लैकबेरीज के शुभारंभ के मौके पर प्रोपराइटर शशि झा और मैनेजर सचिन सुमन ने कहा कि फारबिसगंज का बाजार समृद्ध है और ब्रांडेड कपड़ों के शौकीनों की कमी नहीं है। ग्राहकों के डिमांड पर शोरूम का शुभारंभ किया गया है,जहां अत्याधुनिक डिजाइन के साथ लेटेस्ट मॉडल ग्राहकों को मिलेंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063